आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 30°C | 15°C |

इनसाइड न्यूज

बोर्ड परीक्षा व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने जिलाधिकारी विशाख...

उत्तर प्रदेश पेज: 08

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



मंगलवार 04 मार्च, 2025 | पेज: 12 | मूल्य: ₹3.00/- | लखनऊ | वर्ष: 16, अंक: 141 | www.janexpresslive.com/epaper


औरंगजेब को 'अच्छा आदमी' बताने पर... 12

ansal API

Building Lifestyles since 1967

## अंसल प्रॉपर्टीज़ का भरोसा – कानूनी प्रक्रिया में जीत हमारी होगी, नकारात्मक खबरों पर ध्यान न दें"

SUSHANT GOLF CITY

HI-TECH TOWNSHIP, LUCKNOW

# सार्वजनिक घोषणा

**प्रिय ग्राहकों, निवेशकों, सम्मानित नागरिकों एवं हमारे मूल्यवान व्यापारिक सहयोगियों (ब्रोकर्स), मैं, प्रणव अंसल, अंसल प्रॉपर्टीज़ एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड का चेयरमैन एवं सुशांत गोल्फ सिटी, लखनऊ परियोजना का प्रमोटर, आप सभी को एक महत्वपूर्ण सूचना देना चाहता हूँ।**

**हमने पहले भी चुनौतियों का सामना किया है और हर बार आपकी उम्मीदों, हमारे समर्पण और आप सभी के समर्थन की बदौलत सफलतापूर्वक उन परिस्थितियों से बाहर निकले हैं। इस बार भी, हम पूरी प्रतिबद्धता और दृढ़ संकल्प के साथ इस स्थिति से बाहर निकलेंगे और आपके सपनों को साकार करने का हमारा वादा अटूट रहेगा।**

**✨आपका विश्वास, हमारी ताकत है!✨**

**हाल ही में नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल. (NCLT) द्वारा जारी आदेश के तहत हमारी कंपनी पर NCLT प्रक्रिया लागू की गई है। यह एक कानूनी प्रक्रिया है, और हम इस आदेश के खिलाफ शीघ्र ही NCLAT में अपील दायर करेंगे, ताकि आपके निवेश और हमारी परियोजना को सुरक्षित रखा जा सके।**

**हम पूरी मजबूती से इस चुनौती का सामना कर रहे हैं और सभी कानूनी विकल्पों को सक्रिय रूप से अपना रहे हैं। हमारी टीम इस पर पूरी तरह से काम कर रही है, और हम इस परियोजना को अपने वादों के अनुसार सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।**

**हमारे प्रिय व्यापारिक सहयोगी (ब्रोकर्स) – आपका समर्थन हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है!**

**आप हमेशा से हमारे परिवार का अभिन्न हिस्सा रहे हैं। हमारी परियोजनाओं की सफलता में आपकी भूमिका अमूल्य रही है। आज इस चुनौतीपूर्ण समय में, हम आप से वैसे ही सहयोग और समर्थन की अपेक्षा रखते हैं, जैसे आप ने हमेशा दिया है। हम आप से अनुरोध करते हैं कि बाजार में किसी भी अफवाह या गलत जानकारी से बचें और ग्राहकों को सही एवं सटीक जानकारी प्रदान करें।**

**हम आपके साथ मिलकर इस स्थिति से उबरेंगे और पहले से भी अधिक मज़बूती के साथ आगे बढ़ेंगे। आपका सहयोग हमें इस कठिन दौर से निकलने में मदद करेगा और हमारे साझा लक्ष्य – सुशांत गोल्फ सिटी, लखनऊ को एक सफल और शानदार प्रोजेक्ट बनाने को पूरा करने में सहायक होगा।**

**हाल के दिनों में कुछ भ्रामक और नकारात्मक खबरें फैलाई जा रही हैं, हम इन नकारात्मक प्रचारों की कड़ी निंदा करते हैं |**

**हम पूरी पारदर्शिता के साथ काम कर रहे हैं और हर स्थिति में अपने ग्राहकों और सहयोगियों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं।**

**हम आप सभी से अपील करते हैं कि अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल हमारी आधिकारिक घोषणाओं पर भरोसा करें।**

**आपकी संपत्तियाँ, आपके सपने – हमारी ज़िम्मेदारी!**

**आपके सहयोग, विश्वास और समर्थन के लिए हम दिल से आभारी हैं। हम इस परिस्थिति का समाधान निकालने के लिए पूरी तरह समर्पित हैं और आपको हर महत्वपूर्ण जानकारी से समय-समय पर अवगत कराते रहेंगे।**

**हम एक परिवार की तरह हैं – और हम मिलकर इस चुनौती को भी पार करेंगे!**
**धन्यवाद एवं शुभकामनाएँ!**

Pranav Ansal

**श्री प्रणव अंसल**
**चेयरमैन, अंसल प्रॉपर्टीज़ एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड**
**प्रमोटर – सुशांत गोल्फ सिटी, लखनऊ**

## यूथ पार्लियामेंट आयोजन के लिए जेआरडीएसयू को किया गया चयनित

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2025 के आयोजन के लिए जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय को चयनित किया गया है। यह आयोजन नेहरू युवा केंद्र एवं विश्वविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आगामी 10 से 17 मार्च के मध्य किया जाना प्रस्तावित है। कार्यक्रम अधिकारी एसपी मिश्रा ने बताया कि इस कार्यक्रम में जनपद के 18 से 25 वर्ष की आयु के युवा मायभारत पोर्टल पर विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट के मेगा इवेंट द्वारा निर्देशित विषय पर एक मिनट की वीडियो अपलोड करते हुए अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभा कर सकते है। पंजीकरण की अंतिम तिथि नौ मार्च निर्धारित है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर शिशिर कुमार पांडेय ने इस कार्यक्रम के लिए विश्वविद्यालय के चयनित होने पर हर्ष जताया है। चित्रकूट जनपद की जिला युवा अधिकारी जागृति पांडेय तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ आनन्द कुमार को इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए जिम्मेदारी प्रदान की गयी है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वाद निस्तारित कराने पर दिया जोर

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के तत्वाधान में आगामी आठ मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में सोमवार को जनपद में कार्यरत समस्त नोडल अधिकारियों व प्रशासनिक विभागों के अधिकारियों के साथ चतुर्थ चरण की बैठक आयोजित की गई।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव सिविल जज सचिन कुमार दीक्षित ने बताया कि बैठक में जनपद न्यायाधीश ने आगामी आठ मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर निस्तारण के लिए बल दिया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में शमनीय आपराधिक वाद, धारा-138 एनआई एक्ट, मोटर दुर्घटना दावा वाद, श्रम वाद, बैंक वसूली वाद, विद्युत अधिनियम, जल वाद, सेवा वाद, पारिवारिक व वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, राजस्व व चकबन्दी वाद, किरायेदारी वाद, सुखाधिकार वाद, स्थायी निषेधाज्ञा व सिविल वाद, राजस्व वसूली वाद, विनिर्दिष्ट अनुतोष वाद, मोटर वाहन ई-चालान व लघु आपराधिक वाद, आमवाद, प्री-लिटिगेशन के माध्यम से ऐसे वाद जो अभी न्यायालय के समक्ष नहीं आये हैं (विशेषकर पारिवारिक मामले), उपभोगता फोरम तथा आर्बिट्रेशन सम्बन्धित वादों का निस्तारण किया जाना है। जिला जज ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारी अपने विभागों से सम्बन्धित समस्त ऐसे मामले, जिनकों लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किया जा सकता है, को अधिक से अधिक चिन्हित कर उनमें पक्षकारों को कम से कम दो बार नोटिस तामीला कराते हुए राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित करने का प्रयास करें। इस मौके पर राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी विशेष न्यायाधीश राममणि पाठक, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी आरके पाठक, जिला विकास अधिकारी सच्चिदानंद प्रसाद, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, जिला ग्राम उद्योग अधिकारी राजेन्द्र कुमार, नेडाधीक्षक एके श्रीवास्तव, सहायक श्रमायुक्त आरके गुप्ता, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी लालजी यादव, आपूर्ति निरीक्षक अनुज कुमार पटेल आदि मौजूद रहे।

## दर्शनार्थियों पर मधुमक्खियों ने किया हमला

**जन एक्सप्रेस/कोंच।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पड़री नाका स्थित हुल्का देवी मंदिर कैंपस में राष्ट्रीय स्वयम सेवको का शिविर चल रहा था। जहां पर मंदिर में दर्शनार्थियों का आना-जाना लगा था। तभी अचानक मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया। जिससे वहां अफरा तफरी मच गई और जिसे जहां जगह मिली वह वहां को भाग लिया। बताया गया है कि इस हमले में मधुमक्खियों ने दो दर्जन से ज्यादा लोगों को डंक मार घायल कर दिया। मधुमक्खियों के हमले में कुछ लोग ज्यादा घायल हो गए थे, उन्हें कोंच सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरों की टीम ने उनका उपचार किया। एनएसएस शिविर में मधुमक्खियों के हमले में जिन्हें गहरे डंक लगे हैं उनमें शिविर प्रभारी महेंद्र नाथ मिश्रा, सुनील कुमार लिपिक, छात्र विकास पटेल के अलावा दर्शन करने आए ठेकेदार संजय अग्रवाल व शादी संबंध को लेकर जालौन से आए मानवेन्द्र और अमित को गहरे डंक लगे हैं।

## पुलिस ने चलाया जांच अभियान



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में सभी थाना की पुलिस टीमों ने क्षेत्रान्तर्गत आने वाले बैंक, वित्तीय संस्थानों में जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान बैंक में सुरक्षा रजिस्टर को चेक किया गया तथा ड्यूटि में तैनात पुलिसकर्मियों को सुरक्षा सम्बन्धी आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही बैंक में लगे अलार्म, सायरन, सीसीटीवी कैमरों का भी निरीक्षण किया गया तथा शाखा प्रबंधकों से सुरक्षा सम्बन्धी वार्ता की गयी। अभियान के दौरान बैंक परिसर में मौजूद संदिग्ध व्यक्तियों की भी जांच की गयी एवं अनावश्यक रूप से बैठे व्यक्तियों को परिसर से बाहर किया गया।

# बुनियादी एवं पूर्व शिक्षा के उन्नयन के लिए हुआ टीएलएम प्रदर्शनी का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । पहाड़ी, चित्रकूट**



ब्लाक संसाधन केंद्र पहाड़ी में राष्ट्रीय ?शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में बुनियादी एवं पूर्व प्राथमिक शिक्षा के उन्नयन के लिए सोमवार को ब्लाक स्तरीय कार्यक्रम हमारा आंगन, हमारे बच्चे का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर व वंदना कर किया गया।

कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी पहाड़ी संजय कुमार पाण्डेय व खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय शशांक शेखर शुक्ला ने लर्निंग कार्नर एवं टीएलएम प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान शिक्षक दीपक कुमार पाण्डेय ने प्री-प्राइमरी शिक्षा में राज्य के प्रयासों के सम्बन्ध में जानकारी उपलब्ध कराई। शिक्षक मयंक पटेरिया ने पूर्व प्राथमिक स्तर पर संचालित विभिन्न कार्यक्रमों यथा बाल वाटिका, माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम, स्कूल रेडीनेस के सन्दर्भ में विभाग की उपलब्धियों की जानकरी दी। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने भी अपने रचनात्मक कक्षा शिक्षण को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में समस्त संकुलों के पाँच-पाँच निपुण बच्चों को उनके अभिभावकों सहित पुरस्कृत किया गया। इस मौक के पर खण्ड शिक्षा अधिकारी पहाड़ी राजेश कुमार, उच्च प्राथमिक विद्यालय ओरा प्रधानाध्यापक सर्वजीत सिंह, एआरपी पुष्पेंद्र सिंह, कधई प्रसाद, प्रमोद कुमार, कमलेश परिहार, शिवप्रेम याज्ञिक, कार्यालय सहायक प्रयाग नारायण मिश्र, नवनीत मिश्र, राजेन्द्र कुमार, दलवीर सिंह, संतोष कुमार, विकास खण्ड पहाड़ी में संचालित समस्त को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों की आंगनबाड़ी कार्यकत्री तथा बाल वाटिका के लिए नामित नोडल शिक्षक व शिक्षिकाओं सहित विद्यार्थी व अभिभावक मौजूद रहे।

# गैर इरादतन हत्या के मामले में पांच आरोपियों को पांच-पांच वर्ष की कैद

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

गैर इरातदन हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने पिता, तीन पुत्रों समेत पांच लोगों को पांच-पांच वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक को 5500-5500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। साथ ही मारपीट के मामले में दूसरे पक्ष के दो आरोपियों को छह-छह माह कारावास के साथ 500-500 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सनद कुमार मिश्रा ने बताया कि कर्वी कोवाली में बरवारा गांव के निवासी श्यामचरण ने रिपार्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गई तहरीर में शिकायतकर्ता ने बताया था कि बीती 28 मई 2012 को सवेरे लगभग आठ बजे उसके चाचा अपने जानवर लेकर नदी की ओर जा रहे थे। इस दौरान उनके कुछ जानवर एक चरही में चारा खाने लगे। इस पर गांव के ही मन्ना, बुटुवा तथा बुटुवा के बेटे बारेलाल, परदेशी व राकेश ने उन पर हमला कर दिया। शोरगुल सुनकर वह अपने चाचा को बचाने के लिए दौडे तो उनको भी लाठी-डंडों से पीटा गया। इसके चलते डर से वह लोग भाग आए। बाद में इलाज के दौरान उनके चाचा की मौत हो गई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपियों को गिरफ्तार किया। साथ ही न्यायालय में आरोप पत्र भी दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद दोष सिद्ध होने पर सोमवार को विशेष न्यायाधीश राममणि पाठक ने इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें आरोपी बरवारा निवासी मन्ना, बुटुवा तथा बुटुवा के पुत्र बारेलाल, परेदशी एवं राकेश को दोष सिद्ध होने पर पांच-पांच वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही प्रत्येक आरोपी को 5,500-5,500 रुपये अर्थदण्ड से भी दण्डित किया गया। साथ ही इस मामले में दूसरे पक्ष के मुन्ना ने श्यामबरन यादव और बाला प्रसाद के विरुद्ध मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें दोष सिद्ध होने पर दोनों आरोपियों को छह-छह माह कारावास के साथ 500-500 रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई है।

## कुष्ठ रोगी खोजी अभियान 18 तक

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत कुष्ठ रोगी खोजी अभियान (एलसीटीसी) का द्वितीय चरण चल रहा है। जो एक से 18 मार्च तक मनाया जायेगा। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने वर्चअल बैठक लेकर स्वास्थ्य अधिकारियों को इस अभियान के सम्बन्ध में जानकारी दी।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अर्न्तगत कुष्ठ रोगी खोजी अभियान एक मार्च से 18 मार्च तक घर-घर चलाया जायेगा। इस अभियान के अर्न्तगत कुल 855 टीमें एवं 43 पर्यवेक्षक लगाये गये है। जिला कुष्ठ अधिकारी ने कुष्ठ के लक्षण की जानकारी देते हुए बताया कि जिन लोगों की त्वचा दाग-धब्बे पड़े है तथा उनका रंग त्वचा के रंग से हक्का या गाढ़ा है, उन्हें निश्चित रूप से कुष्ठ रोग हो सकता है। साथ ही बताया कि ऐसे मरीजों के हाथ-पैर में झुनझुनाहट, हाथ-पैर की नशों में दर्द एवं मोटापन, चहरे और कान में गाठे भी हो सकती है। साथ ही बताया कि ऐसे मरीजों के हाथ-पैर में झुनझुनाहट, हाथ-पैर की नशों में दर्द एवं मोटापन, चहरे और कान में गाठे भी हो सकती है। यह सभी कुष्ठ रोग के लक्षण है। उन्होंने बताया कि इसका उपचार समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में निःशुल्क होता है। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि इस अभियान के तहत टीम के सदस्य घर-घर जाकर कुष्ठ रोगियों की पहचान करेंगे।

इस मौके पर जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ संतोष कुमार सहित समस्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उपमुख्य चिकित्साधिकारी, ब्लॉक चिकित्साधीक्षक, स्वास्थ्य कर्मी एवं एएनएम आदि मौजूद रहे।

# मानसिक बीमार महिला ने आग लगा कर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस । जालौन**

मानसिक रूप से बीमार महिला ने रात में ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली। परिजन जब तक आग बुझाने का प्रयास करते तब तक महिला की मौत हो चुकी थी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला भवानीराम निवासी कुसुमलता (56) पत्नी महेंद्र रविवार की शाम घर से बाहर निकल गई थी। रात में पति उसे घर लाए। जिसके बाद परिवार के सदस्य रात में सो गए। रात करीब साढ़े तीन बजे कुसुमलता ने स्वयं पर ज्वलनशील पदार्थ डाल लिया और आग लगा ली। आग लगते ही वह जोर जोर से चिल्लाने लगी। उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजनों की नींद खुल गई आसपास के लोग भी रात में जोर की चीखें सुनकर बाहर निकल आए। वहां मौजूद लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लेकिन जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक महिला की मौत हो चुकी थी। वहां मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जब घटना को लेकर जानकारी ली तो पति महेंद्र प्रताप सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी पत्नी की मानसिक स्थिति खराब चल रही थी। उसका ग्वालियर में इलाज चल रहा था। कई बार वह घर से बाहर निकल जाती थी। खोजने के बाद उसे वापस लाया जाता था। रात में भी सब ठीक ही था। अचानक उसने स्वयं को आग लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। बता दें, महिला के दो पुत्र आशीष व सत्यम महिला के साथ ही रहते थे। जबकि दोनों बेटियों प्रीति और आरती की शादी हो चुकी है। इस बाबत कोतवाल अजीत सिंह ने बताया कि पति ने महिला के मानसिक रूप से बीमार होने और उसका इलाज चलने की लिखित जानकारी दी है। मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अशोक राठौर को मिला कानपुर-बुन्देलखण्ड क्षेत्र से सह संयोजक का दायित्व

**जन एक्सप्रेस । उरई**



शहर निवासी एसआरग्रुप उरई के प्रबन्धक प्रदेशीय शिक्षक नेता एवं तीन बार इलाहाबाद-झांसी खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से एमएलसी का चुनाव लड़ चुके वरिष्ठ शिक्षक नेता अशोक राठौर को भारतीय जनता पार्टी ने शिक्षक प्रकोष्ठ से कानपुर-बुन्देलखण्ड क्षेत्र के सह संयोजक का दायित्व सौंपा है। अशोक कुमार राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि 02 मार्च को लखनऊ में आयोजित बैठक में मुझे यह दायित्व संगठन मंत्री धर्मपाल के मार्गदर्शन में प्रदेश संयोजक एवं मेरठ क्षेत्र से एमएलसी श्रीचन्द्र शर्मा द्वारा प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि नवम्बर 2026 में प्रदेश की 11 सीटों पर शिक्षक एवं स्नातक सीटों पर चुनाव प्रस्तावित हैं। यह चुनाव कानपुर-उन्नाव क्षेत्र के तीन जिलों को छोड़कर प्रदेश के 75 जिलों में से 72 जिलों में सम्पन्न होने हैं जो 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव की दृष्टि से महत्वपूर्ण होंगे। श्रीराठौर ने बताया कि 2026 में विधान परिषद एवं उसके लगभग तीन माह बाद 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत पार्टी ने यह महत्वपूर्ण दायित्व मुझे सौंपा है। इस जिम्मेदारी का पूरी लगन, निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करुंगा। अवगत हों कि लम्बे समय से शिक्षकों की राजनीति करने वाले अशोक राठौर प्रदेश की शिक्षक राजनीति में एक कद्दावर नेता हैं तथा उनके प्रयास से आज शिक्षक चुनाव में सैल्फ फाइनेंस के माध्यमिक एवं उससे उच्च स्तर पर शिक्षण कार्य करने वाले शिक्षकों को वोट का अधिकार प्राप्त है। 2016-17 में आपकी टीम के प्रयास से प्रदेश के एक लाख तिरानवे हजार से अधिक माध्यमिक स्तर के शिक्षकों एवं प्रधानाचार्यों को सरकारी खजाने से मानदेय मिला था तथा आज बोर्ड परीक्षाओं में सम्बन्धित विद्यालय के प्रधानाचार्यों को केन्द्र व्यवस्थापक बनने का सम्मान प्राप्त है। विगत 17 वर्षों से आपकी शिक्षक एवं स्नातक सीटों के चुनाव में सक्रिय भूमिका रहती है। श्री राठौर को मिले इस नवीन दायित्व से समाज में खुशी की लहर है तथा इसके लिए उन्हें निरंतर बधाइयां प्राप्त हो रही हैं।

## ऑटो में टप्पेबाजों ने पार किया महिला का जेवर से भरा बैग

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

टप्पेबाजी का शिकार हुए पीड़ित ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार लगाई है। बांदा जिले के अतर्रा तहसील के महुटा गांव के निवासी विष्णुशंकर पाण्डेय ने बताया कि वह बीती 28 फरवरी को अपनी बहन राजोल कुमारी के साथ दोपहर के समय एक सीएनजी ऑटो में बैठकर मानिकपुर जा रहे थे। जिसमें उनकी बहन का जेवर से भरा बैग ऑटो चालक ने पीछे रखवा दिया था। इस दौरान रास्ते में बैग को काटकर अंदर रखा गहनों वाला बैग चोरी कर लिया गया। इसके बाद मानिकपुर में उन लोगों को उतारकर चालक ऑटो लेकर वापस लौट गया। गाड़ी से उतरने के बाद उन्हें पता चला कि गहनों से भरा बैग चोरी हो चुका है। जिसकी सूचना उन्होंने कर्वी कोतवाली एवं मानिकपुर थाने में की है। पीड़ित ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए चोरी का खुलासा किए जाने की मांग की है।

# स्टाम्पों की कालाबाजारी बदस्तूर जारी, शिकायत के बाद नहीं लगी रोक

**जन एक्सप्रेस । जालौन**

स्टाम्प की बिक्री उसमें अंकित मूल्य पर होनी चाहिए। नगर में इनकी बिक्री सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक पर हो रही है। तहसील व उसके बाहर हो रही स्टाम्पों की कालाबाजारी की शिकायत होने के बाद भी इस पर रोक नहीं लग पा रही है।

स्टाम्पों की बिक्री करने का लाइसेंस एडीएम द्वारा जारी किया जाता है। तहसीलदार कार्यालय, सब रजिस्ट्रार कार्यालय के साथ मुंसिफ कोर्ट के लिए लाइसेंस जारी किए गए हैं। ये लाइसेंसधारी स्टाम्प विक्रेता ऑफ लाइन व ऑन लाइन दोनों तरह से स्टाम्प की बिक्री कर रहे हैं। स्टाम्प की बिक्री सरकारी निर्देशानुसार उसमें अंकित मूल्य पर होना चाहिए। लेकिन ऐसा नहीं रहा है। स्टाम्प विक्रेता अपने मनमाने मूल्य पर इनकी बिक्री कर रहे हैं। सबसे ज्यादा मांग 10 रुपए के स्टाम्प की होती है। मांग का फायदा उठाते हुए स्टाम्प विक्रेता 10 रुपए का स्टाम्प 15 से 20 रुपये तक में बेचते हैं। इसके साथ ही 100 रुपये का स्टाम्प 120 से 130 रूपये में बेचा जा रहा है। स्टाम्प विक्रेताओं द्वारा स्टाम्प की कालाबाजारी करने के कारण लोगों को शपथ पत्र बनवाना महंगा पड़ रहा है। खुलेआम स्टाम्प की विक्री निर्धारित मूल्य से अधिक पर हो रही है। इसके बाद भी जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। नगर के अशफाक राईन, पुष्पेंद्र, नरेंद्र आदि ने मंडलायुक्त को शिकायती पत्र भेजकर स्टाम्प की बिक्री उसके निर्धारित मूल्य पर कराने की मांग की है।

# ई-रिक्शा पलटने से घायल वृद्ध ने उपचार के दौरान तोड़ा दम

**जन एक्सप्रेस । उरई**

ई-रिक्शा पलटने से घायल वृद्ध को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज लाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

जिला हमीरपुर थाना कुरारा क्षेत्र के ग्राम बेरी निवासी रामेश्वर 60 वर्ष गांव में ही नागिन बैंड का संचालन करता था। उसके साथ उनका पुत्र मुकेश भी बैंड संचालन में सहयोग करता था। बताया गया कि रविवार की शाम को रामेश्वर ई-रिक्शा पर बैठकर किसी काम से कुरारा जा रहे था। तभी रास्ते में ग्राम रिठारी के पास रिक्शा अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गया और उस पर सवार वृद्ध दबकर घायल हो गया। इस दौरान वहां से निकल रहे राहगीरो ने उसकी पहचान कर मामले की खबर उसके परिजनों को दी और घायल हो उपचार के लिए हमीरपुर ले गए। जहां से डाक्टर ने उसे मेडिकल कालेज उरई के लिए रेफर कर दिया। परिजन उसे मेडिकल कालेज लेकर पहुंचे। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। खबर मिलते ही मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी मेडिकल कालेज बृजेश कुमार ने शव को कब्जे में लिया और जांच पड़ताल के बाद पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# आठ मार्च को किया जाएगा वृहद सम्मान समारोह का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

आगामी आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम के सम्बन्ध में सोमवार को चित्रकूट स्पोर्ट क्लब के पदाधिकारियों ने अटल पार्क में बैठक का आयोजन किया। जिसमें आगामी आठ मार्च को महिलाओं को सम्मानित करने के लिए वृहद सम्मान समारोह आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक वृहद सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसमें जिले के समस्त उच्च अधिकारियों, सम्मानित जनप्रतिनिधियों, एवं गणमान्य नागरिको की उपस्थिति में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को क्लब द्वारा चित्रकूट महिला रत्न-2025 सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। बैठक में कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा एवं कार्य योजना को अंतिम रूप प्रदान किया गया। साथ ही समारोह का संयोजक क्लब के संरक्षक तुषार कांत शास्त्री को बनाया गया।

इस मौके पर क्लब के मुख्य संरक्षक पूर्व जिला शासकीय अधिवक्ता अशोक गुप्ता, संरक्षक प्रेम शंकर शुक्ला, राम मनोहर वर्मा, अशोक सेन, अशोक प्रजापति, महेश प्रजापति, साकेत बिहारी शुक्ला, गीत श्रीवास्तव, शशि भूषण सिंह, कमलेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# गर्मी में पेयजल संकट से निपटने की तैयारी जिलाधिकारी ने दिए आवश्यक निर्देश

**जन एक्सप्रेस । उरई**




आगामी गर्मी के मौसम में जनपद में पेयजल संकट न उत्पन्न हो, इसके लिए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि ग्राम क्षेत्रों और शहरी क्षेत्रों में कहीं भी पेयजल की समस्या नहीं होनी चाहिए। इसके लिए अभी से जलापूर्ति की पूरी योजना तैयार करने को कहा गया। उन्होंने जल संस्थान को बिजली विभाग के साथ समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया, ताकि जलापूर्ति के लिए बिजली आपूर्ति सुचारू बनी रहे और किसी भी तकनीकी बाधा के कारण जल संकट न उत्पन्न हो। नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण यदि जल संकट उत्पन्न हो रहा है, तो संबंधित टीमों को तत्काल स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट देने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि स्वीकृत पेयजल योजनाओं को रखें दुरुस्त, पेयजल संकट वाले क्षेत्रों को संवेदनशील मानते हुए प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि कहीं भी जल संकट की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए सतर्क और संवेदनशील रहते हुए आवश्यक कदम उठाए जाएं। इस अवसर पर सीडीओ राजेन्द्र कुमार श्रीवास, एडीएम (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार, सभी अधिशासी अधिकारी, अधिशासी अभियंता (बिजली विभाग) सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 30°C | 15°C |

इनसाइड न्यूज

बोर्ड परीक्षा व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने जिलाधिकारी विशाख...

उत्तर प्रदेश पेज: 08

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

मंगलवार 04 मार्च, 2025 | पेज : 12 | मूल्य : ₹3.00/- लखनऊ वर्ष : 16, अंक : 141 | www.janexpresslive.com/epaper



औरंगजेब को 'अच्छा आदमी' बताने पर... 12

# राम मंदिर पर हमले की साजिश

## हरियाणा से आतंकी गिरफ्तार, हैंड ग्रेनेड लेने आया था, गुजरात एटीएस ने फरीदाबाद एसटीएफ संग पकड़ा, यूपी का रहने वाला

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। फरीदाबाद

हरियाणा में फरीदाबाद से पकड़ा गया आतंकी अब्दुल रहमान (19) अयोध्या स्थित राम मंदिर पर हैंड ग्रेनेड से हमला करने की साजिश को अंजाम देने वाला था। वह फैजाबाद से फरीदाबाद हैंड ग्रेनेड लेने ही आया था। वापस लौटकर उसे अटैक करना था। ये सारा काम वह पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर कर रहा था। हैंड ग्रेनेड भी इसे आईएसआई के हैंडलर ने ही दिए थे। फरीदाबाद में वह नाम बदलकर छुपा हुआ था। हालांकि इससे पहले ही रविवार शाम को गुजरात एटीएस और फरीदाबाद एटीएस की टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इसमें इंटेलिजेंस ब्यूरो का इनपुट भी उनके काम आया। जब उसे पकड़ा गया तो उसके पास 2 हैंड ग्रेनेड भी थे। जिन्हें डिफ्यूज कर दिया गया। पकड़ा गया अब्दुल रहमान उत्तर प्रदेश के मिल्कीपुर, जिला फैजाबाद (अयोध्या) का रहने वाला है। वह वहां मटन शॉप चलाता है।



यही वह खंडहरनुमा मकान है, जहां से युवक अब्दुल रहमान को पकड़ा गया।



### राम मंदिर की रेकी भी कर चुका था

राम मंदिर निर्माण के बाद से ही पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी भारत में उसे निशाना बनाकर बड़ी आतंकी साजिश को अंजाम देने की साजिश रच रही है। इसी काम के लिए अब्दुल रहमान को चुना गया था। उसने राम मंदिर की रेकी भी कर ली थी। वह हैंड ग्रेनेड की डिलीवरी लेने के लिए ही फैजाबाद से फरीदाबाद आया था। वह साजिश को अंजाम दे पाता, इससे पहले ही पकड़ा गया। सुरक्षा एजेंसियों को पूछताछ के बाद पता चला कि अब्दुल रहमान आईएसआई के इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रोविंस मॉड्यूल से जुड़ा हुआ था।

### भागने की कोशिश की, पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा

पुलिस सूत्रों के मुताबिक जब अब्दुल रहमान को पकड़ा गया तो उसके पास 2 हैंड ग्रेनेड भी थे। रेड के वक्त अब्दुल ने वहां से भागने की कोशिश की। मगर, टीम ने उसे पकड़ लिया। हालांकि हैंड ग्रेनेड फट न जाए, इसके लिए तुरंत बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया। इस दौरान पूरे इलाके को घेर लिया गया ताकि कोई आम व्यक्ति करीब न आ सके। इसके बाद हैंड ग्रेनेड डिफ्यूज कर दिए गए।

### एटीएस को गुजरात में एक्टिव आतंकी संगठन से इनपुट मिला

गुजरात एटीएस के मुताबिक अहमदाबाद में फिर से एक बार आतंकवादी संगठन सक्रिय हुआ है, जो दहशत फैला रहा है। इसी की जांच के दौरान उन्हें हरियाणा में 2 आतंकियों की जानकारी मिली थी। जांच आगे बढ़ी तो पता चला कि इसमें अब्दुल रहमान भी शामिल है। जो सोशल मीडिया के जरिए आतंकी संगठन से जुड़ा। इसके बाद गुजरात एटीएस ने हरियाणा पुलिस से संपर्क किया। उनके साथ फरीदाबाद से स्पेशल टास्क फोर्स की टीम को अटैच किया गया।

### 4 घंटे चली कार्रवाई, हैंड ग्रेनेड देने आया हैंडलर जा चुका था

फिर गुजरात एटीएस की टीम रविवार को यहां पहुंची। पूरी छानबीन के बाद शाम करीब 3 बजे आतंकियों को पकड़ने के लिए कार्रवाई शुरू की गई। जिसके बाद फरीदाबाद के सोहना रोड स्थित इलाके में जॉइंट टीम ने रेड की। जहां से अब्दुल रहमान को पकड़ लिया गया। हालांकि उसे हैंड ग्रेनेड देने आया हैंडलर तब तक निकल चुका था। करीब 4 घंटे तक वहां कार्रवाई चली। इसके बाद रात को ही गुजरात एटीएस आतंकी को लेकर वापस रवाना हो गए।

### मोबाइल से धार्मिक स्थलों के वीडियो भी मिले

पुलिस के मुताबिक जब युवक को गिरफ्तार किया गया तो उससे कुछ संदिग्ध वीडियो भी मिले। जिनमें धार्मिक स्थानों से जुड़ी जानकारी को शूट किया गया था। इसके अलावा उसके सोशल मीडिया के जरिए आतंकी संगठनों से जुड़े होने के सबूत भी मिले। हरियाणा पुलिस की जांच के मुताबिक वह नाम बदलकर फरीदाबाद पहुंचा था। फरीदाबाद एनआईटी के डीसीपी कुलदीप सिंह भी मौके पर पहुंचे थे। जिसके बाद फरीदाबाद में हैड ग्रेनेड की डिलीवरी को लेकर जांच शुरू कर दी गई है।

## उत्तराखंड कैबिनेट: नई आबकारी नीति मंजूर

# स्कूल-मंदिरों के पास नहीं खुलेंगे ठेके

जन एक्सप्रेस । देहरादून

उत्तराखंड की नई आबकारी नीति 2025 को धामी कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। नीति के तहत सरकार ने कई प्रावधान किए हैं। नई आबकारी नीति में किसी दुकान पर एमआरपी से अधिक कीमत ली जाती है, तो लाइसेंस निरस्त करने का प्रावधान किया गया है। डिपार्टमेंटल स्टोर्स पर भी एमआरपी लागू की गई है। वहीं, धार्मिक क्षेत्रों की महत्ता को ध्यान में रखते हुए उनके निकटवर्ती शराब की दुकानों को बंद किया जाएगा। शराब की उप-दुकानों और मैट्रो मदिरा बिक्री व्यवस्था को समाप्त किया गया है।

### 2026 के लिए 5060 करोड़ रुपये के राजस्व का लक्ष्य

बता दें कि पिछले दो वर्षों में आबकारी राजस्व में राज्य में काफी वृद्धि हुई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 5060 करोड़ रुपये के राजस्व लक्ष्य को निर्धारित किया गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 4000 करोड़ रुपये के लक्ष्य के मुकाबले 4038.69 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया गया। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 4439 करोड़ रुपये का लक्ष्य के सापेक्ष अब तक लगभग 4000 करोड़ रुपये की प्राप्ति हो चुकी है।

### पर्वतीय क्षेत्रों में से वाइनरी इकाइयों को अगले 15 वर्षों तक आबकारी शुल्क में छूट

नई आबकारी नीति के तहत स्थानीय निवासियों को प्राथमिकता और रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। थोक मदिरा की दुकान केवल उत्तराखंड निवासियों को जारी की जाएंगी। पर्वतीय क्षेत्रों में वाइनरी को प्रोन्साहित करने के लिए राज्य में उन्पादित फलों से वाइनरी इकाइयों को अगले 15 वर्षों तक आबकारी शुल्क में छूट दी जाएगी। इससे कृषकों और बागवानी क्षेत्र में कार्य करने वालों को आर्थिक लाभ मिलेगा। मदिरा उद्योग में निवेश को प्रोन्साहित करने के निर्यात शुल्क में कटौती की गई है। माल्ट एवं स्प्रिट उद्योगों को पर्वतीय क्षेत्रों में विशेष सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

## आकाश आनंद के बयान से और नाराज हुईं मायावती, अब पार्टी से ही निष्कासित कर दिया

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



बसपा सुप्रीमो मायावती ने आकाश आनंद से नेशनल कोआर्डिनेटर सहित सभी पद छीनने के बाद अब उन्हें पार्टी से ही निष्कासित कर दिया है। अपने फैसले के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि बसपा की आल-इण्डिया की बैठक में कल आकाश आनन्द को पार्टी हित से अधिक पार्टी से निष्कासित अपने ससुर अशोक सिद्धार्थ के प्रभाव में लगातार बने रहने के कारण नेशनल कोआर्डिनेटर सहित सभी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया था, जिसका उसे पश्चताप करके अपनी परिपक्वता दिखानी थी लेकिन इसके विपरीत आकाश ने जो अपनी लम्बी-चौड़ी प्रतिक्रिया दी है वह उसके पछतावे व राजनीतिक मैच्युरिटी का नहीं बल्कि उसके ससुर के ही प्रभाव वाला ज्यादातर स्वार्थी, अहंकारी व गैर-मिशनरी है, जिससे बचने की सलाह मैं पार्टी के ऐसे सभी लोगों को देने के साथ दण्डित भी करती रही हूं। अतः डॉ. भीमराव आंबेडकर के आत्मसम्मान व स्वाभिमान मूवमेन्ट के हित में तथा कांशीराम की अनुशासन की परम्परा को निभाते हुए आकाश आनन्द को, उनके ससुर की तरह, पार्टी व मूवमेन्ट के हित में पार्टी से निष्कासित किया जाता है।

## सांसद बर्क के अवैध निर्माण मामले में पांच को सुनवाई



जन एक्सप्रेस । संभल

संभल सांसद जियाउर्रहमान बर्क के घर में हुए अवैध निर्माण की पांच और बिजली चोरी में जुर्माने में सुनवाई सात मार्च को होगी। इन दोनों मामले की सुनवाई इस बार अंतिम मानी जा रही हैं। तीन बार नोटिस के अलावा समय भी बढ़ाया गया है। इसलिए माना जा रहा है कि इस बार अंतिम सुनवाई होगी। इसके बाद कार्रवाई आगे बढ़ेगी। संभल नियत प्राधिकारी/उपजिलाधिकारी विनियमित क्षेत्र की ओर से सांसद को नोटिस जारी किया गया था। जिसमें कहा गया था कि सांसद के बिना अनुमति निर्माण किया गया है। जो उत्तर प्रदेश रेगुलेशन ऑफ बिल्डिंग ऑपरेशन एक्ट 1958 का उल्लंघन है। इस मामले में ही सुनवाई चल रही है। अब पांच मार्च को इस मामले की सुनवाई होनी है। वहीं दूसरी ओर बिजली विभाग ने मीटर बाईपास कर बिजली चोरी के आरोप में सांसद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है और 1.91 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। इस जुर्माना मामले में अंतिम सुनवाई सात मार्च को की जानी है। इसके बाद जुर्माने की अंतिम रिपोर्ट तैयार की जाएगी और उसके अनुसार ही वसूली भी होगी।

# विपरीत परिस्थितियों में धैर्य से काम करते हुए चुनौती को करना होगा स्वीकार: सीएम

## आईआईएम व भारतीय डाक सेवा के अधिकारियों के साथ महाकुंभ के सफल आयोजन द्वारा राष्ट्र निर्माण विषय पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री ने दुनिया के नामचीन अखबारों की लिखी खबरों व यूनेस्को की टिप्पणी का भी किया जिक्र
- प्रयागराज महाकुंभ सबक देता है कि हमें ऐसे आयोजन के साथ धैर्य के साथ जुड़ना होगा और प्रकृति के नियमों का पालन करना पड़ेगा: मुख्यमंत्री

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विपरीत परिस्थिति में निर्णय लेने का सामर्थ्य विकसित करना चैलेंज होता है। ऐसी स्थिति में बहुत सारे लोग हाथ-पैर छोड़ देते हैं, मानकर चलते हैं कि जो होना होगा, देखा जाएगा, लेकिन विपरीत परिस्थितियों में धैर्य से काम करते हुए चैलेंज को फेस करने को तैयार होना पड़ेगा। महाकुम्भ में यही किया गया, तब जाकर सकुशल महाकुम्भ संपन्न हो सका। उन्होंने कहा कि संतों, श्रद्धालुजन व व्यवस्था से जुड़े लोगों से संवाद-समन्वय स्थापित करना पड़ता है। मुख्यमंत्री सोमवार को आईआईएम व भारतीय डाक सेवा के अधिकारियों के साथ महाकुम्भ के सफल आयोजन द्वारा राष्ट्र निर्माण विषय पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान महाकुम्भ से संबंधित वीडियो फिल्म भी प्रदर्शित की गई।

### क्राइसिस मैनेजमेंट में पुलिस का सर्वाधिक महत्वपूर्ण रोल

सीएम ने कहा कि इतना बड़ा आयोजन तब सकुशल संपन्न होगा, जब सुरक्षा, क्राउड मैनेजमेंट की समुचित व्यवस्था हो। हर किसी के मन में यह विश्वास हो कि पुलिस हमें सुरक्षा दे सकती है। किसी भी क्राइसिस मैनेजमेंट में पुलिस का सबसे महत्वपूर्ण रोल होता है। उनका व्यवहार बहुत मायने रखता है। पुलिस के लिए चार महीने स्पेशल कोर्स चलाए गए।





### 2013 में मॉरीशस के प्रधानमंत्री ने गंदगी देखकर नहीं किया था गंगा स्नान

सीएम ने कहा कि सीएम ने कहा कि जब 2013 में कुम्भ का आयोजन हुआ था, तब मैं योगी के रूप में प्रयागराज में अपने शिविर में था। अगले दिन समाचार पत्रों की लीड न्यूज थी कि मॉरीशस के प्रधानमंत्री कुम्भ में आए, लेकिन गंगा जी में गंदगी को देखकर स्नान नहीं किया और टिप्पणी की कि क्या यही गंगा हैं, फिर दूर से प्रणाम करके चले गए। मेरे मन में यह बात आई कि एक देश के राष्ट्राध्यक्ष आए और उनकी भावना आहत हुई। इसका मतलब हमारे आयोजन में कोई कमी थी। इसका निवारण होना चाहिए।

### 2019 प्रयागराज कुंभ ने दिया था स्वच्छता व सुव्यवस्था का संदेश

सीएम ने कहा कि महाकुम्भ का आयोजन होगा, तो भीड़ होगी। जो पहले आएंगे, उन्हें कम पैदल चलना होगा, क्योंकि उन्हें संगम से दो-तीन किमी. के दायरे में पार्किंग देंगे, लेकिन जैसे-जैसे पार्किंग भर ती जाएगी, तो लोगों को अधिक पैदल चलना होगा। जो 10 किमी. पैदल चलेगा और पुलिस उसे रोकेगी तो झल्लाएगा ही। 2019 प्रयागराज कुम्भ ने स्वच्छता व सुव्यवस्था का संदेश दिया था।

### एक भारत-श्रेष्ठ भारत की अभिव्यक्ति का भी माध्यम बना महाकुंभ

मुख्यमंत्री ने कहाकि यह आयोजन प्रधानमंत्री जी के एक भारत-श्रेष्ठ भारत की अभिव्यक्ति का भी माध्यम बना। जाति, धर्म, भाषा, पंथ के भेद से मुक्त नदी के एक ही घाट पर सभी पवित्र भावना के साथ डुबकी लगा रहे थे। केंद्र व राज्य सरकार ने साढ़े सात हजार करोड़ रुपये खर्च किए। इसमें से छह हजार करोड़ रुपये प्रयागराज शहर व आसपास के इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च हुए। प्रयागराज की विरासत से जुड़े 12 कॉरिडोर अक्षयवट, सरस्वती कूप, महर्षि भारद्वाज, श्रृंगवेरपुर, नागवासुकि, द्वादश माधव, लेटे हनुमान आदि तैयार किया गया।

### सीसामऊ में तीन वर्ष पहले सीवर को कराया टेप

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूनेस्को 2023 से देखना चाहता था कि इतने बड़े आयोजन से पर्यावरणीय असर क्या पड़ेगा। हमने पहले दिन से ही ध्यान रखा कि गंगा- यमुना नदी में कोई नाला या सीवर लीक न होने पाए। यूपी में गंगा नदी का सबसे क्रिटिकल पॉइंट कानपुर है। सीसामऊ के पास चार करोड़ लीटर सीवर प्रतिदिन गंगा नदी में गिरता था। हमने तीन वर्ष पहले ही उसे टेप करवाया। आज वहां से एक भी बूंद सीवर नहीं गिरता। जाजमऊ में ड्रेनरीज का एफ्ल्यूंट गिरता था। उसके दुष्प्रभाव से गंगा नदी के जलीव जीव मर गए थे। दो वर्ष पहले उसे भी कंट्रोल किया। हर ड्रेनरीज पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए, उसकी मॉनीटरिंग होने लग गई। मुख्यमंत्री ने गंगा जल की शुद्धता को लेकर भी चर्चा की। बोले कि हमने सीपीसीबी को चैलेंज किया, अंततः उन्हें भी मानना पड़ा कि यहां का जल स्वच्छ है।

### लोगों के जीवन में परिवर्तन के आधार बनते हैं ऐसे आयोजन

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आयोजन आर्थिकी के बड़े आधार बनते हैं। यहां रोजगार सृजन कितने बड़े पैमाने पर होता है। कैसे यह लोगों के जीवन में परिवर्तन के आधार बनते हैं। मुख्यमंत्री ने एक निवेशक का प्रकरण सुनाते हुए उनकी कमाई और लाभ के बारे में भी जिक्र किया। बोले कि अलग-अलग तबके के लोगों ने वहां आजीविका का माध्यम भी बनाया। जो जिस भाव से गया, उसे वैसी दृष्टि व सृष्टि भी मिली। प्रयागराज महाकुम्भ सबक देता है कि हमें ऐसे आयोजन के साथ धैर्य के साथ जुड़ना होगा और प्रकृति के नियमों का पालन करना पड़ेगा।

### स्वच्छता पर था विशेष जोर

सीएम ने कहा कि यह आयोजन गंगा तट पर बालू में होता है। शौचालय शीट को बालू में ऐसे डाल दिया जाता था। सप्ताह-दस दिन बाद बदबू, मक्खी, मच्छर और बीमारी होने लगती थी। फिर मैंने कहा कि ऐसे टॉयलेट बनाएं, जिसकी नियमित सफाई हो सकें। हम लोगों ने एक लाख टॉयलेट-टैंक तैयार कराए। कहा कि एक भी टॉयलेट का लिक्विड गंगा-यमुना में नहीं जाना चाहिए। इसकी नियमित सफाई कराई गई।

### लीक से हटकर काम करते हैं तो वह स्मरणीय बनता है

सीएम ने कहा कि 2019 में हमारी सरकार ने प्रयागराज कुम्भ को संपन्न किया था। कुंभ सामान्य रूप से हजारों वर्षों की भारत की विरासत का हिस्सा रहा है, लेकिन लोग कुम्भ का मतलब भगदड़, अव्यवस्था, गंदगी मान चुके थे। हमने तय किया कि आज के समय में लोगों की इस धारणा के विपरीत कुछ नया करके दिखाएं, क्योंकि जब हम लीक से हटकर काम करते हैं, तभी वह स्मरणीय बनता है।

### समस्या से बहाना और समाधान से रास्ते मिलते हैं

सीएम ने कहा कि हम समस्या के बारे में ज्यादा सोचते हैं। इससे हमें बहाना मिलता है, लेकिन समाधान की तरफ जाते हैं तो अनेक रास्ते मिलते हैं। समाधान ही इनोवेशन है।

### विशुद्ध धार्मिक होते हैं ऐसे आयोजन

सीएम ने कहा कि ऐसे आयोजन विशुद्ध धार्मिक होते हैं। हर स्नानार्थी श्रद्धाभाव से आता है। उसे गंतव्य तक पहुंचने का मार्ग दीजिए। यदि बाधित करने का प्रयास करेंगे तो अगल-बगल के क्षेत्र में बिखरेगी और वहां होल्डिंग एरिया नहीं है तो भगदड़ के खतरे होते हैं। धार्मिक भीड़ अनुशासित होती है। 28-29 की रात सवा एक से डेढ़ बजे के मध्य भगदड़ की घटना हुई। उस दौरान मेला क्षेत्र में चार करोड़ लोगों की भीड़ थी। जैसे ही भगदड़ हुई 15 मिनट के अंदर पब्लिक ने ग्रीन कॉरिडोर दिया और सभी को हॉस्पिटल पहुंचाने में मदद की। सीएम योगी ने कहा कि ऐसे आयोजन आस्था के साथ आर्थिकी का भी कारण बन सकता है।

# महाकुंभ में इस्तेमाल ऑटोमैटिक मशीनों से पूरे यूपी को बनाएंगे इंसेक्ट फ्री, पहली बार होगा प्रयोग

## मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर प्रयागराज में किया गया मिस्ट ब्लोअर और मिनी फॉगिंग मशीनों का सफल संचालन

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

- नगर निगमों और स्वास्थ्य विभाग किए जाएंगे आधुनिक टेक्नोलॉजी से लैस
- नगर निगमों को मिलेंगी मच्छर-मक्खी से बचाने वाली अत्याधुनिक 107 ब्लोअर मिस्ट मशीनें
- अखाड़ों को इंसेक्ट फ्री बनाने में रही कारगर, अब विभिन्न जिलों में होंगी इस्तेमाल
- डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया के नियंत्रण में यह मिनी फागिंग मशीन बेहद कारगर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महाकुम्भ में इस्तेमाल की गई अत्याधुनिक मिस्ट ब्लोअर और मिनी फॉगिंग मशीनों का प्रयोग अब पूरे उत्तर प्रदेश में किया जाएगा। महाकुम्भ में इन मशीनों का सफल इस्तेमाल किया गया था। जिससे संतों और श्रद्धालुओं को मच्छरों और मक्खियों से राहत मिली। अब इन्हीं मशीनों को विभिन्न जिलों में तैनात किया जाएगा। जिससे प्रदेश को इंसेक्ट-फ्री बनाया जा सके। इस तरह का प्रयोग उत्तर प्रदेश में पहली बार किया जाएगा। ये आधुनिक टेक्नोलॉजी वाली मशीनें नगर निगमों और स्वास्थ्य विभाग को सौंपी जाएंगी। महाकुम्भ में संतों और श्रद्धालुओं को मच्छर-मक्खी से बचाने वाली अत्याधुनिक 107 ब्लोअर मिस्ट मशीनें नगर निगमों को सौंपे जाने की तैयारी है। वहीं, 110 मिनी फॉगिंग मशीनें स्वास्थ्य विभाग को सौंपी जाएंगी। अखाड़ों को इंसेक्ट फ्री बनाने में कारगर ये मशीनें अब उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में इस्तेमाल की जाएंगी। डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया के नियंत्रण में यह मिनी फागिंग मशीन बेहद कारगर है। सबसे खास बात यह है कि कॉल करते ही ये ऑटोमैटिक मशीन 30 मिनट के भीतर लोगों तक पहुंचने में सक्षम है।

### अत्याधुनिक मशीनों की तैनाती

महाकुम्भ के नोडल जॉइंट डायरेक्टर (वेक्टर कंट्रोल) डॉ वीपी सिंह ने बताया कि प्रदेश के नगर निगमों को 107 ब्लोअर मिस्ट मशीनें सौंपी जाएंगी। यह कूड़े और गंदगी पर छिड़काव में काफी मददगार साबित होंगी। वहीं, स्वास्थ्य विभाग को 110 मिनी फॉगिंग मशीनें सौंपी जाएंगी। जो डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया पर प्रभावी रोक लगाने के सक्षम रहेंगी। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में भी इनका व्यापक पैमाने पर इस्तेमाल किया जाएगा। इसके अलावा सफाई और वेक्टर नियंत्रण में भी इनसे बड़ी मदद मिलेगी। मेले में वेक्टर कंट्रोल के असिस्टेंट नोडल और डीएमओ डॉ आनंद कुमार सिंह ने बताया कि महाकुम्भ में इस्तेमाल की गई ऑटोमैटिक ब्लोअर मिस्ट मशीनें इतनी प्रभावी रहीं कि कॉल करने के 30 मिनट के भीतर किसी भी स्थान पर पहुंच सकती हैं। इसी तर्ज पर अब मूविंग वेक्टर कंट्रोल यूनिट पूरे प्रदेश में संचालित की जाएगी। ताकि किसी भी इलाके में संक्रमण या मच्छरों की समस्या होने पर तुरंत फॉगिंग और मिस्ट ब्लोअर से छिड़काव किया जा सके।




### यूपी की जनता को मिलेगा नया सुरक्षा कवच

महाकुम्भ में सफलता के बाद अब यूपी सरकार इस तकनीक को पूरे प्रदेश में लागू करने जा रही है। इससे मच्छर-मक्खियों से होने वाली बीमारियों को रोका जा सकेगा। साथ ही प्रदेश को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा।

### स्वच्छ और स्वस्थ यूपी की ओर बड़ा कदम

मुख्यमंत्री योगी आदिन्यनाथ के विशेष निर्देश पर मच्छर-मक्खियों से बचाव के लिए व्यापक सेवा शुरू की जा रही है। अब आम जनता को भी तन्काल सुविधाएं मिल सकेंगी। इन मशीनों के जरिए प्रभावित क्षेत्रों में तन्काल फॉगिंग और कीटनाशक छिड़काव की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

### बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में भी कारगर साबित होगी तकनीक

महाकुम्भ में पेट्रोल से चलने वाली ब्लोअर मिस्ट मशीनों से बड़े पैमाने पर छिड़काव कार्य किया गया। अब यह मशीनें नगर निगमों को सौंपी जाएंगी। जिससे कूड़े और गंदगी पर कीटनाशक का छिड़काव किया जा सके। खासकर बाढ़ प्रभावित इलाकों में यह तकनीक बेहद उपयोगी साबित होगी। क्योंकि बाढ़ के बाद गंदगी और मच्छरों के बढ़ने का खतरा ज्यादा रहता है।

### बेहद प्रभावी होंगी ये मशीनें

जब डेंगू या मलेरिया का कोई मामला सामने आएगा, तो मरीज के घर और उसके आसपास 50 घरों में वेक्टर नियंत्रण के तहत छिड़काव किया जाएगा। इस अभियान में यह मिनी फॉगिंग मशीनें बेहद प्रभावी साबित होंगी और डेंगू-चिकनगुनिया जैसी बीमारियों पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी।

# ऑटो रिक्शा व डंपर की जोरदार भिड़ंत चार की मौके पर मौत, सात घायल

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



रायबरेली में तेज रफ्तार डंपर ने सवारी से भरी ऑटो को जोड़ टक्कर दी जिससे हादसे में चार लोगों की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई, वही सात सवारियां गम्भीर रूप से घायल है। घायलों को अस्पताल में कराया गया भर्ती काया गया है जहां सभी का इलाज चल रहा है। लालगंज कोतवाली के बरस के पास की घटना बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार ऑटो लालगंज से सवारी भरकर रायबरेली जा रहा था। उसी समय तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आ गया जिसमें 4 की मौके पर ही मौत हो गई वही सात लोग घायल है।

मामला लालगंज कोतवाली इलाके के नेशनल हाईवे 232 पर बदई का पूरवा के पास रायबरेली मार्ग पर हुआ है। बताया जा रहा है कि थ्री व्हीलर लालगंज से सवारियां लेकर रायबरेली जा रहा था और सामने से एक तेज रफ्तार डंपर चला आ रहा था। उसी समय यह घटना हुई है। सूचना पाकर मौके पर कई थानों की पुलिस पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।

प्रत्यक्षदर्शी राम कुमार ने बताया कि रायबरेली की तरफ से एक तेज रफ्तार डंपर ने लालगंज से सवारी भर कर जा रहे थ्री व्हीलर को सामने से टक्कर मार दी। जिसमें चार लोगों की मौके पर मौत हो गई। वही 7 लोगों को घायल अवस्था में अस्पताल भेजा गया है। ऑटो पर बैंड बाजा का सामान भी रखा हुआ था। जिससे यह लगता है कि बैठी हुई सवारी में कुछ लोग शादी विवाह का कार्यक्रम निपटा कर लौट रहे थे। इस मामले में लालगंज कोतवाली प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि घटना में चार लोगों की मौत हुई है। 7 लोग घायल हुए हैं। अभी तक मृतकों की शिनाख्त नहीं हो पाई है। उनकी शिनाख्ती का प्रयास किया जा रहा है। सभी मृतक अलग-अलग क्षेत्र के रहने वाले बताए जा रहे हैं।

# डीएम-एसपी ने जिला अस्पताल पहुचकर सड़क दुर्घटना में घायल मरीजों का जाना हाल



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने थाना लालगंज अन्तर्गत ग्राम बरस में ऑटो व डम्फर में टक्कर की दुखद सड़क दुर्घटना पर दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की तथा घायल मरीजों का हाल जानने के लिए जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। दुर्घटना में घायल लोगों को उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां पर उनका इलाज चल रहा है।

निरीक्षण के दौरान घायलों के स्थिति की जानकारी ली गई तथा उपचार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। जिलाधिकारी ने चिकित्सकों को बेहतर उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित कराते हुए इलाज करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला अस्पताल डॉ0 प्रदीप अग्रवाल सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# संघ पृष्ठभूमि के इ. रवि तिवारी हो सकते हैं महानगर अध्यक्ष

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



भारतीय जनता पार्टी में संगठनात्मक चुनाव चल रहा है। महानगर अध्यक्ष पद के लिए 57 लोगों ने दावेदारी की है, जिसमें बाल्यकाल से संघ की पृष्ठभूमि और दिल्ली से एम. टेक. जैसी उच्च एवं आधुनिक शिक्षा प्राप्त ई. रवि तिवारी की दावेदारी मजबूत मानी जा रही है। वे दिल्ली एवं हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों में जिला प्रचारक एवं द्विजिलाप्रचारक के दायित्व का निर्वहन कर चुके हैं। वे संघ के सहसरकार्यवाह के निजीसचिव भी रह चुके हैं।

वे भारतीय जनता पार्टी में विभिन्न पदों पर भी रह चुके हैं। वे संघ के विभिन्न आनुषंगिक संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भारतीय मजदूर संघ, हिन्दू जागरण मंच, विश्व हिन्दू परिषद, संस्कार भारती, विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी में भी कार्य कर चुके हैं। वे विवेकानंद संकल्प यात्रा, ग्राम देव दर्शन यात्रा, श्री राम दर्शन यात्रा के माध्यम से जनपद में अपने नेतृत्व का प्रदर्शन कर चुके हैं।

कयास लगाए जा रहे हैं कि अयोध्या पर केन्द्रीय नेतृत्व की नजर है, इसीलिए संघ या केन्द्रीय नेतृत्व के किसी बड़े नेता के आदेश पर ही उन्होंने अपना नामांकन किया है।

### प्रधान और लेखपाल की मिली भगत से सार्वजनिक तालाब की जमीन पर अवैध कब्जा

# तालाब की जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर डीएम से मिलने पहुंचे ग्रामीण

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जनपद के तिलोई तहसील अंतर्गत ग्राम बदायूं महमूदपुर परगना ओखा में सरकारी भूमि के अवैध पट्टे का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। आरोप है कि गांव के पूर्व प्रधान, वर्तमान प्रधान और लेखपाल की मिलीभगत से वेशकीमती सरकारी भूमि को अवैध रूप से कुछ प्रभावशाली लोगों को आवंटित कर दिया गया। जिससे सरकार को भारी नुकसान हुआ है।इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने प्रशासन से शिकायत की।लेकिन संतोषजनक कार्रवाई न होने पर वे सोमवार को डीएम अमेठी से मिलने जिला मुख्यालय पहुंचे।



**डीएम से मुलाकात नहीं, एसडीएम ने दिया आश्वासन**

डीएम से मुलाकात करने की कोशिश के बावजूद ग्रामीणों को उनसे मिलने का अवसर नहीं मिला। हालांकि उनकी बातचीत एसडीएम तिलोई से हुई।जिन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए दोषियों के खिलाफ जल्द ही सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**तालाब की जमीन भी अवैध रूप से आवंटित**

शिकायतकर्ताओं ने बताया कि ग्राम पंचायत की सार्वजनिक तालाब भूमि गाटा संख्या 305 को भी पट्टे पर दे दिया गया है ।जो कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के विरुद्ध है। ग्रामीणों का आरोप है कि तालाब की जमीन पर अब अवैध कब्जा हो चुका है ।इसे पुन: ग्राम पंचायत के नियंत्रण में लाया जाना चाहिए ।आरोपी लेखपाल ने फसली वर्ष 1430-1428 की खतौनी में राजकुमारी पन्नी सुखराम,रामसेवक मनोरमा पन्नी रामनरेश,सुरेश,शांति देवी पन्नी अमर बहादुर,रामसेवक पुत्र बृजमोहन आदि के नाम अवैध रूप से दर्ज कर दिया है ।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है, कि दोषियों को जल्द दंडित किया जाए और सरकारी भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया जाए ।वहीं मामले को लेकर एसडीएम तिलोई ने बताया कि संबंधित लेखपाल को हटा दिया गया है ।और एक जांच सीमित बनाकर इसकी जांच की जा रही है ।तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# त्योहारों को लेकर पुलिस अलर्ट अपराधियों पर कड़ी नजर

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



आगामी त्योहारों होली,रमजान और ईद के मद्देनजर जिले की पुलिस पूरी तरह सतर्क हो गई है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में विशेष अभियान चलाया जा रहा है।जिसमें गांव-गांव जाकर अपराधियों का सत्यापन किया जा रहा है।माफियाओं और अपराधियों पर नजर रखा जा रहा है।पुलिस टीमें ग्राम अपराध रजिस्टर-8 लेकर गांव-गांव पहुंच रही हैं।इस दौरान पुरस्कार घोषित अपराधियों,फरार अपराधियों और जिलाबदर अपराधियों की जानकारी जुटाई जा रही है।साथ ही चिह्नित माफिया और हिस्ट्रीशीटर्स की वर्तमान स्थिति की भी जांच की जा रही है।पुलिस विशेष रूप से होलिका दहन स्थलों पर नजर बनाए हुए है।पिछले पांच सालों में होली के दौरान हुई घटनाओं के आरोपियों का सत्यापन किया जा रहा है।और पुराने विवादों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा भी की जा रही है।वहीं अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।पुलिस ने स्पष्ट किया है कि त्योहारों के दौरान कोई भी अपराधी असहज स्थिति पैदा करने का प्रयास करता है,तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# महाकुंभ संपन्न होने के बाद अब रामनवमी पर उमड़ेंगे लाखों भक्त

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

महाकुंभ के पलट प्रवाह का प्रभाव तो खत्म हो चला है। अब अप्रैल माह में रामनवमी के अवसर पर फिर आस्था का ज्वार उमड़ने की संभावना है। अभी तक रोजाना तीन से चार लाख भक?त रामलला के दर्शन करने को अयोध्?या आ रहे थे। नव्य-भव्य राम मंदिर का निर्माण हो चुका है तो उनके धाम के जन्मोत्सव में सम्मिलित होने का आनंद कुछ अलग होगा।

प्रयागराज में महाकुंभ के पलट प्रवाह का प्रभाव तो खत्म हो चला है। अब अप्रैल माह में रामनवमी के अवसर पर फिर आस्था का ज्वार उमड़ने की संभावना है। अभी तक रोजाना तीन से चार लाख भक?त रामलला के दर्शन करने को अयोध्?या आ रहे थे। वैसे तो आराध्य भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव में सम्मिलित होने के लिए पूर्व के वर्षों से ही बड़ी संख्या में दूरदराज से श्रद्धालु यहां आते रहे हैं, लेकिन अब जबकि नव्य-भव्य राम मंदिर का निर्माण हो चुका है तो उनके धाम के जन्मोत्सव में सम्मिलित होने का आनंद कुछ अलग होगा।



इसी को देखते हुए श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने भी तैयारियां शुरू कर दी हैं। दर्शन की व्यवस्था को और समृद्ध किए जाने की योजना पर कार्य कि?या जा रहा है, जिससे अप्रैल में प्रवहमान होने वाले आस्था के वेग को नियंत्रित किया जा सके। दिव्य धाम में विराजमान रामलला के दर्शन के लिए बीते डेढ़ माह में लगभग डेढ़ करोड़ से अधिक श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे थे।

महाकुंभ के शुरुआती दिनों में जब भक्तों की संख्या में अप्रत्याशित रूप से दिन-प्रतिदिन बढ़ोतरी होने लगी और देश के विभिन्न प्रांतों से लोगों का आवागमन होने लगा तो पहले से उपलब्ध समस्त व्यवस्थाएं बौनी हो गई थीं। यद्यपि जल्द ही जिला प्रशासन व ट्रस्ट ने आपसी समन्वय से इस पर नियंत्रण पा लिया।

दर्शनावधि बढ़ा दी गई, प्रवेश व निकासी मार्ग अलग-अलग किया गया व रामनगरी की सड़कों पर प्रतिबंध लागू कर दिए गए। परिणामस्वरूप, महाशिवरात्रि के बाद तक प्रतिदिन तीन से चार लाख श्रद्धालु निरंतर दर्शन करते रहे। अब जबकि रामनवमी का पर्व नजदीक आ रहा है तो ट्रस्ट की ओर से अभी से तैयारियां की जा रही हैं, जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था न फैले। सूत्रों का कहना है कि ट्रस्ट की ओर से रामजन्मभूमि पथ के बगल में स्थित यात्री सुविधा केंद्र के अतिरिक्त पांच स्थानों पर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। अप्रैल में तेज धूप होने से श्रद्धालुओं के चलने के लिए दर्शन पथ पर मैटिंग बिछाई जाएगी। जगह-जगह कैनोपी लगवाई जाएगी, जिससे श्रद्धालु उसके नीचे बैठ कर विश्राम कर सकें। लेन की संख्या बढ़ाई जा सकती है तथा पहले से बनी लेन की मरम्मत कराई जाएगी। इसी के साथ भक्तों की संख्या के आधार पर दर्शन अवधि को भी बढ़ाने पर विचार किया जाएगा।

### इच्छुक छात्राएं 15 मार्च तक करें आवेदन

# राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में प्रवेश हेतु पंद्रह प्रतिशत आरक्षण सामान्य वर्ग को भी

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जिला समाज कल्याण अधिकारी मनोज कुमार शुक्ल ने बताया कि जनपद के जय प्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका इण्टर कालेज असैदापुर गौरीगंज में आगामी शिक्षा सत्र में कक्षा छ सात आठ नौ एवं ग्यारह में छात्राओं का प्रवेश रिक्त 142 सीटों पर प्रवेश परीक्षा के माध्यम से किया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रवेश हेतु कक्षाओं में रिक्तियों की 60 प्रतिशत अनुसूचित जाति,25 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग तथा 15 प्रतिशत सामान्य वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों से कक्षावार आरक्षण का लाभ प्रदान करते हुए भरा जायेगा।विद्यालय में छात्राओं के प्रवेश हेतु परीक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए हैं।और 15 मार्च आवेदन करने की अन्तिम तिथि निर्धारित की गयी है।

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धि पत्र**

**कैरेज एण्ड वैगन वर्कशाप, आलमबाग, लखनऊ में रूफ टॉप सोलर प्लांट के प्रावधान** का कार्य हेतु एन.आई.टी. सं0 विद्युत/डब्ल्यू/आलमबाग/198/2024-25 दिनांक 25.02.2025 द्वारा निविदायें आमंत्रित की गयी हैं जिसका शुद्धि पत्र दिनांक 03.03.2025 को जारी किया गया एवं आई.आर.ई.पी.एस वेबसाईट पर उपलब्ध हैं। 678/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# अयोध्या में बिना पंजीकरण वाले होम स्टे-होटलों पर कार्रवाई शुरू

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

अयोध्या में बिना पंजीकरण वाले होम स्टे और होटलों पर कार्रवाई शुरू हो गई है। मान अवध होटल को सील कर दिया गया है। विकास प्राधिकरण ने करीब एक हफ्ते पहले भवन स्वामी को नोटिस जारी की थी जिसका संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया। इसी आरोप में चार अन्य होम स्टे पर भी कार्रवाई की जाएगी। मान होटल में ही दिल्ली के श्रद्धालुओं के साथ मारपीट हुई थी।

इसकी शुरुआत अमानीगंज स्थित उस मान अवध होटल से की गई, जहां कुछ दिन पहले दिल्ली के श्रद्धालुओं से मारपीट की गई थी।

इसका वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ था। इसके बाद पुलिस ने होटल संचालक का शांतिभंग में चालान कर दिया था। शनिवार को एसडीएम सदर विकासधर दुबे के नेतृत्व में पहुंची टीम ने भवन को सील कर दिया।

एडीएम ने बताया कि मान अवध का सराय एक्ट में पंजीयन नहीं पाया गया है। विकास प्राधिकरण ने करीब एक हफ्ते पहले भवन स्वामी को नोटिस जारी की थी, जिसका संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया। इसी आरोप में चार अन्य होम स्टे पर भी कार्रवाई की जाएगी। ये सभी साहबगंज और अमानीगंज क्षेत्र में हैं।

श्रद्धालुओं को विश्राम की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए रामनगरी में 1136 होम स्टे संचालित हैं। इसके विपरीत बड़ी संख्या में अवैध होम स्टे संचालित हो रहे हैं, जहां श्रद्धालुओं से मनमानी वसूली हो रही है। इसकी शिकायत मिलने के बाद प्राधिकरण ने जांच शुरू करा दी है।

पहले चरण में पांच भवन ऐसे पाए गए हैं, जो सराय एक्ट और होम स्टे दोनों में पंजीकृत नहीं है। एसडीएम ने बताया कि प्राधिकरण की ओर से उपलब्ध कराई गई सूची के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। मान अवध को सील कर दिया गया है। लगातार कार्रवाई की जा रही है।

पशुपालन विभाग में लगता है ग्रहों की चाल उल्टी हो गई है। सेवानिवृत्त मुख्य पशु चिकित्साधिकारी (सीवीओ) जगदीश सिंह के बाद नया प्रकरण उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी (डिप्टी सीवीओ) अरुणेंद्र कुमार सचान से जुड़ा सामने आया है।

# महाकुंभ से बढ़ा राम मंदिर का कोष: 45 दिनों में रामलला को रिकॉर्ड इतने रुपये चढ़े, विदेशी मुद्राओं का भी मिला दान

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

प्रयागराज कुंभ मेले के दौरान अयोध्या के राम मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। 45 दिनों में 66 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। इस दौरान अयोध्या में भक्तों ने रामलला के दर्शन किए। मंदिर में चढ़ावा भी रिकॉर्ड स्तर पर रहा। सिर्फ नकदी के रूप में करीब 30 करोड़ रुपये चढ़े। विदेशी मुद्राएं भी बड़ी संख्या में मिलीं। प्रयागराज में महाकुंभ 2025 मेले की अवधि 45 दिनों तक थी। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार मेले में 66 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। ये श्रद्धालु आसपास के धार्मिक क्षेत्र अयोध्या, काशी और मथुरा भी जा रहे थे। इन शहरों में भी बड़ी संख्या में भीड़ जमा रही। इसी का नतीजा रहा कि महाकुंभ अवधि में औसत रूप से नित्य चार से पांच लाख श्रद्धालु रामलला का दर्शन करते रहे। इन सभी ने अपने आराध्य के चरणों में आस्था का अर्पण भी दिल खोलकर किया। मकर संक्रांति से महाशिवरात्रि की अवधि में लगभग 30 करोड़ रुपये तो सिर्फ नकदी के रूप में चढ़े।

नित्य दान पात्रों से एक करोड़ रुपये प्राप्त हुए। एक ऐसा दौर भी आया, जब दान पात्र कम पड़ गए। पहले 24 दान पात्र थे, जो बढ़ाकर 34 कर दिए गए। ये दानपात्र मंदिर के अलावा दर्शन मार्ग पर लगे हैं। थोड़े समय में ही दान पात्र भर जाते थे। 40 से अधिक कर्मचारी भी गिनती करते रहे। रुपये के अतिरिक्त दान पात्र में अमेरिका, आस्ट्रेलिया, कनाडा, चीन, बांग्लादेश, जापान, भूटान, नेपाल, न्यूजीलैंड, वियतनाम, इग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका आदि देशों की मुद्राएं भी बड़ी संख्या में मिलीं, हालांकि इनकी गिनती बाकी है। इस अवधि में एक करोड़ 50 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

मंदिर के वित्तीय प्रबंधन से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि इस बार नकदी के दान का महारिकॉर्ड बना। लगभग 30 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। बताया कि इसके अलावा भी लोगों ने चेक व आनलाइन माध्यम से भी श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को धनराशि भेजी। नए वर्ष की पूर्व संध्या से बढ़ने लगे श्रद्धालु व चढ़ावा राम मंदिर में गत वर्ष की रामनवमी हो या फिर अन्य उत्सव, श्रद्धालुओं की संख्या मुख्य चिंता का विषय बनी, लेकिन जनवरी 2025 की पूर्व संध्या से ही यहां भक्त उमड़ने प्रारंभ हुए। एक नई सुबह का उदय हुआ। जनवरी माह के प्रथम सप्ताह में औसत रूप से डेढ़ लाख भक्तों ने नित्य दर्शन किया।




**बसंतकालीन गन्ना बुवाई में किसानों को...**

गन्ना भवन पीलीभीत में आयोजित सी.आई.सी. बैठक में गन्ना बुवाई, आपूर्ति और पेराई को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक की अध्यक्षता जिला गन्ना...

▸ शेष पेज 10 पर...

# भाजपा पदाधिकारी के देवर ने वीडियो बनाकर फंदे से लटककर दी जान





**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

पापा मैंने सबको परेशान किया है। खासकर आपको, अपने भाई, पत्नी पूजा और भाभी को। जो मैं करने जा रहा हूं, उसमें किसी का कोई रोल नहीं है, न कोई इसका जिम्मेदार है। बस एक निवेदन है आपसे, पापा पूजा और मेरे बच्चे को आप संभाल लीजिएगा। यह बात एक वीडियो में रिकॉर्ड कर ससुर को व्हॉट्सएप पर भेजने के बाद भाजपा की एक पदाधिकारी के देवर ने फंदे से लटककर जान दे दी। परिजन जब तक घर पहुंचे तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से पूछताछ कर छानबीन की। फिर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

बजरिया थानाक्षेत्र के ब्रह्मनगर निवासी विशाल (32) एक टेलीकॉम कंपनी में काम करता था। परिवार में बड़ा भाई विकास, भाभी गीता उनका छोटा बेटा सार्थक हैं। कुछ समय पहले विशाल की शादी बर्रा कर्रही निवासी पूजा से हुई थी। भाजपा महिला मोर्चा की कौशलपुरी मंडल की उपाध्यक्ष गीता ने बताया कि देवर विशाल पूजा को लेकर रविवार दोपहर ससुराल गया था। वहां उसे छोड़ने के बाद वह ब्रह्मनगरनगर वाले घर गया।

सोमवार को वह बेटे को दोपहर तीन बजे स्कूल लेने गईं थीं। तभी विशाल के ससुर का फोन आया कि विशाल ने उनके व्हॉट्सएप पर सुसाइड करने की बात कहते हुए एक वीडियो भेजा है। वीडियो देखा तो वह ब्रह्मनगर पहुंच गई। यहां काफी देर तक दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। इसके बाद इलाकाई लोग इकट्ठा हुए और दरवाजा तोड़ने का काफी प्रयास किया। फिर उसी कमरे के बगल में उनके कार्यालय के दूसरे दरवाजे से अंदर घुसे तो विशाल का शव पंखे के कुंडे में साड़ी के फंदे से लटक रहा था। बजरिया इंस्पेक्टर अरविंद कुमार शर्मा के अनुसार परिजनों ने अभी तक कोई तहरीर नहीं दी है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

**रुपये के लेनदेन पर परेशान करने का लगाया आरोप**

गीता ने एक महिला पर रुपए के लेनदेन को लेकर उसे प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। वहीं परिवार के लोगों का कहना था कि विशाल पर बहुत कर्ज था। उसे घरवालों और ससुरालीजन ने जेवर तक बेचकर खत्म कराया था।

## एटीएम कार्ड बदलकर खाते से उड़ाए 80 हजार रुपये, रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

एटीएम से पैसे निकालने गए प्राइवेट कर्मी का कार्ड बदलकर शातिर ने खाते से 80 हजार रुपये पार कर दिए। कर्मी ने गुजैनी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बर्रा आठ निवासी प्राइवेट कर्मी ओंकार नाथ शुक्ल 16 फरवरी को बर्रा आठ स्थित एटीएम से 10 हजार रुपये निकालने गए थे। रुपये निकालने के दौरान एक युवक उनके पास आया और उनसे गंदे कैमरे को साफ करने को कहा। उनका ध्यान उस ओर कर के आरोपी ने एटीएम कार्ड बदल दिया।

उन्होंने रुपये निकालने की कोशिश की लेकिन पैसे नहीं निकले। वह घर वापस लौटे तो पता चला कि कार्ड उनका नहीं है।

इसके बाद बैंक गए तो पता चला कि उनके खाते से 80 हजार रुपये निकल गए हैं। गुजैनी थाना प्रभारी विनय तिवारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपों की जांच की जा रही है।

# आय से अधिक संपत्ति के मामले में कताई मिल संघ के लेखाकार के खिलाफ रिपोर्ट

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



आय से अधिक संपत्ति के मामले में एंटी करप्शन की टीम ने कताई मिल संघ के लेखाकार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। आरोप है कि लेखाकार ने जितनी कमाई दिखाई उससे 22.31 प्रतिशत रुपये ज्यादा खर्च कर दिया। लेखाकार से दस्तावेज दाखिल करने के लिए कहा गया है। उनका अध्ययन कर आगे कार्रवाई की जाएगी।

चकेरी के श्यामनगर सी-ब्लॉक निवासी नवनीत रंजन श्रीवास्तव उत्तर प्रदेश सहकारी कताई मिल संघ में आंकिक लेखाकार के पद पर कार्यरत है। आय से अधिक संपत्ति का संदेह होने पर 6 सितंबर 2023 को संयुक्त सचिव औद्योगिक विकास ने एंटी करप्शन यूनिट को पत्र लिखकर मामले में जांच करने को कहा था। पत्र का संज्ञान लेते हुए 29 सितंबर 2023 को एसपी एंटी करप्शन ने कानपुर यूनिट को जांच करने के निर्देश दिए थे।

मामले की जांच में इंस्पेक्टर अर्चना शुक्ला ने जब नवनीत का एक साल का आय और व्यय का डाटा निकाला तो पता चला कि उसने आय के समस्त वैध स्रोतों से कुल रुपये 1 करोड़, 72 लाख, 6 हजार, 167 रुपए की आय अर्जित की। वहीं, इसी अवधि में लेखाकार ने विभिन्न परिसम्पत्तियां एवं पारिवारिक भरण पोषण आदि पर 2 करोड़, 10 लाख, 45 हजार, 699 रुपये का खर्च किया।

आय का 22.31 प्रतिशत यानी 3839532.33 रुपये ज्यादा खर्च करने की पुष्टि हुई।

इंस्पेक्टर ने बताया कि नवनीत को दस्तावेज सौंपने और अपना बयान दर्ज कराने के लिए पर्याप्त समय दिया गया।

मगर न उसने दस्तावेज दिए, न ही बयान दर्ज कराने के लिए पेश हुआ। इसी के बाद एंटी करप्शन यूनिट के थाना कानपुर में नवनीत के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## क्षमता दिखाने के लिए कार्यकर्ताओं के पास सिर्फ दो वर्ष का समय: अजय राय

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



प्रदेश कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि भाजपा को सरकार से बेदखल करने के लिए पार्टी कार्यकर्ता पास सिर्फ दो वर्ष का समय है। यदि इसमें सफल नहीं हुए तो प्रदेश का ताना बाना बिगड़ सकता है। वह रविवार को महानगर आए थे। उन्होंने कहा कि यह समय बेरोजगारी और महंगाई के खिलाफ लड़ने का है। साथ ही सांप्रदायिक सौहार्द को कायम रखना भी कांग्रेस के सामने चुनौती है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हमें संविधान बचाने को जन आंदोलन के लिए तैयार रहना है। कहा कि यदि कांग्रेस जनों ने इन बुनियादी मुद्दों पर संघर्ष कर लिया तो 2027 में पार्टी एक नई इबारत लिख सकती है। आरोप लगाया कि सरकार कुंभ के नाम पर अपना ढिंढोरा पीट रही है। राहुल गांधी के कुंभ न जाने के सवाल पर उन्होंने जवाब दिया कि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत भी तो कुंभ नहाने नहीं गए। कहा कि पूरा कुंभ मेला समस्याओं से पटा रहा। उन्होंने अधिवक्ता संशोधन बिल को लेकर भी सरकार की नीतियों की निंदा किया। इस बीच अजय राय पूर्व मंत्री चौधरी नरेंद्र सिंह के पुत्र स्व. सतवीर सिंह की विकास नगर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में भी शामिल हुए। इस बीच वह कार्यकर्ता अवनीश सलूजा के घर भी गए। महानगर पहुंचने पर प्रदेश अध्यक्ष स्वागत शहर अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी आलोक मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव दरियावादी, नरेशचंद्र त्रिपाठी, सोहेल अख्तर अंसारी, महेश मेघानी, दिलीप शुक्ला, हरप्रकाश, संदीप शुक्ला, मनीष बाजपेई, लल्लन अवस्थी, डब्बू दीक्षित, हरीश गुप्ता, संजीव मिश्रा, रामदौर सविता, नूर आलम, बल्ली त्रिवेदी, मुकेश दुबे सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने किया।

## पुलिस कमिश्नर ने किया रामादेवी चौराहे के निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने सोमवार को रामादेवी चौराहे का निरीक्षण किया। वहीं चौराहे पर अराजकता देख सीपी ने थाना प्रभारी को फटकार भी लगाई। साथ ही चौराहे से अतिक्रमण समाप्त करने के निर्देश दिये। पुलिस आयुक्त अखिल कुमार करीब ढाई बजे रामादेवी चौराहे पर सिविल ड्रेस में पहुंचे। जिसके बाद उन्होंने घूम-घूमकर रामादेवी चौराहे का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने यातायात व्यवस्था का जायजा लिया और सड़क पर सुचारु यातायात संचालन को लेकर अतिक्रमण को हटाए जाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान प्रमुख रूप से अतिक्रमण, ट्रैफिक जाम और अव्यवस्थित पार्किंग जैसी समस्याओं पर चर्चा कर थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि चौराहे पर यातायात सुचारु रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं और ट्रैफिक नियमों के पालन को सुनिश्चित किया जाए।

# बमबाज के बेटे अरसलान ने घर में घुस कर किशोरी से किया दुष्कर्म



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

जूही थानाक्षेत्र निवासी बमबाज के बेटे अरसलान पर इलाके की एक किशोरी ने घर के अंदर घुसकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। किशोरी की मां ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। रविवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जूही निवासी पीड़िता की मां के मुताबिक शनिवार को वह जरूरी काम से बाजार गई थीं। घर पर बेटी अकेली थी।

शेरखान जिम के पास रहने वाले बमबाज का बेटा अरसलान घर में घुस आया। उसने बेटी का मुंह दबाकर दुष्कर्म किया। साथ ही किसी को कुछ बताने पर परिवार को जिंदा जलाकर मारने की धमकी दी और भाग निकला। जब वह वापस लौटीं तो बेटी को सिसकते पाया। कारण पूछा तो उसने पूरी आपबीती सुनाई। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। रविवार को पीड़िता ने थाने में अपने बयान दर्ज कराए हैं। एडीसीपी साउथ महेश कुमार ने बताया कि पीड़िता की मां की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। सोमवार को किशोरी का मेडिकल कराया जाएगा।

## अपात्रों को मनरेगा मजदूरी देने वाले दोषियों से होगी वसूली

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

विकास खंड शिवराजपुर में 15 अपात्रों को आवास देने के मामले में निलंबित सचिव, प्रधान और तकनीकी सहायक से मनरेगा कार्यों के भुगतान की वसूली होगी। जिलाधिकारी के निर्देश पर उपायुक्त मनरेगा ने सभी को नोटिस जारी कर सभी से 22,989 रुपये वसूलने के निर्देश दिए हैं। शिवराजपुर ब्लाक के निवादा मघई ग्राम पंचायत में ग्राम विकास अधिकारी ने 15 अपात्रों को मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ दे दिया था। जांच में प्रधान कैलाश, तकनीकी सहायक अरविंद बाजपेई और सचिव मनोज वर्मा दोषी मिले थे। सीडीओ दीक्षा जैन के निर्देश पर सचिव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें निलंबित कर दिया गया था। वहीं, मनरेगा मजदूरी के नाम पर करीब 70 हजार रुपये का भुगतान भी किया गया था। जिसपर जिलाधिकारी के निर्देश पर मनरेगा मजदूरी धनराशि की वसूली करने के आदेश दिए हैं। अब तीन लोगों से बराबर -बराबर धनराशि की वसूली की जाएगी।

# प्लॉट बेचने का झांसा देकर 8.50 लाख की ठगी, रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



चकेरी के श्यामनगर जवाहरनगर निवासी मोहम्मद हफीज खान से जालसालों ने प्लॉट बेचने का झांसा देकर 8.50 लाख रुपये हड़प लिए। रुपये मांगने पर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। हफीज ने बताया कि कुछ साल पहले उनके बेटे शोएब खान और पत्नी फरहा खान ने मिलकर एक प्लॉट खरीदने के लिए बासमंडी निवासी अकील हसन उर्फ बउवन से मुलाकात की।

उसने बेटे और बहू को 50 वर्गगज जमीन 10.50 लाख में देने के लिए कहा। हफीज ने विक्रय अनुबंध पत्र बनवाकर आरोपी को 8.50 लाख रुपये दे दिए। बाकी की रकम रजिस्ट्री के बाद देने की बात तय हुई लेकिन रकम मिलने के बाद से आरोपी अकील जमीन की रजिस्ट्री करने में टाल मटोल करने लगा। उन्होंने अपनी रकम वापस मांगी तो आरोपी ने 25 नवंबर 2024 को दो लाख की चेक दी। साथ ही शेष रकम भी 15 दिन के भीतर वापस करने के लिए कहा। चेक बाउंस होने के बाद 20 दिसंबर 2024 को उन्होंने आरोपी से फिर रकम वापस मांगी। इस पर आरोपी ने गालीगलौज कर धमकाया और रकम वापस करने से मना कर दिया। आरोप है कि चकेरी पुलिस और पुलिस कमिश्नर से शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कोर्ट की शरण ली। थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# सुपर ओवर में जीती आरएलएल गंगा बिठूर की टीम



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर प्रीमियर लीग (केपीएल) का पहला ही मैच सुपरओवर के रोमांच से भरपूर रहा। आरएलएल गंगा बिठूर के 19.5 ओवर में 147 रनों के जवाब में सीसामऊ सुपरकिंग्स की टीम भी 20 ओवर में छह विकेट पर 147 रन बना सकी। मैच का नतीजा सुपरओवर से निकला जिसमें बिठूर टीम ने विजयी आगाज किया।

सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी करने उतरी सीसामऊ की टीम पांच गेंदों में दोनों विकेट गंवाकर चार रन ही बना सकी। जवाब में बिठूर टीम के कप्तान प्रशांत अवस्थी ने चार गेंदों में पांच रन बनाते हुए टीम को शानदार जीत दिलाई। मैच में टॉस जीतकर सीसामऊ सुपर किंग्स ने गेंदबाजी का फैसला लिया।

गंगा बिठूर टीम के तीन बल्लेबाज मात्र 10 रन पर ही पवेलियन लौट गए। तीनों विकेट तेज गेंदबाज किशन सिंह ने चटकाए। उन्होंने राहुल सिंह (6), अमन यादव (3) और सागर शर्मा का विकेट लिया। इसके बाद कप्तान प्रशांत अवस्थी ने विराट जायसवाल के साथ मिलकर 73 रनों की साझेदारी कर टीम को संकट से उबारा।

प्रशांत 50 रनों पर आउट हुए। विराट 28 रन बना सके। किशन ने 18 रन देकर चार, सत्यम और नूरेन अली ने दो-दो और ध्रुव प्रताप सिंह ने एक विकेट चटकाया। सीसामऊ के कप्तान आदर्श सिंह और सार्थक लोहिया ने सधी शुरुआत दी। आदर्श 19 रन पर आउट हुए। सुधांशु चौरसिया ने 14 रन बनाए। फिर सार्थक 26 रन पर स्टंपिंग हुए। युवराज पांडेय पांच रन, सत्यम पांडेय आठ रन बनाकर आउट हुए। आखिरी गेंद पर मो. अली (7) के रनआउट होने से मैच सुपरओवर में पहुंच गया। सीसामऊ की टीम 20 ओवर में छह विकेट पर 147 रन ही बना सकी। अभिषेक 37 गेंदों में पांच छक्के और तीन चौके लगाकर नाबाद 65 रन बनाकर लौटे।

# पंचायत चुनाव में तीन हजार मतदाताओं पर एक बीएलओ होंगे तैनात



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

राज्य निर्वाचन आयोग ने इस वर्ष होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं। एडीएम सिटी डॉ. राजेश कुमार ने चारों तहसीलों के एसडीएम को पत्र जारी कर बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) और पर्यवेक्षकों की सूची मांगी है।

मतदाता सूची के संसोधन में समस्या न हो इसके लिए 3000 मतदाताओं पर एक बीएलओ की तैनाती की जाएगी। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत व ग्राम पंचायतों के चुनाव होते हैं। चुनाव में मतदाता सूची संशोधित करने के लिए बीएलओ की ड्यूटी लगाई जानी है। इससे पहले उनकी सूची राज्य निर्वाचन आयोग को भेजी जाएगी। जिला प्रशासन भी पंचायत चुनाव की घोषणा से पहले तैयारी में जुट गया है। सदर, घाटमपुर, नर्वल व बिल्हौर तहसील के एसडीएम को पत्र भेजकर बीएलओ की सूची मांगी गई है। एडीएम सिटी डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि शिक्षकों, लेखपालों, ग्राम पंचायत सचिवों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका का ब्योरा लेना है। इसी आधार पर पंचायत चुनाव की मतदाता सूची में मतदाताओं के नाम बढ़ाने व घटाने का काम होगा। पर्यवेक्षक में राजस्व निरीक्षक, सहायक विकास अधिकारी, कृषि निरीक्षक, माध्यमिक स्कूलों के शिक्षक नियुक्त होंगे।

# डीएम का आदेश नहीं माना, लगा पांच लाख जुर्माना

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



तहसील सदर में जिलाधिकारी के निर्देश के बाद भी पार्किंग की खामियां दूर न करने पर कार्यदायी संस्था पर पांच लाख का जुर्माना लगाया गया है। संस्था को होने वाले भुगतान से यह पैसे काटे जाएंगे। 20 जनवरी को तहसील सदर में निर्माणाधीन मल्टीलेवल पार्किंग के औचक निरीक्षण में डीएम को बीम टेढ़ी और कई जगह बोरियां लगी मिलीं थी। बीम में दरारें भी थीं। जिलाधिकारी ने संस्था के अधिकारियों को फटकार लगाने के साथ खामियां दूर करने के निर्देश दिए थे। कमियां दूर न करने पर संस्था पर जुर्माना लगाया गया है। तहसील सदर में स्मार्ट सिटी फंड के 48 करोड़ रुपये से निर्माण कार्य हो रहा है। 300 कार और 200 बाइक पार्क करने की व्यवस्था की जा रही है।

जिलाधिकारी ने एक माह पहले निरीक्षण में पाया था कि बीम में प्लास्टिक की बोरियां भरी थीं। इन्हें बिना निकाले प्लास्टर किया जा रहा था। कई बीमों में दरारें थीं। प्रोजेक्ट मैनेजर को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया था। जिलाधिकारी ने घटिया निर्माण को दोबारा सही करने के निर्देश थे, लेकिन कार्यदायी संस्था ने कोई काम ही नहीं किया।

## सीएसजेएमयू में शुरू होगा एसडीजी गोल्स प्रकोष्ठ

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** सतत विकास लक्ष्यों को पूरा करने के उद्देश्य से छत्रपति शाहूजी महाराज विवि में सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स (एसडीजी) प्रकोष्ठ की स्थापना की जाएगी। इसकी मदद से विवि को सतत विकास से जोड़ा जाएगा। एसडीजी गोल्स के निदेशक के पद पर डॉ. हिमांशु त्रिवेदी को नियुक्त किया गया है। वहीं, शनिवार देर रात कुलसचिव कार्यालय से जारी आदेश में विश्वविद्यालय में 30 से अधिक अकादमिक और प्रशासनिक पदों पर बदलाव किए गए हैं। विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में डॉ. विशाल शर्मा को विभागाध्यक्ष और सहायक विभागाध्यक्ष के रूप में डॉ ओम शंकर गुप्ता को नियुक्त किया गया है। अटल बिहारी वाजपेई स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज में डॉ. पंकज द्विवेदी को निदेशक और सहायक निदेशक रूप में दिव्यांशु शुक्ला और मयूरी सिंह को नियुक्त किया गया।

## ट्रांसपोर्ट कर्मी ने शादी का झांसा देकर किया यौन शोषण

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** दिल्ली के कॉल सेंटर में काम करने वाली शहर की एक युवती ने अपने परिचित युवक पर शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोप लगाया है। उसने दिल्ली के इंद्रापुरी थाने में युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अब इस मामले की जांच गोविंदनगर स्थानांतरित की गई है। श्याम नगर निवासी दलित युवती वर्तमान में दिल्ली में रहती है। उसके मुताबिक वर्ष 2017 में फेसबुक के माध्यम से उसकी दोस्ती हरियाणा के भिवानी के बॉड खुर्द निवासी रोहित शर्मा से हुई थी। उसने कहा था कि वह कानपुर में ट्रांसपोर्ट कंपनी में काम करता है। 25 दिसंबर 2017 को पहली मुलाकात हुई। अंतरजातीय होने के बावजूद उसने उन्हें शादी करने का वायदा किया।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।


| | | |
|---|---|---|
| 01 | कार्य का नाम | कन्वर्शन ऑफ बी.जी. कोचेज इन–टू ए.आर.टी./ए.आर.एम.ई. (32 कोचेज)। |
| 02 | कार्यस्थल | सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ |
| 03 | अनुमानित लागत | रु. 5,10,20,745/– मात्र। |
| 04 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य |
| 05 | बिड सिक्युरिटी | रु. 4,05,100/– मात्र। |
| 06 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 01 वर्ष। |
| 07 | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनांक–10.03.2025 से 24.03.2025 समय 15:00 बजे तक |
| 08 | प्रमाणपत्र | फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company/Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure-A (a) (यदि Partnership/HUF/JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। |
| 09 | खुलने का समय | निविदा फॉर्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। |
| 10 | कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट– www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 11 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है | |

निविदा सूचना सं.: 2025–ए.एम.वी.–सी एंड डब्लू–ईनिविदा–12 दिनांक: 28.02.2025 677/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# चौरसिया समाज के सामूहिक विवाह में 25 जोड़ों ने पहनाई जयमाला

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



कानपुर। मोतीझील स्थित लाजपत भवन में रविवार को चौरसिया समाज के सामूहिक विवाह समारोह में 25 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने कई प्रस्तुतियां दीं। सुबह नौ बजे घोड़ों पर सवार होकर दूल्हे निकले। ढोल-नगाड़ों पर बराती जमकर झूमे।

इसके बाद वर-वधुओं ने एक-दूसरे को जयमाला पहनाई तो लोगों ने पुष्पवर्षा की। संरक्षक कमलाकांत चौरसिया ने बताया कि महासभा की ओर से अब तक 23 कार्यक्रम कराए चुके हैं। अध्यक्ष कमल चौरसिया, कार्यक्रम संयोजक अमित चौरसिया, शशिकांत चौरसिया, शैलेष चौरसिया, पवन, सुरेश, किशन चौरसिया आदि मौजूद रहे।

**मूक–बधिर बने जीवन साथी**

सामूहिक विवाह समारोह में हरदोई के बांसा गांव निवासी सुमित कुमार व संडीला की काजल चौरसिया ने भी सात फेरे लिए। दोनों हरदोई के मूक-बधिर स्कूल में साथ पढ़ते थे, तभी से एक-दूसरे को चाहने लगे। परिजनों ने रविवार को उन्हें विवाह के बाद आशीर्वाद दिया। सुमित तंबाकू की फैक्टरी में काम करते हैं।

निखिल बाबू-वैष्णवी, प्रियांशु-अंजलि, विशाल-सोनी, कुलदीप-प्रीति, अंकित-सरिता, सोनू-आरती, अजय-आरती, दिनेश कुमार-रेखा, संजय-सोनम, कमलेश कुमार-शालिन, रोहित-रश्मि देवी, सूरज चौरसिया-कुसुम देवी, राम बालक-कंचन, कौशल-सपना, जितेंद्र कुमार-कोमल, शत्रुघ्न-नेहा, राहुल-सविता, सचिन-निधि, दीपू-रूबी, मोहित कुमार-काजल, रंजीत-मानसी, संजीत कुमार-रुचि, मुकेश-शिवानी, दीपक-आरती, सुमित कुमार-काजल।

## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# चर्चा इस पर करिये कि यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने अपने देश के साथ क्या किया

**ट्रंप ने कहा कि ज़ेलेंस्की को तत्काल युद्ध विराम करना चाहिए, युद्ध विराम तुरंत हो सकता है। यदि आप युद्ध समाप्त करना चाहते हैं, तो आपको एक समझौते पर हस्ताक्षर करना होगा। उन्होंने कहा कि यदि ज़ेलेंस्की कहते हैं कि उन्हें युद्ध विराम नहीं चाहिए तो उन्हें अमेरिका के बिना लड़ना होगा और यदि वे अमेरिका के बिना लड़ते हैं, तो ये आसान नहीं होगा क्योंकि हमारे बिना वे जीत नहीं सकते। उन्होंने कहा कि ज़ेलेंस्की को यह महसूस करने की जरूरत है कि वह युद्ध हार रहे हैं। ट्रंप ने कहा, मैं अब और युद्ध नहीं लड़ना चाहता।**

*यूक्रेन में भी एक आपदा सरकार चल रही है जिसके राष्ट्रपति हैं वोलोदमीर जेलेंस्की। जेलेंस्की ने पद संभालने के बाद से अपने देश को आपदा में झोंक दिया। रूस के साथ तीन वर्ष से चल रहे युद्ध में यूक्रेन पूरी तरह तबाह हो चुका है। लाखों लोग मारे गये हैं, आधी जनता दूसरे देशों में भाग कर शरणार्थी जीवन गुजार रही है, सारे संसाधन तबाह हो चुके हैं लेकिन जेलेंस्की को युद्ध युद्ध खेलना अब भी अच्छा लग रहा है। वह अब भी कह रहे हैं कि संघर्षविराम के लिए राजी नहीं होंगे। देखा जाये तो इस युद्ध में यदि यूक्रेन को बड़ी शक्तियों का साथ नहीं मिलता तो वह दो दिन भी मैदान में नहीं टिक सकते थे लेकिन जेलेंस्की अब भी यह नहीं समझ पा रहे हैं कि किसी भी देश के लिए उनकी मदद करते रहने की एक सीमा है। जेलेंस्की को समझना होगा कि दो देशों का युद्ध अगर तीसरे विश्व युद्ध में तब्दील हुआ तो पहले ही तमाम चुनौतियों से जूझ रही दुनिया के लिए मुश्किलें और बढ़ जायेंगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने जेलेंस्की को ओवल ऑफिस में मुलाकात के दौरान जिस तरह खरी खरी सुनाई उसकी दुनियाभर में तारीफ हो रही है। हालांकि एक वर्ग अमेरिकी राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति की ओर से जेलेंस्की के साथ किये गये बर्ताव को अमर्यादित बता रहा है लेकिन ऐसे लोगों को समझना होगा कि जेलेंस्की की सनक की सजा यूक्रेन के साथ ही पूरी दुनिया को भुगतने की इजाजत नहीं दी जा सकती। जहां तक ओवल ऑफिस में अमेरिका और यूक्रेन के राष्ट्रपति के बीच हुई तीखी बहस की बात है तो आपको बता दें कि पहले से ही तनावपूर्ण माहौल में हो रही बैठक में उस समय बड़ा विस्फोट हो गया जब वेंस ने रूस-यूक्रेन युद्ध का समाधान निकालने के लिए कूटनीति की आवश्यकता पर जोर दिया। इस दौरान ज़ेलेंस्की ने हाथ जोड़कर प्रतिवाद किया कि रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन पर भरोसा नहीं किया जा सकता। जेलेंस्की ने कहा कि आप किस तरह की कूटनीति की बात कर रहे हैं, जेडी इस पर वेंस ने पलटवार करते हुए कहा, मैं उस तरह की कूटनीति के बारे में बात कर रहा हूं जो आपके देश के विनाश को रोकेगी। इस दौरान ज़ेलेंस्की ने पुतिन के प्रति उनके नरम रुख को लेकर ट्रंप को खुली चुनौती दी और उनसे हत्यारे के साथ कोई समझौता नहीं करने का आग्रह किया। ज़ेलेंस्की ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के हमारे बड़े हिस्से पर कब्ज़ा कर लिया। उन्होंने कहा कि 2014 के दौरान किसी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को नहीं रोका। उन्होंने लोगों को मार डाला। जेलेंस्की ने कहा कि 2019 में मैंने उनके साथ युद्धविराम के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए मगर उन्होंने युद्धविराम तोड़ा, हमारे लोगों को मारा और कैदियों की अदला-बदली नहीं की इसलिए आप किस तरह की कूटनीति की बात कर रहे हैं? जेलेंस्की की बात का जवाब देते हुए, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा, मैं उस कूटनीति की बात कर रहा हूँ जो देश के विनाश को समाप्त कर सकती है। जेडी वेंस ने कहा कि आपको अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का शुक्रिया अदा करना चाहिए क्योंकि अमेरिका के ओवल ऑफिस में आना और उस प्रशासन पर हमला करना अपमानजनक है जो आपके देश के विनाश को रोकने की कोशिश कर रहा है। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि मैं पुतिन या किसी और के साथ नहीं हूं, मैं संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ हूं और दुनिया की भलाई के लिए संवाद में शामिल हूं। उन्होंने कहा कि पुतिन के लिए ज़ेलेंस्की के मन में जो नफरत है, उस तरह की नफरत के साथ समझौता करना बहुत मुश्किल है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**भारत की उदारता को बांग्लादेश हमारी कमजोरी न मान ले, इसलिए उसे बताना जरूरी है कि भारत से टकराव की कीमत उसे भविष्य में चुकानी पड़ सकती है। यह भी कि संबंधों में यह कसैलापन, दौगलापन एवं टकराव लंबे समय तक नहीं चल सकता। उसकी यह कटुता उसके लिये ही कालांतर में घातक एवं विनाशकारी साबित हो सकती है। वैसे इसके संकेत मिलने शुरु हो गये हैं। यह विडंबना ही है कि नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस से क्षेत्र में शांति व सद्भाव की जो उम्मीदें थी, उसमें उन्होंने मुस्लिम कट्टरपंथ को आगे करके निराश ही किया है। उनकी सरकार लगातार विघटनकारी, अड़ियल व बदमिजाजी का रुख अपनाए हुए है।**


# पाकिस्तान की तरह बर्बादी की ओर बढ़ता बांग्लादेश



ललित गर्ग

**मान न मान, मैं तेरा मेहमान वाली स्थिति में अस्थिर बांग्लादेश में चीन एवं पाकिस्तान जैसी तमाम बाहरी ताकतें दखल देने की इच्छुक हैं। इससे दोनों देश बांग्लादेश की जमीन से भारत को घेरना चाहते हैं, बांग्लादेश भी इन षडयंत्रकारी देशों की गिरफ्त में आ गया है और वह भारत विरोध को तीक्षण करने में जुट गया है। भारत अपनी सीमाओं को अभेद्य बना रहा है तो बांग्लादेश समझौते के बावजूद बाधाएं डाल रहा है।**

कहते है कि 'जब गीदड़ की मौत आती है तो वह शहर की तरफ़ भागता है' भले ही यह एक मुहावरा है लेकिन बांग्लादेश पर खरा उतर रहा है, इसका मतलब है कि बांग्लादेश मुसीबत रूपी पाकिस्तान से दोस्ती बढ़ा रहा है। 30 लाख बांग्लादेशी लोगों की हत्या करने वाला पाकिस्तान अब दोस्त बन गया है और हर तरह से मदद करने वाला भारत दुश्मन। बांग्लादेश और पाकिस्तान की बढती नजदीकियां, बांग्लादेश का भारत विरोध और पाकिस्तान प्रेम इस मुल्क पर भारी पड़ सकता है और भारी पड़ रहा है। भले ही 54 सालों में पहली बार बांग्लादेश और पाकिस्तान सीधा कारोबार शुरू हुआ है। देखने वाली बात यह भी है कि पाकिस्तान और भारत के बीच संबंध सामान्य नहीं हैं और व्यापार ठप्प है। ऐसे में इसका असर भारत पर नहीं पाकिस्तान पर जरूर पड़ा है और वहां की जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। बांग्लादेश के लिए भारत जो मायने रखता है, उसकी भरपाई पाकिस्तान तो कतई नहीं कर सकता है। जिस बांग्लादेश को पाकिस्तानी क्रूरता से मुक्त कराकर एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में भारत ने तमाम कुर्बानियों के बाद जन्म दिया, उसका भारत-विरोधी रवैया दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं, बल्कि विडम्बनापूर्ण कहा जाएगा। भारत से पंगा बांग्लादेश को महंगा पड़ेगा। अब अगर बांग्लादेश ने तय ही कर लिया है कि भारत से संबंध खराब करने की हर कीमत चुकाने के लिए तैयार है तो कुछ भी कहना बेमानी है। जब बांग्लादेश ने पाकिस्तान की राह पर चलने की ठान ही ली है, तो उनके दुष्परिणाम भी उसे ही भुगतने होंगे। बांग्लादेश के हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं, आम जनता पर दुःखों, परेशानियों एवं समस्याओं के पहाड़ टूटने लगे हैं। वहां जैसी आंतरिक गुटबाजी, प्रशासनिक शिथिलताएं, अराजकताएं और अव्यवस्थाएं बढ़ रही हैं, उसे देखते हुए सेना प्रमुख जनरल वकार उज-जमां ने सेना की भूमिका बढ़ाने की बात कही है। उनका संकेत साफ है, यदि अंतरिम सरकार हालात को संभाल पाने में नाकाम रहती है, तो सेना मोर्चा संभालने को तैयार है। दरअसल, शेख हसीना की विदाई के साथ वहां जिस तरह से राजनीतिक अस्थिरता एवं अराजकता बढ़ी है, उसका नुकसान पूरे देश को हो रहा है। न सिर्फ निवेश पर प्रभाव पड़ा है, विदेशी संबंध भी चरमरा रहे हैं, आर्थिक गिरावट तेजी से बढ़ रही है। भारत जैसे देश के साथ सामान्य व्यापार और ढांचागत विकास संबंधी योजनाओं में भी रुकावटें पैदा हुई हैं। बांग्लादेश भारत की सदाशयता एवं उदारता के बावजूद टकराव के मूड में नजर आ रहा है, उसका अल्पसंख्यक हिन्दुओं की सुरक्षा को लेकर भी ऐसा ही रवैया है, जिस बारे में वह भले ही अब दलील दे रहा है कि हालिया बांग्लादेश में हिन्दुओं से जुड़ी हिंसक घटनाएं सांप्रदायिक नहीं बल्कि राजनीतिक कारणों से हुई हैं। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि दोनों देशों के संबंध



**अब अगर बांग्लादेश ने तय ही कर लिया है कि भारत से संबंध खराब करने की हर कीमत चुकाने के लिए तैयार है तो कुछ भी कहना बेमानी है। जब बांग्लादेश ने पाकिस्तान की राह पर चलने की ठान ही ली है, तो उनके दुष्परिणाम भी उसे ही भुगतने होंगे।**

बिगाड़ने में पर्दे के पीछे पाकिस्तान की भूमिका साफ है। बांग्लादेश से हाल ही में आई रिपोर्ट चिंताजनक हैं। चल रहे राजनीतिक संकट और राज्य पुलिस की गिरावट ने अल्पसंख्यक समुदायों, खासकर हिंदुओं पर लक्षित हमलों के लिए अनुकूल स्थिति पैदा कर दी है। 1947 से, हिंदू आबादी 30 प्रतिशत से घटकर 9 प्रतिशत से भी कम हो गई है। शेख हसीना की सरकार के पतन के बाद से स्थिति और खराब हो गई है, जो 2009 से सत्ता में थी। यह संकट पूर्वी पाकिस्तान और आधुनिक बांग्लादेश में हिंदुओं के प्रत्यक्ष और गुप्त नरसंहार के लंबे इतिहास को दर्शाता है। मंदिरों और पवित्र स्थलों पर 200 से अधिक कथित हमलों सहित वर्तमान हिंसा एक बड़े, निरंतर कट्टरतावादी अभियान का हिस्सा है। हालिया संकट, जो जुलाई 2024 में कथित छात्रों के विरोध प्रदर्शन से शुरू हुआ था, उसकी गहरी ऐतिहासिक जड़ें हैं और यह दशकों से बढ़ते मुस्लिम कट्टता से जुड़े तनावों को दर्शाता है। भारत प्रारंभ से बांग्लादेश का सहयोगी एवं हितैषी रहा है, इसी कारण उसने पिछले डेढ़ दशकों में जो आर्थिक तरक्की हासिल की, छह फीसदी से अधिक दर से जीडीपी को बढ़ाया और 2026 तक विकासशील देशों के समूह में शामिल होने का सपना देखा, उन सब पर मोहम्मद यूनुस की अगुवाई वाली अंतरिम सरकार संकीर्णतावादी एवं दुराग्रही सोच के कारण काली छाया मंडराने लगी है। आज कानून-व्यवस्था के सामने समस्या पैदा हो गई है, बांग्ला राष्ट्रवाद की वकालत करने वालों पर खतरा मंडरा रहा है, प्रगतिशील मुस्लिमों एवं अल्पसंख्यकों पर हमले हो रहे हैं और बंगबंधु व मुक्ति संग्राम के इतिहास को मिटाने का प्रयास हो रहा है। बांग्लादेश की यह गति इसलिए हुई है, क्योंकि मोहम्मद यूनुस सरकार आम जन की अपेक्षाओं के अनुरूप चुनौतियों से लड़ पाने में नाकाम हो रही है और भारत से टकराव मोल लेने को तैयार बैठे बांग्लादेश के ऐसे हुक्मरान विवाद के नये-नये मुद्दे तलाश रहे हैं एवं दोनों देशों के आपसी संबंधों को नेस्तनाबूंद कर रहे हैं। आज वहां सांविधानिक, राजनीतिक वैधता का संकट तो गहराया ही है लेकिन लोकतांत्रिक मूल्य भी धुंधला रहे हैं। मोहम्मद यूनुस को बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी और अवामी लीग जैसी पार्टियों ने कभी पसंद नहीं किया और अब आमजनता का भी पूरा साथ उनको नहीं मिल रहा है। स्टूडेंट अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन के बैनर तले छात्रों ने अपना आंदोलन शुरू किया और शेख हसीना के तख्तापलट की वजह भी बना, तब उनकी मुख्य मांगों में रोजगार प्रमुख रहा, मगर यूनुस सरकार अब इस मोर्चे पर भी फिसड्डी साबित हुई है। उनकी कट्टरपंथी सोच और जिन्ना को राष्ट्रपिता बनाने जैसी पहल को देख उदारवादी छात्र खुद को छला हुआ महसूस करने लगे हैं, इस कारण विश्वविद्यालयों में हिंसा रूकने का नाम नहीं ले रही है। मोहम्मद यूनुस की अपरिपक्व राजनीतिक सोच एवं कट्टरवादी सोच के कारण ही बांग्लादेश ने भारत से दूरियां बढ़ाई है। रस्सी जल गयी पर ऐंठन नहीं गयी की स्थिति में यूनुस भूल गये कि अभी भारत में नरेन्द्र मोदी जैसे कद्दावर एवं सूझबूझ वाले विश्वनेता का शासन है, भारत से दुश्मनी कितनी भारी पड़ सकती है, पाकिस्तान की दुर्दशा से समझा जा सकता है। पाकिस्तान भारत विरोधी अभियान को लेकर बांग्लादेश पहुंचा है। मान न मान, मैं तेरा मेहमान वाली स्थिति में अस्थिर बांग्लादेश में चीन एवं पाकिस्तान जैसी तमाम बाहरी ताकतें दखल देने की इच्छुक हैं। इससे दोनों देश बांग्लादेश की जमीन से भारत को घेरना चाहते हैं, बांग्लादेश भी इन षडयंत्रकारी देशों की गिरफ्त में आ गया है और वह भारत विरोध को तीक्षण करने में जुट गया है। भारत अपनी सीमाओं को अभेद्य बना रहा है तो बांग्लादेश समझौते के बावजूद बाधाएं डाल रहा है। सीमाओं के खुले रहने से बांग्लादेश से लगातार अवैध घुसपैठ, हथियारों की तस्करी, ड्रग स्मगलिंग, नकली नोटों का कारोबार और आतंकवादी गतिविधियां लगातार हो रही हैं। विशेषतः पाकिस्तान अब अपनी आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिये बांग्लादेश का उपयोग कर रहा है। दरअसल, बांग्लादेश की युनूस सरकार पाकिस्तान के इशारों पर पुराने मुद्दे उछाल कर विवाद को हवा दे रही है। निश्चित ही पाक से उसकी बढ़ती नजदीकियां के चलते ही बांग्लादेश में पाक सेना के अधिकारियों की सक्रियता देखी गई है। यूनुस सरकार ने भारत विरोधी तत्वों को न केवल हवा दी है बल्कि उनको उग्र कर दिया है।



## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | पंचमी 15:20 तक |
| नक्षत्रः | भरणी 26:39 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | मंगलवार |
| योगः | इंद्र, 26:01 |
| सूर्योदयः | 06:46 |
| सूर्यास्तः | 18:18 |
| चंद्रमाः | मेष राशि में |
| राहुकालः | 15:25-16:52 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1946 |
| मासः | फाल्गुन |
| शुभ मुहूर्तः | 12:09-12:55 |

## जन एक्सप्रेस

### सदमें में निवेशक !

*मचा हाहाकार है ।*
*हुआ अजब है हाल ।।*
*लाल निशान लगातार ।*
*उठने लगे सवाल ।।*
*सदमे में निवेशक ।*
*है गिरावट जारी ।।*
*की थी सबने अपने अपने ।*
*ढंग से तैयारी ।*
*गायब सलाहकार हैं ।*
*समझ नहीं कुछ आए ।।*
*बढ़ा वैश्विक खतरा ।*
*बाजार ये डराए ।।*
*कब होगा सुधार ?*
*ठोस नहीं रणनीति ।*
*हार रहे हैं रोज ।*
*थी पहले पर जीत ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# सिजेरियन डिलीवरी के बाद इंफेक्शन होने पर नजर आते हैं कई लक्षण, बरतें सावधानी

**आमतौर** पर दो तरह से डिलीवरी होती है। सिजेरियन और सी-सेक्शन। सी-सेक्शन को हम सिजेरियन डिलीवरी के नाम से भी जानते हैं। जहां एक ओर नेचुरल डिलीवरी में लेबर पेन होने के बाद शिशु का जन्म होता है। वहीं, दूसरी ओर सिजेरियन डिलीवरी में परिस्थितियां, महिला का स्वास्थ्य आदि बातें निर्भर करती हैं। इसके अलावा, अगर शिशु ने गर्भ के अंदर गर्भनाल फंसा ली है, उसका वजन ज्यादा है या महिला के लिए नेचुरल डिलीवरी संभव नहीं है। इस तरह की स्थितियों में सिजेरियन डिलीवरी कराई जाती है। नेचुरल डिलीवरी से अलग सिजेरियन डिलीवरी में न सिर्फ रिकवरी में काफी ज्यादा समय लगता है। यहां तक कि सिजेरियन डिलीवरी होने पर संक्रमण का रिस्क बना रहता है। यहां हम आपको बता रहे हैं कि अगर सिजेरियन डिलीवरी के बाद किसी महिला को संक्रमण हो जाए, तो किस तरह के लक्षण नजर आ सकते हैं?

**टांकों में सूजन आना:** यूं तो डिलीवरी सिजेरियन हो या नेचुरल। दोनों ही स्थितियों में महिला को टांके लगाए जाते हैं। अगर सिजेरियन डिलीवरी के कुछ दिनों बाद आप महसूस करें कि टांकों में सूजन आ गई है, तो यह सही संकेत नहीं है। इसका मतलब है कि टांकों में



संक्रमण यानी इंफेक्शन फैल रहा है। हांकि, कई बार हार्मोनल बदलाव के कारण भी शरीर में सूजन आ जाती है। इसकी वजह से टांकों के इर्द-गिर्द भी सूजन जैसा महसूस हो सकता है। लेकिन, अगर सिर्फ टांकों के हिस्से में सूजन के साथ-साथ दर्द और रेडनेस भी है, तो इसे हल्के में न लें।

**टांकों से तरल पदार्थ निकलना:** अगर टांकों में तीव्र दर्द होने के साथ-साथ किसी तरह का तरल पदार्थ यानी फ्लूड भी बाहर आ रहा है, तो यह भी सही संकेत नहीं है। इसका मतलब है कि संक्रमण काफी फैल गया है। ऐसी स्थिति होने पर बिना देरी किए डॉक्टर के पास जाना चाहिए। ध्यान रखें कि संक्रमण अंदर तक फैल गया, तो इसे रिकवरी में सामान्य से अधिक समय लग सकता है। ऐसी स्थिति में महिला के लिए आने शिशु की केयर करना भी चुनौतिपूर्ण हो सकता है।

**बुखार आना:** टांकों में दर्द, रेडनेस और सूजन के साथ-साथ बुखार आना भी संक्रमण की ओर इशारा करता है। ऐसी स्थिति में महिला बहुत ज्यादा कमजोरी महसूस करती है। उनके लिए उठना-बैठना, चलना-फिरना काफी मुश्किल हो जाता है। याद रखें, डिलीवरी के बाद महिला का बुखार आना सही नहीं होता है। डिलीवरी के बाद से ही शिशु अपने खानपान और देखरेख के लिए पूरी तरह मां पर निर्भर होता है। ऐसे में अगर मां को बुखार आता है, तो शिशु की तबियत खराब होने का जोखिम भी बना रहता है।

**हैवी ब्लीडिंग होना:** अगर टांकों के इर्द-गिर्द इंफेक्शन हो गया है वह फैलकर ब्लैडर या गर्भाशय तक पहुंच गया है, तो इस स्थिति में हैवी ब्लीडिंग हो सकती है। अगर आप नोटिस करें कि अचानक आपको हैवी ब्लीडिंग हो रही है, तो तुरंत डॉक्टर के पास जाएं अपना ट्रीटमेंट करवाएं। सिजेरियन डिलीवरी के बाद ब्लीडिंग होना सामान्य है। लेकिन, हैवी ब्लीडिंग होना सही नहीं है। इससे महिला में कमजोरी बढ़ सकती है।

**पेशाब में जलन होना:** सिजेरियन डिलीवरी के बाद महिला में पेशाब करने के दौरान दर्द या जलन हो, तो यह भी संक्रमण की ओर इशारा करता है। ऐसा उन महिलाओं के साथ अधिक होता है।

## एक्सप्रेस विशेष

# वन्यजीवों के अस्तित्व पर संकट और उनके संरक्षण की आवश्यकता



योगेश कुमार गोयल

**वर्ष 1983 में वन्य जीव संरक्षण के लिए 'राष्ट्रीय वन्य जीव योजना' शुरू की गई, जिसके तहत वन्य जीवों को इंसानी अतिक्रमण से दूर रखने और उनकी सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय पार्क और वन्य प्राणी अभयारण्य बनाए गए। जनवरी 2003 में वन्य जीव संरक्षण अधिनियम में संशोधन किया।**

**वन्य** जीव हमारी धरती के अभिन्न अंग हैं लेकिन अपने निहित स्वार्थों तथा विकास के नाम पर मनुष्य ने उनके प्राकृतिक आवासों को बेदर्दी से उजाड़ने में बड़ी भूमिका निभाई है और वनस्पतियों का भी सफाया किया है। धरती पर अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए मनुष्य को प्रकृति प्रदत्त उन सभी चीजों का आपसी संतुलन बनाए रखने की जरूरत होती है, जो उसे प्राकृतिक रूप से मिलती हैं। इसी को पारिस्थितिकी तंत्र या इकोसिस्टम भी कहा जाता है। धरती पर अब वन्य जीवों और दुर्लभ वनस्पतियों की कई प्रजातियों का जीवनचक्र संकट में है। वन्य जीवों की असंख्य प्रजातियां या तो लुप्त हो चुकी हैं या लुप्त होने के कगार पर हैं। पर्यावरणीय संकट के चलते जहां दुनियाभर में जीवों की अनेक प्रजातियों के लुप्त होने से वन्य जीवों की विविधता का बड़े स्तर पर सफाया हुआ है, वहीं हजारों प्रजातियों के अस्तित्व पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। वन्य जीव-जंतु और उनकी विविधता धरती पर अरबों वर्षों से हो रहे जीवन के सतत् विकास की प्रक्रिया का आधार रहे हैं। वन्य जीवों में ऐसी वनस्पति और जीव-जंतु सम्मिलित होते हैं, जिनका पालन-पोषण मनुष्यों द्वारा नहीं किया जाता। इन्हीं वन्य जीवों, वनस्पतियों और उनके आवासों को सुरक्षा प्रदान करने को वन्य जीव संरक्षण कहा गया है तथा

**'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक के अनुसार वन्य जीवों को विलुप्त होने से बचाने के लिए देश में सबसे पहले वर्ष 1872 में ब्रिटिश शासनकाल में 'वाइल्ड एलीकेंट प्रोटेक्शन एक्ट' बनाया गया था। उसके बाद वर्ष 1927 में वन्य जीवों के शिकार और वनों की अवैध कटाई को अपराध मानते हुए 'भारतीय वन अधिनियम' अस्तित्व में आया, जिसके तहत सजा का प्रावधान किया गया।**

इनके संरक्षण के लिए लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 3 मार्च को 'विश्व वन्यजीव दिवस' मनाया जाता है। प्रतिवर्ष यह दिवस एक खास विषय के साथ मनाया जाता है और इस वर्ष 'वन्यजीव संरक्षण वित्त- लोगों और ग्रह में निवेश' थीम के साथ मनाया जा रहा है। जीव-जंतुओं की तमाम प्रजातियां और वनस्पतियां मिलकर अत्यावश्यक पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करते हैं और सही मायनों में वन्य जीव हमारे मित्र है, इसीलिए उनका संरक्षण किया जाना बेहद जरूरी है। हमें भली-भांति यह समझ लेना चाहिए कि इस धरती पर जितना अधिकार हमारा है, उतना ही इस पर जन्म लेने वाले अन्य जीव-जंतुओं का भी है। लेकिन आज प्रदूषित वातावरण और प्रकृति के बदलते मिजाज के कारण भी दुनियाभर में जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर दुनियाभर में संकट के बादल मंडरा रहे हैं। वन्यजीव दिवस मनाए जाने के उद्देश्यों में विभिन्न किस्म की वनस्पतियों तथा जीव-जंतुओं पर ध्यान केन्द्रित करना, उनके संरक्षण के लाभों के बारे में जागरूकता फैलाना, पूरी दुनिया को वन्यजीव अपराधों के बारे में स्मरण करवाना और मनुष्यों के कारण इनकी प्रजातियों की संख्या कम होने के विरुद्ध कारवाई करना शामिल हैं। समस्त स्थलीय और जलीय जीवों के लिए वन्य जीवों का बने रहना अत्यावश्यक है। हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित अपनी चर्चित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' में मैंने विस्तार से यह उल्लेख किया है कि विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण किस प्रकार असंतुलित होता है। पाठक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक फ्लिपकार्ट से खरीद सकते हैं। पर्यावरण के असंतुलन का ही परिणाम पूरी दुनिया पिछले कुछ दशकों से गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में अब देख और भुगत भी रही है। लगभग हर देश में कुछ ऐसे वन्य जीव पाए जाते हैं, जो उस देश की जलवायु की विशेष पहचान होते हैं लेकिन जंगलों की अंधाधुंध कटाई तथा अन्य मानवीय गतिविधियों के चलते वन्य जीवों के आशियाने भी लगातार बड़े पैमाने पर उजड़ रहे हैं। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा दुनिया के जंगली जीवों और वनस्पतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 'विश्व वन्यजीव दिवस' के आयोजन का निर्णय लिया गया। महासभा ने यह सुनिश्चित करने में साइट्स की महत्वपूर्ण भूमिका को भी मान्यता दी ताकि वह सुनिश्चित कर सके कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार से प्रजातियों के अस्तित्व को खतरा नहीं है। ब्रिटिश काल से ही भारत में वन्यजीवों को सुरक्षा प्रदान करने और बचाने के लिए कानूनी प्रावधान किए जाते रहे हैं लेकिन चिंता की बात यह है कि उसके बावजूद वन्यजीवों की अनेक प्रजातियां पिछली एक सदी में लुप्त हो गई हैं। विश्व वन्यजीव कोष (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) की 'लिविंग प्लेनेट रिपोर्ट 2024' में कुछ ही महीने पहले चौंका देने वाला यह चिंताजनक खुलासा भी हुआ था कि 1970 से 2020 के बीच वन्यजीव आबादी में 73 प्रतिशत की विनाशकारी गिरावट दर्ज की गई, जिनमें स्तनधारी, पक्षी, उभयचर, सरीसृप, मछली इत्यादि जीव शामिल हैं। ताजे पानी के पारिस्थितिक तंत्र में यह गिरावट 85 प्रतिशत रही है। हर दो साल में प्रकाशित होने वाली इस रिपोर्ट में बताया गया है कि वन्यजीवों की आबादी दुनियाभर में कैसे प्रभावित हो रही है।

# स्थानीय निकाय अध्यक्ष परिषद उत्तर प्रदेश की बैठक हुई संपन्न

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** होटल आशीर्वाद में स्थानीय निकाय अध्यक्ष परिषद की बैठक का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर. इरा श्रीवास्तव की अध्यक्षता में होटल आशीर्वाद में संपन्न हुआ। इस बैठक में जनपद खीरी के विभिन्न नगर पालिका और नगर पंचायतों के अध्यक्षों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं नगर पालिका परिषद अध्यक्ष गोला विजय शुक्ला रिंकू, मोहम्मदी के अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा कन्हैया, पलिया नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष लक्ष्मी गुप्ता, मैलानी नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति महेश्वरी, धौरहरा नगर पंचायत अध्यक्ष नफीस खान, खीरी नगर पंचायत अध्यक्ष फहीम सहित अन्य कई महत्वपूर्ण सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में नगर पालिका अध्यक्षों की कार्यक्षमता और उनके अधिकारों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में नगर विकास मंत्री ए. के. शर्मा जी से मिलकर 15वें वित्त आयोग द्वारा आवंटित बोर्ड फंड में अब से जिला प्रशासन का हस्तक्षेप बंद किया जाए। यह निर्णय इस उद्देश्य से लिया गया कि नगर पालिका परिषद अपने फंड का सही तरीके से उपयोग कर सके और बिना किसी बाहरी हस्तक्षेप के विकास कार्यों को तेज़ी से पूर्ण कर सके। बैठक के मुख्य विषय जैसे नगर पालिका अध्यक्षों की पावर और अधिकारों की समीक्षा

बैठक में स्थानीय निकायों के अधिकारों को मजबूत करने के लिए चर्चा की गई। विशेष रूप से नगर पालिका अध्यक्षों के अधिकारों और उनकी कार्यक्षमता में सुधार पर जोर दिया गया, ताकि वे अपने क्षेत्र में विकास कार्यों को प्रभावी रूप से चला सकें। तथा 15वें वित्त आयोग द्वारा आवंटित बोर्ड फंड में जिला प्रशासन का हस्तक्षेप बंद करना इस मुद्दे पर परिषद ने विशेष ध्यान दिया और सभी सदस्यों ने एक स्वर से सहमति व्यक्त की कि 15वें वित्त आयोग द्वारा मिलने वाले बोर्ड फंड में जिला प्रशासन का हस्तक्षेप अब बंद किया जाए। इसका उद्देश्य यह है कि नगर पालिका अध्यक्ष अपने क्षेत्र के विकास के लिए स्वतंत्र रूप से निर्णय ले सकें और उनके द्वारा तय किए गए कार्यों में किसी प्रकार की देरी न हो। इसके अतिरिक्त स्थानीय निकायों की स्वायत्तता बढ़ाने के उपाय बैठक में यह भी तय किया गया कि भविष्य में स्थानीय निकायों की स्वायत्तता को बढ़ाने के लिए पहल की जाएगी। इसके तहत अधिकारियों द्वारा किया गया अवरोध कम किया जाएगा और शासन प्रशासन के स्तर पर सुधार लाने की कोशिश की जाएगी। व विकास कार्यों की गति बढ़ाने के लिए विशेष योजनाओं का प्रस्ताव बैठक में नगर पालिका अध्यक्षों ने अपने-अपने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी और सभी ने मिलकर यह निर्णय लिया कि इन कार्यों को गति देने के लिए विशेष योजनाओं का गठन किया जाएगा। नगरपालिकाओं को अधिक वित्तीय स्वतंत्रता और अधिकार दिए जाएंगे ताकि वे अपनी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू कर सकें।

## नगर के मुख्य मार्गों पर खाटूश्याम की निकली भव्य निशान शोभायात्रा



जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी। नगर में श्री श्याम दीवाने सेवा समिति( रजि.) द्वारा श्री खाटू श्याम महाराज की भव्य निशान शोभायात्रा निकाली गयी। यात्रा का प्रारंभ नीलकंठ मैदान से हुआ, पालिकाध्यछ विजय शुक्ला रिंकू और समिति के अध्यछ दीपक राजपूत ने बाबा खाटू श्याम का पूजन अर्चन कर यात्रा को प्रारंभ किया, बाबा के सभी भक्त अपने हाथों में बाबा के निशान लिए हुए नाचते गाते यात्रा में शामिल हुए,यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई मोहज्मदी रोड स्थित ग्राम कंजा में खाटू श्याम मन्दिर पर सज्पन्न हुई, बाबा के भक्तों ने अपने अपने निशान बाबा को अर्पण कर सुख समृद्धि की कामना की, यात्रा के पश्चात समिति द्वारा भंडारे का भी आयोजन किया गया, यात्रा में समिति के सभी सेवादार उपस्थित रहे, समिति ने प्रशासन के अभूतपूर्व सहयोग का आभार प्रकट किया, यात्रा में गोला पुलिस के वालेंटियर का अतुलनीय सहयोग प्राप्त हुआ, समिति ने वालेंटियर के प्रमुख विवेक के सहयोग के लिए आभार प्रकट किया।

# किसानों की समस्याओं का समाधान हो वरना होगा आंदोलन : पंकज

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



सोमवार को भारतीय किसान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र कुमार पंकज के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित विज्ञापन जिला अधिकारी खीरी को सौंपना था इसके लिए सभी किसान बिलोवी के सामने अंबेडकर पार्क में एकत्रित हुए थे बाबा साहब अंबेडकर जी को माल्यार्पण किया उसके बाद वहीं से पैदल मार्च करना था प्रशासन ने पैदल मार्च नहीं करने दिया मौके पर ही नायब तहसीलदार को भेज कर ज्ञापन ले लिया इससे पहले अंबेडकर पार्क में एक सभा हुई सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र कुमार पंकज ने कहा कि आज किसानों का हाल जानने वाला कोई नहीं है भाजपा सरकार बड़े-बड़े दबे किए थे खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने खीरी को चीनी का कटोरा कहा था किसानो की खुशहाली के बड़े-बड़े वादे किए थे लेकिन किसानों के हक में कोई भी फैसला नहीं हुआ हमारी मांग है कि गन्ना किसानों का बकाया और वर्तमान पेमेंट तत्काल दिया जाए ताकि किसान भाइयों को घर परिवार चलाने में दिक्कतों का सामना ना करना पड़े पूरे प्रदेश में किसानों का ज्यादातर बकाया बजाज चीनी मिलों पर है जिसे सरकार तत्काल संज्ञान मिले गन्ना मिल और सेंट्रो पर किसानों के साथ मित्रवत व्यवहार किया जाए गन्ना मिल और सेंट्रो पर किसानों के लिए संसाधन उपलब्ध कराए जाएं ताकि किसान भाइयों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े घट तौली की शिकायत आ रही है जिसकी जांच कर दोषियों खिलाफ कार्रवाई करी जाए। उन्होंने कहा दिन पर दिन बीज और खाद के रेट सरकार बढ़ा रही है महंगाई लगातार कर रहे हैं मगर आमदनी का कोई साधन नहीं दे रही प्रदेश सचिव कामिल उस्मानी ने कहा की महंगाई किस दौर को देखते हुए गन्ने का रेट कम से कम 450 रुपया प्रति कुंतल किया जाए ताकि किसानों के जीवन यापन में कोई कठिनाई न हो किसान देश का अन्नदाता है पूरे देश का पेट भरता है। लखनऊ मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा ने कहा कि किसानों का संपूर्ण कर्जा माफ किया जाए ताकि किसानों का जीवन सुख में व्यतीत हो और किसान आत्महत्या करने से बचें पूर्व जिला अध्यक्ष सद्दाम रहमानी ने कहा कि गन्ना मिल प्रशासन को आदेशित करें की किसान भाइयों के लिए रात्रि में रुकने की और पानी की समुचित व्यवस्था करे। सरकार ने दावा किया था कि किसानों की आमदनी दुगनी होगी लेकिन किसानों की आमदनी दिन पर दिन घटती जा रही है।इस दौरान अरुण वर्मा बीनू वर्मा रामजी वर्मा सौरव वर्मा सिद्धार्थ वर्मा देवांश पिंटू वर्मा विशाल वर्मा।

# नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीणों में बांटे मुफ्त मुर्गी के चूजे, सब्जी के बीज और दवाइयां

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



सोमवार को नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत श्री अतुल कुमार कार्की कमांडेंट के दिशानिर्देशन में 70वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल लखीमपुर खीरी के बी समबाय सीमा चौकी के कार्यक्षेत्र के गांव करीकोट जिला बहराइच के सीमावर्ती गांव में ग्रामीणों को मुर्गी के चूजे व जानवरों की दवाइयां मुक्त वितरित की गई।इस कार्यक्रम में श्री संदीप कुमार; उप कमांडेंट का स्वागत श्री हरि सिंह सहायक कमांडेंट ने किया। तत्पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 82 ग्रामीणों को मुर्गी के चूजे मुफ्त में वितरित किए गए। तथा क्षेत्रक मुख्यालय से पहुंची डॉक्टर पूजा फ़र्शवान, उप कमांडेंट (पशु चिकित्सक) ने ग्रामीणों के द्वारा लाए गए जानवरों की जांच कर लगभग 460 जानवरों को मुफ्त दवाइयां 70वी वाहिनी की पशु चिकित्सा टीम द्वारा वितरित की गई। इसी कार्यक्रम में बी समबाय 76 रामपुरवा में चल रहे 15 दिवसीय महिलाओं व बच्चियों का सिलाई प्रशिक्षण का समापन भी श्री संदीप कुमार, उप कमांडेंट तथा ग्राम प्रधान माधुरी देवी रामपुरवा, ग्राम प्रधान पार्वती देवी कारीकोट के प्रधान पतियों की उपस्थिति में किया गया तथा 15 महिलाओं बच्चियों को 70वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा प्रमाण-पत्र वितरित किए गए तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। साथ ही साथ भरतापुर समवाय के ग्राम- भरतापुर में निःशुल्क मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 89 ग्रामीणों को निःशुल्क दवाइयां वितरित किया गया।

साथ ही एफ समवाय बरसोला के कार्यक्षेत्र ग्राम सिंघाकलां में 20 किसानों को मुफ्त कृषि बीज का वितरण किया गया तथा 10 ग्रामीणों को मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण का शुभारंभ संदीप कुमार उपकमांडेंट के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम प्रधान रामपुरवा, सिंघाकलां व ग्राम प्रधान कारीकोट के प्रधान पतियों सहित डॉ सरथ ई.; सहायक कमांडेंट(चिकित्सा), श्री हरि सिंह, सहायक कमांडेंट, श्री अनुज मेहता; सहायक कमांडेंट, निरीक्षक सामान्य रविंद्र कुमार, निरीक्षक सामान्य विवेक कुमार व हरि सिंह सेवा शिक्षण संस्थान की संस्थापक लक्ष्मी शर्मा तथा बल के जवान और वाहिनी की मानव चिकित्सा टीम, पशु चिकित्सा टीम व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# होम्योपैथिक चिकित्सकों का लखनऊ में हुआ सम्मान

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी



आरोग्य रिसर्च फाउंडेशन और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ होम्योपैथिक फिजिशियंस लखनऊ एससीआर के संयुक्त तत्वावधान में डॉ ओपी श्रीवास्तव ने होम्योपैथिक अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र पर एक दिवसीय संगोष्ठी कर होम्योपैथी के क्षेत्र में मेधावियों को सम्मानित किया।

शहर के होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी रहे गोल्ड मेडलिस्ट डॉ ओपी श्रीवास्तव द्वारा लखनऊ में सम्मान समारोह किया गया।

जिसमें देश भर के होम्योपैथिक महाविद्यालयों के शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले मेधावियों एवं प्रदेश के प्रांतीय होम्योपैथिक चिकित्सा के सर्वाधिक रोगियो की सेवा करने वाले 3 होम्योपैथिक चिकित्साधिकारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ उत्तर विधायक डॉ नीरज बोरा,अध्यक्ष के रूप में आईआईएचपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ राजेंद्र सिंह और विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ अरविंद वर्मा, निदेशक होम्योपैथी उप्र और हरीश श्रीवास्तव प्रवक्ता भाजपा उपस्थित रहे। जिन्होंने भी छात्रों एवं चिकित्साधिकारियों को सम्मानित किया। साथ ही इस ऐतिहासिक कार्यक्रम को मूर्त रूप देने के लिए आयोजकों को साधुवाद ज्ञापित किया। आईआईएचपी लखनऊ के अध्यक्ष एवं समारोह के सूत्रधार डॉ ओपी श्रीवास्तव ने सभी का स्वागत करते हुए होम्योपैथी को ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाने एवं आईआईएचपी के कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। इसी क्रम में शहर की प्रख्यात महिलारोग विशेषज्ञ एवं आईवीएफ एक्सपर्ट डॉ नूपुर बाजपेई ने महिलाओं की समस्या, पीसीओडी के निदान बचाव एवं उपचार के बारे में विस्तार से बताया। समारोह के संयोजक डॉ एसडी सिंह एवं डॉ रेणु महेंद्र ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आईआईएचपी लखनऊ के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## एक्सप्रेस खबरें...

### कब्रिस्तान भूमि पर अतिक्रमण का मामला

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। किसी न मामले को सुर्खियों में रहने वाली ग्राम पंचायत मिदनिया फिर चर्चा में बताते चलें मिदनिया पंचायत की भूमि और कब्रिस्तान पर अवैध कब्जे लेकर मामला गरमाता जा रहा है है। महिला ग्राम प्रधान अनुश्री जायसवाल ने सोमवार को तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन किया। उनके साथ प्रधान प्रतिनिधि और भारी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे।प्रधान का आरोप है कि श्री राम मार्बल के मालिक ने ग्राम पंचायत की जमीन और कब्रिस्तान के कुछ हिस्से पर अवैध कब्जा कर लिया है। इस मामले में कई बार प्रशासन से शिकायत की गई। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन और लेखपाल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। महिला प्रधान ने लेखपाल पर भ्रष्टाचार में शामिल होने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि जब तक समस्या का समाधान नहीं होगा। धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। पूरे मामले पर उप जिलाधिकारी अश्वनी सिंह ने बताया कि नक्शे पर जितनी जमीन है उतनी पैमाइश कर बाउंड्री बनी हुई है प्रधान की मांग है कि खतौनी में दर्ज रकबा के हिसाब से कब्जा नहीं है। फिर से टीम बनाई गई है और पुनः नाप कराई जाएगी। और जल्द से जल्द अतिक्रमण की गई भूमि मुक्त कराने का प्रयास किया जाएगा।

### रमजान इबादत, सब्र व दान देने का पवित्र माह है

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी। रमजान के माह में हर मुसलमान रोजा रखता है, इबादत करता है अल्लाह से रहमत की दुआ करता है। क्योकि रमजान इस्लाम धर्म का सबसे पाक और बरकतों से भरा महीना माना जाता है। ये महीना सिर्फ भूखे-प्यासे रहने का नाम नहीं, बल्कि सब्र, रहम और सदका दान देने की परंपरा होती है रमजान के महीने में किए गए ने कामों के बदले 70 गुना ज्यादा मिलता है ऐसा पाक किताब कुरान में लिखा है रमजान का चांद नजर आते ही दुनिया भर के मुसलमान खुशी से झूम उठते हैं. ये महीना न सिर्फ इबादत का, बल्कि रिश्तों में और ज्यादा मोहब्बत और भाईचारे को बढ़ाने का भी होता है। रमजान का महीने गुनाहों की माफी मांगने और नेक बनने का मौका देता है रमजान का एक अहम पहलू यह भी है कि यह गरीबों और जरूरतमंदों के दर्द समझने का मौका देता है रमजान हमें खुदा से जोड़ने और अपने गुनाहों से तौबा करने का सबसे खूबसूरत मौका देता है। इस पाक महीने में खास नमाज तराबी भी पढ़ाई जाती है अलग-अलग मस्जिदों में यह नमाज अदा की जाती है जिसमें मुसलमान व्यक्ति ज्यादा से ज्यादा एकत्रित होकर नमाज पढ़ते है और दुआ करते हैं कि देश में तरक्की हो और अमन, शांति प्रन्येक के जीवन में बनी रहे, भारत देश में सभी धर्म का सज्मान है और किसी भी प्रकार का पक्षपात नहीं होता है और देशवासी अपने देश के लिए समर्पण की भावना रखते हैं।

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी। कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला छाउछ मे एक महिला की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के भाई ने ससुरालियों पर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ना का आरोप लगाया है। थाना खीरी क्षेत्र के गांव बिल्हरिया निवासी राम सहाय ने अपनी 30 वर्षीय पुत्री सुधा की शादी करीब नौ साल पूर्व कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला छाउछ निवासी बसंत के पुत्र बाल गोविन्द के साथ की थी। मृतका के छोटे भाई रोहित ने अपने जीजा बाल गोविन्द पर आरोप लगाते हुए बताया कि ये लोग सुधा को मानसिक व शारीरिक रूप से आए दिन प्रताड़ित करते थे। आरोप है कि बाल गोविन्द अपनी पन्नी सुधा पर शक किया करता था। कई बार बालगोविन्द ने सुधा को मारपीटकर नंगे पांव ही उसके मायके जाने पर मजबूर कर दिया। रोहित ने बताया कि रविवाद की देर शाम उसके मौसी के लड़के ने फोन कर जानकारी है कि उसकी बहन सुधा को ये लोग इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए हैं। आरोप है कि ससुरालियों ने उसकी बहन शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### सेवायोजकता बढ़ाने के लिए प्रशिक्षित किये जायेंगे युवक युवतियॉ

जन एक्सप्रेस । बहराइच। उत्तर प्रदेश श्रम एवं सेवायोजन विभाग, जिला सेवायोजन कार्यालय, बहराइच के अधीन संचालित शिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र में शार्टहैन्ड, टाइपिंग, सामान्य ज्ञान, कज्प्यूटर ज्ञान (कार्यालय प्रबन्ध) हेतु एक वर्षीय निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। आरक्षित वर्ग के ऐसे अभ्यर्थी जो जिला सेवायोजन कार्यालय, बहराइच में पंजीकृत ऐसे अभ्यर्थी जिनकी शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल में अंग्रेजी विषय के साथ इन्टरमीडिएट उत्तीर्ण है तथा आयु 01 अप्रैल 2025 को 18 वर्ष से 35 वर्ष के मध्य है, प्रशिक्षण हेतु अर्ह होंगे। यह जानकारी देते हुए जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति 20 मार्च 2025 तक अपने आवेदन पत्र जिला सेवायोजन कार्यालय, बहराइच में जमा कर सकते हैं। आवेदन के साथ शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की छाया प्रति संलग्न करनी होगी। अभ्यर्थियों का चयन साक्षान्कार के माध्यम से किया जायेगा। श्री कुमार ने बताया कि 24 मार्च को अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा 25 मार्च को अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों का साक्षान्कार प्रातः 11:00 बजे से आयोजित किया गया है। आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालय, के सूचना पट् पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिये मो.न. 9161066193 पर अथवा जिला सेवायोजन कार्यालय एवं शिक्षण मार्गदर्शन केन्द्र में आकर सज्पर्क कर सकते है।

### महिला का खोया बैग गोला पुलिस ने 24 घंटे के अन्दर किया बरामद

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी। गोला कोतवाली क्षेत्र की चौकी गोला के कुज्हारन टोला सुमैरा अंसारी जो कि पेशे से ऐक शिक्षक है। जिसका बैग बाजार जाते समय ऐक ई रिक्शा पर रह गया था। उसमे जरूरी कागजात व मोबाइल फोन होने के चलते महिला ने कोतवाल प्रभारी अपराध निरीक्षक रविन्द्र पांडेय को दी जिसके पश्चात फौरन ही गोला चौकी इंचार्ज राजन सिंह को भेज कर गोला नगर के सीसीटीवी फुटेज खंगालने के पश्चात मात्र चौविस घंटे के अन्दर ही गोला पुलिस ने किया बरामद किया।इसके पश्चात सकुशल सारा सामान बरामद कर गोला क्राइम इंस्पेक्टर रविंद्र पाण्डेय व चौकी इंचार्ज राजन सिंह ने उसको सामान वापस कर दिया।सामन पाने के प्रश्वास महिला ने गोला पुलिस को धन्यवाद दिया है।

# यौन उत्पीड़न के आरोप में बन्द कांग्रेस सांसद राकेश राठौर को वॉइस सैम्पलिंग के लिये ले जाया जाएगा

राजीव दिवाकर



सीतापुर। यौन शोषण के आरोप में घिरे कांग्रेस सांसद राकेश राठौर के विरूद्ध दर्ज अभियोग की जांच अब अंतिम चरण में है। शनिवार को विधि विज्ञान प्रयोगशाला से मिली तारीख के बाद रास्ता साफ हो गया है। 4 मार्च दिन मंगलवार को कोतवाली पुलिस प्रशासनिक अफसर की निगरानी में कांग्रेस सांसद राकेश राठौर को वाइस सैंपलिंग के लिए राजधानी के विधि विज्ञान प्रयोगशाला लेकर जायेगी। तमाम प्रयासों के बाद प्रयोगशाला के जिम्मेदार अफसरों ने आवाज मिलान के लिए चार मार्च की तिथि निर्धारित की है। प्रपत्र तैयार होने के बाद कोतवाली पुलिस की टीम ने शनिवार की दोपहर जिला कारागार पहुंच नोटिस तामील कराई है। बताते चले कि शहर कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने कांग्रेस सांसद राकेश राठौर पर शादी व राजनीतिक भागीदारी दिलाने का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। कोतवाली पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर सीतापुर सांसद राकेश राठौर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। विवेचना के क्रम में पीड़िता व सांसद की बातचीत के वायरल ऑडियों की पुष्टि के लिए वाइस सैंपलिंग होनी थी। विवेचक अनूप शुक्ला व सह विवेचक हर्षित सिंह लगातार आवाज मिलान की प्रक्रिया पूरी करने के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला में दस्तक दे रहे थे। शनिवार को जिम्मेदार अफसरों ने वाइस सैंपलिंग का रास्ता साफ कर दिया है। वहीं सांसद की जमानत पर सुनवाई को लेकर हाईकोर्ट में भी तारीखें बढ़ रही है। अब उनकी याचिका पर 11 मार्च को सुनवाई होगी।

## रामपुर मथुरा की ग्राम पंचायतों में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर जिला अधिकारी को सौंपा गया पत्र

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

जनपद सीतापुर के विकासखंड रामपुर मथुरा की ग्राम पंचायतो में इन दिनों भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है । जिसकी जांच कराए जाने के संबंध में जिला अधिकारी को पत्र सौप कर कार्यवाही की मांग की गई। राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच जिला अध्यक्ष एस के तूफानी के नेतृत्व में रामपुर मथुरा की ग्राम पंचायत बांसुड़ा, गौरा, चंदौली में किए गए भ्रष्टाचार को लेकर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट रेखा वर्मा को पत्र सौपा गया। पत्र में मांग की गई की ग्राम पंचायत बांसुड़ा में प्रधान पुत्र व भांजे सहित कई अन्य सगे संबंधियों पर लाखों रुपए का भुगतान किया गया है । ग्राम पंचायत गौरा में नल रिबोर मरम्मत के नाम पर लाखों रुपए का भुगतान किया गया है वही सोकपिट निर्माण कार्य में भी बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा किया गया। ग्राम पंचायत चंदौली में आईडी किसी और कार्य की भुगतान किसी और कार्य का निकालकर जमकर फर्जीवाडा किया गया है द्य जिसकी जांच कर कार्यवाही की जाय। यदि जांच कर कार्यवाही नहीं की जाती है तो संगठन के पदाधिकारी द्वारा धरना प्रदर्शन किया जायेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन सपना के दौरान विधिक सलाहकार एडवोकेट राजेश खन्ना, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, जिला महासचिव अखिलेश गौतम, जिला सचिव मोतीलाल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जिले को मिली एक ओर आईसीआईसीआई बैंक की शाखा



जन एक्सप्रेस । सीतापुर

सोमवार को आईसीआईसीआई बैंक ने सीतापुर के नवीन चौक में नई शाखा की शुरुआत की है। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने बैंक जोनल हेड विशाल सक्सेना, रीजनल हेड शैलेश मिश्रा, शाखा प्रमुख आशीष श्रीवास्तव की मौजूदगी में फीता काटकर शुभारंभ किया। बैंक की उपशाखा प्रबंधक दीक्षा अवस्थी ने बैंक के अधिकारियों के साथ जिलाधिकारी को बुके, स्मृति चिन्ह देकर उनका अभिनंदन, स्वागत किया। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने बैंक अधिकारियों को नई शाखा के शुभारंभ पर शुभकामनाएं देते हुए ग्राहकों को सुगम बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करने की बात कही। केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न स्वरोजगारपरक योजनाओं एवं कार्यक्रमों में पात्र हितग्राहियों को चयनित करते हुए लोन (ऋण) प्रदान करते हुए लाभान्वित कराए। जिलाधिकारी ने पूछने पर आईसीआईसीआई बैंक अधिकारियों के बताया कि बैंक का सीडी रेशियों 95.04 फीसदी है और जिले का सीडी रेशियो 59.29 फीसदी है। जिलाधिकारी ने सी0डी0 रेशियो को बढ़ानें के लिए सुझाव एवं सहयोग के बारे में चर्चा की। बैंक की शहर में 02 और जिले में 05 शाखाएं है। आईसीआईसीआई बैंक के जोनल हेड विशाल सक्सेना ने बताया कि बैंक द्वारा ग्राहकों को बेहतर सुविधा मुहैया कराने का प्रयास की जा रही है। इस शाखा से क्षेत्रीय जनता को काफी राहत मिलेगी। यह बैंक शाखा कार्ड सेवाओं के साथ बचत और चालू खातों, सावधि और आवर्ती जमा, ऑटो ऋण, स्वर्ण ऋण और व्यक्तिगत ऋण सहित खातों, जमा और ऋण की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करेंगी।

बताते चलें कि आईसीआईसीआई बैंक ने सीतापुर के नवीन चौक में नई शाखा की शुरुआत की है। जो शहर में बैंक की यह पांचवीं शाखा है। बैंक ग्राहकों को नकद जमा और निकासी सेवाएं प्रदान करने के लिए शाखा में एक एटीएम मशीन लगाई है। आईसीआईसीआई की सेवाओं से व्यापारियों को भी सहूलियत होगी। इस अवसर पर गणमान्य लोग, सीतापुर व्यापार संघ के अध्यक्ष विजय बंसल, सिंघानिया ग्रुप के चेयरमैन ओपी सिंघानिया, दिनेश अग्रवाल मौजूद रहे।

## शिवपुर क्षेत्र के छह लोगों को आवारा कुत्तों ने काटकर किया जख्मी

जन एक्सप्रेस । बहराइच। जिले के शिवपुर बाजार समेत अन्य क्षेत्र में सोमवार सुबह से लेकर छह लोगों को आवारा कुत्तों ने नोचकर घायल कर दिया है। सभी का इलाज अस्पताल में चल रहा है। कुत्तों के हमले की जानकारी होने पर टीम पकड़ने के लिए गांव पहुंची है। खैरीघाट थाना क्षेत्र में आवारा कुत्तों का हमला थम नहीं रहा है। हमलों को देखते हुए विधायक राम निवास वर्मा ने गांव पहुंच कर ग्रामीणों की समस्या से जिलाधिकारी मोनिका रानी को पांच दिन पूर्व अवगत कराया था। साथ ही कुत्तों को पकड़वाने की मांग की थी, लेकिन टीम एक दिन गई, उसके बाद शांत बैठ गई। सोमवार को शिवपुर बाजार निवासी पुरुषोत्तम (65) पुत्र सांवली प्रसाद दुकान खोलने जा रहे थे तभी कुत्ते ने हमला कर दिया। अजय (10) पुत्र खुदाई को खेत जाते समय कुत्ते ने नोचकर घायल कर दिया। राम गोपाल पुत्र अनंत राम को सुबह मंदिर जाते समय कुत्ते ने काट लिया।

# जनपद को टॉप 10 में लाने में एआरपी एसआरजी की विशेष भूमिका : आशीष

जन एक्सप्रेस । बहराइच

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह से एआरपी, एसआरजी का प्रतिनिधि मंडल राजेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में मिला। बीएसए कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात की, मुलाकात के दौरान निपुण आकलन तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, जिला की रेटिंग प्रदेश स्तर की श्रेणी में आने पर विस्तार रूप से चर्चा परिचर्चा हुई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने कहा कि जिस तरीके से एआरपी एसआरजी ने टीम भावना से काम करके बहराइच का नाम प्रदेश स्तर पर रोशन किया है उसका जनपद बेसिक शिक्षा विभाग परिवार हृदय से आभार व धन्यवाद व्यक्त करता है साथ ही साथ शुभकामनाएं भी प्रेषित करता है, एआरपी एसआरजी के बदौलत बेसिक शिक्षा प्रदेश स्तर पर टॉप 10 में जगह पाई है, इसका सारा श्रेय एआरपी एसआरजी को जाता है, इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने प्रसन्नता के भाव के साथ एआरपी एसआरजी की हर सम्भव मदद करने के लिए वचनबद्धता दोहराई। यह शिष्टाचार मुलाकात करीब डेढ़ घंटा चली। शिष्टाचार मुलाकात के दौरान एआरपी नवाबगंज सुनील कुमार के द्वारा लिखित हौसला नामक पुस्तक भी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सप्रेम भेंट किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अपने निजी तौर पर समस्त एआरपी एसआरजी को जलपान कराया जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से शिष्टाचार मुलाकात के बाद समस्त एआरपी- एसआरजी संतुष्ट व प्रसन्नचित दिखे। शिष्टाचार मुलाकात करने वालॉ के प्रतिनिधि मंडल में राजेश कुमार मिश्र, सुनील कुमार, डाक्टर नन्द कुमार शुक्ल, सुधीर मेहरोत्रा, मनोज दीक्षित, विशेश्वर सिंह, अरुण कुमार पाण्डेय, आशीष कुमार मिश्र, विशाल गाँधी समेत समस्त एआरपी एसआरजी मौजूद रहे।

# संविदा चिकित्सकों के दस्तावेज सत्यापन के लिए तिथियां निर्धारित

जन एक्सप्रेस । बहराइच

जनपद में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के लिए रिक्त संविदा चिकित्सकों (एमबीबीएस चिकित्सक, डेंटल सर्जन एवं आयुष चिकित्सक) के पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन छंटनी में योग्य पाए गए अच्यर्थियों का साक्षात्कार से पूर्व दस्तावेज सत्यापन (डी.वी.पी.) की प्रक्रिया ेतु तिथियों का निर्धारण कर दिया गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक सरजू खान ने बताया कि समस्त कार्यक्रमों के एमबीबीएस चिकित्सकों के लिए दस्तावेज सत्यापन का कार्य 06 मार्च 2025 को प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 02:30 बजे तक तथा डेंटल सर्जन के लिए दस्तावेज सत्यापन का कार्य 06 मार्च 2025 को अपराह्न 03:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक किया जाएगा। इसके आलावा मैनस्ट्रीमिंग ऑफ आयुष चिकित्सकों हेतु दस्तावेज सत्यापन का कार्य 07 मार्च 2025 को प्रातः 10:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक तथा आयुष चिकित्सकों (आर.बी.एस.के.) के दस्तावेजों के सत्यापन 07 मार्च 2025 को सायं 4:15 बजे बजे से सायं 05:30 बजे तक किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने सभी पात्र अच्यर्थियों से अपेक्षा की है।

# लखनऊ एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, मंगलवार, 04 मार्च, 2025 | 08




**दूसरी श्वेत क्रांति की दिशा में बढ़ा देश...**

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की भूमिका और आने वाले दिनों में बायोगैस उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एनडीडीबी गोबर के बायोगैस उत्पादन के तीन मॉडलों को अगले तीन साल में कम से कम 250 जिला... पढ़ें पेज 12 पर...

# बोर्ड परीक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेने जिलाधिकारी विशाख जी0 पहुंचे जियामऊ स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज

- केंद्र व्यवस्थापकों को नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने के दिए निर्देश
- वॉयस रिकॉर्डिंग युक्त सीसीटीवी कैमरों के द्वारा कराई जा रही मॉनिटरिंग
- सभी सेक्टर मैजिस्ट्रेट को निर्देश भ्रमणशील रहकर पूरी पारदर्शिता के साथ नकल विहीन परीक्षा कराए संपन्न



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

बोर्ड परीक्षा 2025 के मद्देनजर आज जिलाधिकारी विशाख जी द्वारा ज़ियामऊ स्थित राजकीय बालिका इंटर कालेज का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि पूरी पारदर्शिता और सुचिता के साथ नकलविहीन परीक्षा संपन्न कराने के उद्देश्य से जनपद को 5 जोन और 14 सेक्टर में बांटा गया है। उक्त के अतिरिक्त जनपद के समस्त परीक्षा केन्द्रों पर 1-1 स्टैटिक मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की गईं है। साथ ही सभी परीक्षा केन्द्रों में वॉयस रिकॉर्डिंग युक्त सीसीटीवी कैमरों के द्वारा मॉनिटरिंग भी की जा रही है। निरीक्षण में परीक्षा केंद्र में पर्याप्त साफ सफाई व पीने के पानी की उचित व्यवस्था पाई गई। समस्त कैमरे कार्यशील अवस्था मे पाए गए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए गए की सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट भ्रमणशील रहते हुए अपने अपने सेक्टरों के परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। उक्त के पश्चात् जिलाधिकारी द्वारा ज़ियामऊ स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि विद्यालय के प्रोजेक्ट कायाकल्प के अंतर्गत विद्यालय में फ्लोर टाइलिंग, पेयजल के लिए आर ओ युक्त पेयजल स्टेशन और वाटर कुलर की भी स्थापना कराई गई है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय में कार्यरत अध्यापकों की संख्या और विद्यार्थीयो की संख्या के बारे में जानकारी चाही गई। जिसके सम्बन्ध में प्रधानाचार्य द्वारा जिलाधिकारी को बताया गया कि विद्यालय में कुल 4 अध्यापिकाएं,1 शिक्षामित्र और 114 विद्यार्थी है। जिलाधिकारी द्वारा बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए गए की शहरी क्षेत्रों में जितने भी शासकीय विद्यालय है उनकी वार्ड और जोनवार सूची बनाते हुए नगर स्वास्थ्य अधिकारी को प्रेषित किया जाए ताकि वार्ड स्तर पर तैनात सफाई कार्मिकों के माध्यम से स्कूलों की नियमित साफ सफाई सुनिश्चित हो सके। स्मार्ट क्लास के सर्वाधिक उपयोग के लिए जनपद के सभी विद्यालयों के लिए क्लासवार स्टडी मटेरियल के सम्बन्ध में एसओपी जारी करने हेतु बेसिक शिक्षा अधिकारी लखनऊ को निर्देशित किया गया।

# नारी शिक्षा और स्वास्थ्य विषय पर संगोष्ठी व सम्मान समारोह का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- राजेश्वरी हेल्थ केयर लखनऊ में संपन्न हुआ कार्यक्रम

सोशल रिसर्च फाउंडेशन कानपुर के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इनर व्हील क्लब से अध्यक्ष नीता अग्निहोत्री रही। विशिष्ट अतिथि के तौर पर सर्वजन हिताय संरक्षण समिति महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष रीना त्रिपाठी तथा डॉक्टर सुरभि गुप्ता रिटायर्ड विभाग अध्यक्ष एच ये ऐल उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में कानपुर, लखनऊ, कन्नौज, बलरामपुर से प्रोफेसर, डाक्टर, समाजसेवी लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। डा निरुपमा मिश्रा डायरेक्टर राजेश्वरी हेल्थ केयर लखनऊ को नारी सम्मान के अतिरिक्त इनर व्हील समाज सेवी संस्था की अध्यक्ष नीता अग्निहोत्री ने भी सम्मानित किया। विभिन्न जिलों से आए लोगों को उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्था के महामंत्री राजीव मिश्रा ने किया। सेमिनार ÷नारी शिक्षा और स्वास्थ्य÷ विषय पर बोलते हुए अतिथियों ने अपने वक्तव्य दिए। तो रीना त्रिपाठी ने विश्व मोटापा दिवस के अवसर पर फास्ट फूड कल्चर पर रोक और बच्चों और युवाओं के स्वास्थ्य के प्रति चिंता व्यक्त करते हुए बच्चों को इससे दूर रखना को कहा। राजेश्वरी हेल्थ क्लिनिक के संस्थापक डा. निरुपमा मिश्रा ने समाज में बढ़ते मोटापे और इससे होने वाली बीमारियों और उनसे बचने के उपाय भी बताए बेटियां स्वस्थ रहेंगी तभी देश का विकास होगा एडोलिसेंस एजुकेशन पर उन्होंने ज्ञानवर्धक जानकारी उपस्थित सभी लोगों को दी। इस अवसर पर राजेश्वरी हेल्थ केयर लखनऊ के सौजन्य से एक निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। सोशल रिसर्च फाउंडेशन कानपुर के सचिव राजीव मिश्रा, उनकी सहयोगी भावना निगम, तेजस्वी मिश्रा, प्रथमेश दीक्षित,गीता वर्मा, रेनू त्रिपाठी अंशु श्रीवास्तव समेत सम्पूर्ण अस्पताल का स्टाफ वह उपस्थित लोगों ने प्रतिभाग किया।

# आईएएस बता कर किटी पार्टी में महिला से बढ़ाया मेलजोल और कर दी अश्लीलता

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राजधानी में मल्टीनेशनल कंपनी के मैनेजर की पत्नी से कार में छेड़छाड़ और विरोध पर पिटाई का मामला सामने आया है। खुद को आईएएस अफसर बताने वाले अशोक सिंह की इस गंदी हरकत में उसकी पत्नी व बेटी ने भी साथ दिया। पीड़िता की शिकायत पर हजरतगंज पुलिस ने आरोपी, उसकी पत्नी व बेटी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार कानपुर रोड निवासी महिला के पति इस समय कोलंबिया में कार्यरत हैं। वर्ष 2019 में एक समारोह में महिला की मुलाकात इंदिरानगर के बाल विहार कॉलोनी निवासी रश्मि सिंह से हुई थी। रश्मि के घर पर हुई किटी पार्टी में महिला की मुलाकात अशोक और उसके बच्चों से हुई। भरोसा जीतने पर रश्मि ने बेटी की पढ़ाई के नाम पर महिला से उधार लिया, जो अभी तक नहीं लौटाया। फिर 15 अप्रैल 2024 को आरोपी अशोक की बेटी ने कॉल कर महिला व उनकी दोस्त को सहारागंज मॉल बुलाया। वहां पहुंचने पर अशोक, उसकी पत्नी व बेटी वहां मौजूद थे। मॉल में रश्मि व उसकी बेटी कार से उतर गईं। पीड़ित महिला को पति के साथ दोस्त के घर भेज दिया। रास्ते में अशोक ने महिला का दुपट्टा खींच लिया और अश्लील हरकतें करने लगा। विरोध पर महिला ने उसे पीटा। किसी तरह महिला ने खुद को बचाया।

शर्मिंदगी के कारण पुलिस से शिकायत नहीं की। इसके बावजूद रश्मि उन्हें धमकाती रही। थाना हजरतगंज इंस्पेक्टर विक्रम सिंह के मुताबिक साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ कमिश्नरेट के कैसरबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत शिकायतकर्ता पीड़िता ने लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया कि चन्द्रभान आर्या पुत्र मुंशीराम भारती निवासी ग्राम मोहनपुर बीरापट्टी, थाना बड़ा गांव जनपद वाराणसी द्वारा पीड़िता से जरिये इंस्टाग्राम संपर्क किया गया और इंस्टाग्राम पर ही लागतार चैट करके पीड़िता को बहला फुसलाकर शादी का झाँसा देकर होटल में मिलने के लिये बुलाया और शादी का वादा करके शारीरिक शोषण किया। वहीं जब पीड़िता ने शादी के लिये कहा तो अभियुक्त उपरोक्त अपने वादे से मुकर गया और शादी करने से इंकार कर दिया। वहीं पीड़िता की तहरीर के आधार पर थाना कैसरबाग पर मु0अ0सं0-208/2024 धारा 69/352 BNS पंजीकृत करके निरीक्षक शिव शंकर महादेवन द्वारा विवेचना प्रारम्भ की गयी। त्वरित कार्यवाही करते हुये अभियुक्त चन्द्रभान आर्या उपरोक्त की गिरफ्तारी के लिये प्रभारी निरीक्षक थाना कैसरबाग द्वारा एक टीम गठित की गई, पुलिस टीम द्वारा हरसंभव अथक प्रयास करते हुये अभियुक्त चन्द्रभान आर्या को विजवासन के निकट निरूला मार्ग पर, नई दिल्ली से गिरफ़्तार किया गया।



# छठा मील क्रॉसिंग के पास अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ कमिश्नरेट के सैरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक अज्ञात व्यक्ति 14 नंबर क्रॉसिंग छठा मील कि0मी0 संख्या 15/14 के बगल में किसी अज्ञात ट्रेन की चपेट में आ जाने से अज्ञात व्यक्ति कि मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। वहीं पुलिस सूचना पर तत्काल घटनास्थल पर पहुंची तो देखा कि 14 नंबर क्रॉसिंग के पास एक अज्ञात व्यक्ति नीले रंग की जींस व पीले रंग की हुडी पहने हुए मृत अवस्था में पड़ा है, जिसके सिर व चेहरे पर गंभीर चोट के निशान हैं। मौके पर मौजूद लोगों एवं क्षेत्रीय निवासियों से शव की पहचान कराई गई परंतु किसी व्यक्ति द्वारा शव की पहचान नहीं की जा सकी हैं। मृतक के शव को सील सर्व मोहरकर मोर्चरी हाउस? पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। यदि मृतक के संबंध में किसी को कोई जानकारी हो तो थाना सैरपुर के मोबाइल नंबर 9454403879 तथा 7839861184 पर सूचित करें।

# पंचायत में गंदगी का अंबार, पंचायत के नागरिक होते हैं परेशान, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ जिले के बीकेटी ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सुल्तानपुर बहादुरपुर के सचिव की लापरवाहीं के चलते यहां पर वर्षों से विकास की एक किरण तक नहीं पहुंची है। यहां के ग्रामीण अव्यवस्थाओं के बीच जीने के आदी हैं। यहां पर कूड़ा करकट का जमावड़ा मार्गो पर बहता पानी नालियों का कहीं अता पता तक नहीं है तथा अन्य खामियों के चलते यह पंचायत नरक पंचायत बनकर रह गई। वहीं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों तथा ग्रामीणों ने बताया कि सचिव व प्रधान की अकर्मण्यता व हठधर्मिता के कारण यह पंचायत विकास से कोसों दूर है। यहां के ऊबड़ खाबड़ मार्ग मार्गो पर बहता हुआ गंदा व बदबूदार पानी पंचायत व मार्गों पर बिखरा हुआ कूड़ा करकट प्राथमिक विद्यालय के निकट मार्गो पर बहता पानी तथा इस गंदे पानी में होकर नन्हे मुन्ने बच्चे स्कूल जाना होता है। यह बच्चे पानी में फिसल जाते हैं और चोटिल हो जाते है। इस पंचायत में गंदगी का अंबार है। सफाई कर्मी के न आने की वजह से गंदगी से यहां के ग्रामीणों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। एक दशक से इस पंचायत का विकास तक नहीं हुआ हैं। वहीं यहां की विकास की सारी योजनाएं मात्र कागज में सिमट कर रह गई हैं चाहे उज्जला योजना हो मनरेगा शौचालय व प्रधानमंत्री आवास योजना चाहे सुमंगला योजना तथा यह सारी योजनाएं एक कागज के पिटारे में बंद हैं। इससे संबंधित आला अफसर मूक दर्शक बने हुए हैं। नागरिकों का कहना है कि जब तक सरकार इन योजनाओं को कारगर ढंग से लागू नहीं करेगी तब तक इन योजनाओं से आम आदमी अछूता रहेगा और ग्रामीण इन समस्याओं से जूझते रहेंगे ग्रामीणों का कहना है कि इस पंचायत के विकास के दिन कब बहुरेंगे। वहीं जब संबंध में खंड विकास अधिकारी बीकेटी पूजा पांडेय से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि मामले को संज्ञान में लेकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।

# मंडी सचिव ने ज्ञापन लेकर एक सप्ताह के अंदर मांगे पूरी करने का दिया आश्वासन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



लखनऊ राजधानी लखनऊ के मलिहाबाद में अंतरराष्ट्रीय फल मंडी विशिष्ट उप मंडी का उद्घाटन रोकने पर जिलाधिकारी भूमि अर्जन लखनऊ द्वारा किसानों को गुमराह किए जाने के विरुद्ध में मंडी स्थल पर भारतीय किसान भानू संगठन का अनिश्चित कालीन धरने पर बैठे तमाम किसान पदाधिकारी मलिहाबाद स्थित अंतरराष्ट्रीय फल मंडी के लिए भूमि अधिग्रहित किए गए जिसमें लगभग 100 किसान प्रभावित हुए जो की ग्राम सरावा फरीदीपुर टिकरीहार के किसानों की भूमि के अर्जुन में किसी भी नियमावली का पालन नहीं किया गया 12 सूत्री मांगों को लेकर आज भारतीय किसान यूनियन भानू संगठन की महिला जिलाध्यक्ष विद्यावती के नेतृत्व मलिहाबाद नवीन मंडी पर किसान पंचायत की गई मलिहाबाद मंडी पर किसान पंचायत में सैकड़ो किसान पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं में एक-एक धरने को सफल किया

यह की 2013 में बाउंड्री वॉल बनाने के दौरान किसानों की फैसले व आम के 30 से 40 वर्ष पुराने पेड़ जिनका कोई आकलन नहीं किया गया न ही कोई गिनती की गई और ना सरकारी रेट के हिसाब से किसान मुआवजा नहीं दिया लगातार किसान यूनियन द्वारा किसानों को न्याय दिलाने के लिए लगाया जाता है धरना प्रदर्शन हर बार मंडी सचिव मंडी डायरेक्टर मलिहाबाद एस0 0डी0एम किसानों अवशासन देकर धरना खत्म कर देते थे गरीब किसान अपनी भूमि का मुआवजा लेने के लिए आक्रोश होकर मलिहाबाद नवीन मंडी स्थल पर पहुंचे सैकड़ो की तादाद में किसान पदाधिकारी व किसान कार्यकर्ता किसान नेता विद्यावती ने बताया कि सरावां फरीदपुर टिकरीहार के कुछ किसानों को नहीं मिला मुआवजा दिनांक 3 मार्च को मलिहाबाद नवीन मंडी का उद्घाटन था उद्घाटन को रोकने के लिए भारतीय किसान ( भानू )संगठन के तमाम पदाधिकारी मेन गेट पर धरने पर बैठ गए किसानों ने अपनी मांग को लेकर धरने पर अड़े रहे धरने पर मंडी सचिव आकर ज्ञापन लिया और किसानों को अवशासन देखकर कहा एक सप्ताह के अंदर किसानों को टीडीएस रुपए व किसानों की भूमि का मुआवजा और हर किसान को एक चबूतरा दिया जाएगा किसानों की मांग को एक सप्ताह के अंदर पूरी होने पर किसान हुए खुश धरना किया गया समाप्त धरने पर उपस्थित किसान पदाधिकारी शिव नारायण शर्मा जिला अध्यक्ष. विद्यावती महिला जिला अध्यक्ष. अरुण कुमार तहसील अध्यक्ष. अनूप मौर्य जिला महामंत्री. फूलमती रावत. सोनू यादव. ऐसे तमाम पदाधिकारी धरने पर मौजूद रहे।

# बिजनौर पुलिस ने हवाई फायरिंग करने के आरोपी को किया गिरफ्तार

- पुलिस ने घटना में प्रयुक्त लाइसेंसी राइफल किया बरामद

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



लखनऊ कमिश्नरेट के बिजनौर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सरवन नगर मे जहाँ पर रोड निर्माण का कार्य पिछले कई दिनों से निरंतर चल रहा था,जहाँ पर एक साइड से ही वाहनों का आवागमन हो रहा था कि अरुण कुमार दूबे अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर औरंगाबाद की तरफ से सरवन नगर आ रहा था जो नशे की हालत मे था जिसने सुशील कुमार पुत्र परमात्मादीन नि0 सरवन नगर कस्बा बिजनौर लखनऊ के वाहन के आगे लगा दी। सुशील कुमार द्वारा यह कहने पर कि अपनी मोटरसाइकिल एक तरफ कर लीजिए। वहीं इतने में ही अभियुक्त अरुण कुमार दूबे उपरोक्त ने गाली देते हुए अपनी लाइसेंसी 315 राइफल सुशील कुमार के ऊपर तान दी जब सुशील कुमार द्वारा इसका विरोध किया तो अरुण कुमार दूबे द्वारा हवाई फायरिंग की गयी थी। जिसके सम्बंध मे सुशील कुमार उपरोक्त द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 64/25 धारा 125/131/352 बी.एन.एस. बनाम अरुण कुमार दूबे उपरोक्त के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था। थाना स्तर से विशेष पुलिस टीम का गठन करते हुए अभियुक्त की तलाश पतारसी अरुण कुमार दूबे उपरोक्त से एक 315 बोर रायफल बरामद कर बालाजीपुरम कालोनी, कस्बा बिजनौर मे उसके किराये के मकान से गिरफ्तार कर लिया। वहीं शस्त्र कैंसीलेंसन की रिपोर्ट अलग से प्रेषित की जायेंगी। वहीं अभियुक्त को गिरफ़्तार कर पुलिस ने न्यायिक अभिरक्षा में रिमाण्ड हेतु न्यायालय भेजा गया है।

# मोहनलालगंज पुलिस ने एक वारंटी को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



लखनऊ कमिश्नरेट के मोहनलालगंज पुलिस ने क्षेत्र से एक वारण्टी अभियुक्त को गिरफ़्तार किया। बता दें कि न्यायालय ए0सी0 जे0एम0 4 स्पे0 जज ईसी एक्ट लखनऊ द्वारा निर्गत एनबीडब्ल्यू की तामीला के क्रम मे वाद सं0-347/22, अ0सं0-53/22 धारा 379/411 भादवि व 139/140 वि0 अधि0 थाना मोहनलालगंज से संबधित अभियुक्त सूरज पुत्र हरिश्चन्द्र नि0 उदवतखेड़ा थाना मोहनलालगंज लखनऊ की गिरफ्तारी हेतु अभियुक्त के घर व मिलने वाले सम्भावित स्थानों पर दबिश दी जा रही थी, अभियुक्त फरार चल रहा था। वहीं पुलिस ने मुखबिर की सूचना प्राप्त हुई कि वारंटी अभियुक्त अपने अपने घर पर आया हुआ हैं जिसके पश्चात मोहनलालगंज पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त को उसके घर से नियमानुसार गिरफ़्तार किया गया और अभियुक्त को न्यायालय प्रस्तुत किया गया है।

# बेहटा गांव हत्याकांड के बाद समदा गांव में चाकूओं से युवक पर हुआ जानलेवा हमला

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

काकोरी थाना क्षेत्र के बेहटा गांव में हुए हत्याकांड के बाद बेखौफ अपराधियों ने ग्राम समदा निवासी दिलीप कुमार रावत पर बीती रविवार रात करीब 9÷40 बजे पर अजय रावत ने अपने अन्य दो साथियों के साथ मिलकर जान से मारने की नीयत से ई-रिक्शा ऑटो गोदाम से अपने घर जा रहें दिलीप कुमार रावत की कार रुकवा कर चाकुओं से अंधाधुंध हमला कर दिया, जिसमें दिलीप कुमार रावत गंभीर रूप से घायल हो गए और किसी तरह से अपनी जान बचायी। हालांकि इस मामले में पीड़ित के सिर, हाथ व गले पर गंभीर चोटें आई हैं इसके बाद घायल को टी.एस. मिश्रा हॉस्पिटल में ले जाएगा जहां से उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया, वही इस घटना के दौरान बचाओ-बचाओ की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने एक अभियुक्त अजय रावत को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया व अन्य दो अभियुक्त वहां से फरार हो गये।

# महाकुंभ का आयोजन प्रयागराज की अर्थव्यवस्था में लाया 200 से 300 फीसदी का बूस्ट

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

महाकुम्भ 2025 के दिव्य और भव्य आयोजन ने जहां एक ओर तीर्थराज, प्रयागराज का मान बढ़ाया है तो साथ ही ये आयोजन आने वाले दिनों में प्रयागराज शहर की अर्थव्यस्था में भी भारी बढ़ोत्तरी लाएगा। 45 दिनों तक चले महाकुम्भ के आयोजन से प्रयागराज शहर में सबसे ज्यादा लाभ होटल, रेस्टोरेंट इंडस्ट्री, टूर एंड ट्रैवेल तथा खुदरा व्यापारियों को हुआ। लेकिन महाकुम्भ के बाद शहरवासियों की बढ़ी आय रियल स्टेट, आटोमोबाईल, इलेक्ट्रानिक्स और लक्जरी आइटम के व्यापार को बढ़ावा देगी। ऐसा अनुमान व्यक्त किया जा रहा है कि महाकुम्भ के आयोजन से बढ़ी आय फ्लो प्रयागराज की इकॉनमी में लगभग 200 से 300 फीसदी का बूस्ट ला सकता है। साथ ही सीएम योगी के विजन के मुताबिक प्रयागराज का आध्यात्मिक टूरिज्म महाकुम्भ के बाद सामान्य दिनों में भी बढ़ने की उम्मीद है। महाकुम्भ का आयोजन आस्था और आध्यात्मिक उत्थान के साथ प्रयागराजवासियों के लिए आर्थिक तौर पर भी वरदान साबित हो रहा है। 45 दिनों तक शहर में चले इस भव्य आयोजन में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु प्रयागराज आये। जिससे तात्कालिक रूप से शहर के होटल, रेस्टोरेंट, टूर एंड ट्रैवेल इंडस्ट्री समेत अनाज, सब्जी, गद्दे, बेड, फर्नीचर, टेंट के व्यवसायियों को 30 से 40 गुना मुनाफा हुआ। इसके साथ ही संगम क्षेत्र में नाव चालकों, आटो रिक्शा चालकों, टेला-खोमचा लगाने वाले और जनरल मर्चेंट के दुकानदारों की भी अच्छी आमदनी हुई है। प्रयागराज व्यापार मंडल के जनरल सेक्रेट्री शिव शंकर सिंह का कहना है कि शरहवासियों की आय में हुई ये वृद्धि आने वाले दिनों में शहर की इकॉनमी को 200 से 300 फीसदी तक की बढ़ोत्तरी प्रदान कर सकती है। व्यापार मंडल के जनरल सेक्रेटरी ने बताया कि शहरवासियों की महाकुम्भ से बढ़ी हुई आय का फ्लो जब स्थानीय बाजार में होगा तो वो इकॉनमी को बूस्ट करेगा।

# गोसाईगंज पुलिस ने तीन वारंटी को किया गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ कमिश्नरेट के गोसाईगंज पुलिस द्वारा बीती रात्रि को 3 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि वारंटी? अभियुक्तगणों को न्यायालय द्वारा बार बार सम्मन भेजे जाने के बाद भी न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे थे, जिनके विरुद्ध न्यायालय द्वारा गैर जमानतीय वारण्ट (एनबीडब्ल्यू) जारी किया गया था। थाना गोसाईगंज से 2 पुलिस टीमों का गठन कर अभियान के तहत 3 वारंटी अभियुक्तों को उनके घर से नियमानुसार गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया हैं।

# हजरतगंज पुलिस ने बुजुर्ग महिला को अस्पताल में लावारिश छोड़कर डेढ़ महीने से गायब बेटों को बुजुर्ग माँ से मिलवाया

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



लखनऊ कमिश्नरेट के कोतवाली हजरतगंज मे एक बुजुर्ग महिला ने पुलिस से मदद की आस लेकर पहुंची। बता दें कि जानकारी करने पर वृद्ध महिला उम्र करीब 65 वर्ष जो विगत डेढ़ महीने से सिविल अस्पताल मे लावारिस हालत में भर्ती थीं। वहीं बुजुर्ग महिला ने बताया कि करीब डेढ़ महीने पहले उनकी आँखों का इलाज कराने के लिए उनका बेटा उन्हें सिविल अस्पताल में भर्ती करा कर चला गया था लेकिन 2 दिन इलाज होने के बाद वो ठीक भी हो गयी लेकिन तब से उन्हें कोई लेने नहीं आया न ही वो अपने घर जा पा रही थीं। क्योंकि वो अपने घर का पता नहीं जानती थीं, उन्हें कोई न रास्ता दिख पाने पर लखनऊ पुलिस की मदद को सोची और स्थानीय हज़रतगंज पुलिस से मदद की गुहार लगाई। वहीं थाना प्रभारी हज़रतगंज विक्रम सिंह ने महिला पुलिसकर्मियों को बुलाकर मामले में पूछताछ कर जांच पड़ताल शुरू की तो फ़ौरी सूचना पर वृद्ध महिला के दोनों पुत्रो को संपर्क कर थाने बुलाया गया और महिला बुजुर्ग को उनके दोनों बेटों की सुपुर्दगी में दिया गया, तथा आवश्यक हिदायत दिया गया कि वह अपनी माता जी की देख रेख करते हुए प्रत्येक 15 दिवस में कुशलता के सम्बन्ध में थाना पर को अवगत करायेंगे। बुजुर्ग महिला को उनके पुत्रों के साथ थाना से सकुशल रवाना किया गया।

# आने वाले त्योहारों को लेकर प्रशासन ने शुरू की तैयारियां डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुई पीस कमेटी की बैठक

**एसडीएम , सीओ एवं विद्युत विभाग , पीडब्ल्यूडी के अधिकारी संयुक्त रूप से होलिका दहन स्थल एवं मार्ग का कर ले निरीक्षण , सभी व्यवस्था करे चुस्त दुरुस्त - डीएम**

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



आगामी त्योहारों की सकुशल , शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु डीएम पवन अग्रवाल एवं एसपी विकास कुमार की अध्यक्षता में सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान डीएम द्वारा थानावार एवं सर्किलवार त्योहारों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु तैयारियों की समीक्षा की गई।
बैठक में विभिन्न थानों आए हुए संभ्रांत नागरिकगण से डीएम एवं एसपी द्वारा वार्ता की गई एवं त्यौहारों को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त किए गए तथा उठाए गए समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया। डीएम ने कहा कि सभी एसडीएम , सीओ एवं विद्युत विभाग , पीडब्ल्यूडी के अधिकारी , बीडीओ द्वारा संयुक्त रूप से होलिका दहन स्थल एवं मार्ग का कर ले निरीक्षण कर ले एवं सभी व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त सुनिश्चित करें।
उन्होंने नगर निकाय एवं ग्राम पंचायतों में साफ सफाई का विशेष अभियान चलाए जाने का निर्देश सभी अधिशासी अधिकारियों,जिला पंचायत राज अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि समस्त विभाग त्योहारों को लेकर अपनी तैयारियां पूर्ण कर लें , त्योहारों के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति का निर्देश दिया। उन्होंने समस्त जनपद वासियों को आगामी त्यौहारों को हार्दिक शुभकामनाएं दिया एवं कहा कि सभी आपस में मिलजुल कर सौहार्दपूर्ण ढंग से त्योहारों को मनाए। पुलिस अधीक्षक ने कहा की आगामी त्योहारों के दृष्टिगत पुलिस बल द्वारा विशेष सतर्कता बरती जा रही है। त्योहारों को सकुशल रूप से संपन्न कराए जाने हेतु विशेष प्रबंध किए गए हैं एवं पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले अराजक तत्व के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार , अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव , योगेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, समस्त एसडीएम, क्षेत्राधिकारी , समस्त थानों के थानाध्यक्ष व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# स्टेज पर पहुंची युवती, दुल्हन बनने जा रही सहेली का हाथ पकड़ बोली, 'मैं इससे प्यार करती हूं'

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

बुलंदशहर की एक युवती की शादी की रस्में चल रही थीं। तभी स्टेज पर उसकी सहेली पहुंची और दुल्हन का हाथ पकड़कर बोली- मैं इससे प्यार करती हूं। इसके बाद दोनों में खींचतान और हाथापाई हो गई। बाद में पता चला कि दोनों के बीच चार साल से समलैंगिक संबंध हैं। इस घटना से शादी की रस्में रुक गईं और पुलिस को भी बुलाना पड़ा। बुलंदशहर की युवती की रविवार को एक होटल में रिंग सेरेमनी व गोद भराई की रस्म चल रही थी। कन्या और वर पक्ष इस शुभ घड़ी के आनंद में डूबे थे। गीत-संगीत का दौर चल रहा था। जिस स्टेज पर युवती व युवक सजे बैठे थे, उसी पर युवती की सहेली पहुंच गई। स्टेज पर जाकर दुल्हन बनने जा रही युवती का हाथ पकड़ा और बोली- मैं इससे प्यार करती हूं। दोनों के बीच खींचतान व मारपीट तक हो गई। बाद में दोनों काफी देर तक कमरे में बंद हो गईं। आयोजन जहां का तहां रुक गया। बाद में पता चला कि मामला समलैंगिक रिश्तों की प्रेम कहानी का है। पुलिस भी पहुंच गई। बुलंदशहर के पहासू क्षेत्र की युवती का रिश्ता शहर के क्वार्सी इलाके के युवक से तय हुआ। रविवार को गांधी पार्क बस अड्डे के पास एक होटल में रिंग सेरेमनी व गोद भराई की रस्म चल रही थी। जोड़ा स्टेज पर खड़ा था। तभी सफेद शर्ट व पैंट पहने एक युवती वहां धड़धड़ाते हुए पहुंची। उसने दुल्हन बनने जा रही युवती का हाथ खींचने की कोशिश की, जिसे लेकर दोनों में हाथापाई हो गई। इससे वहां हंगामा खड़ा हो गया। कुछ देर तक युवती के स्वजन व रिश्तेदार माजरा समझ ही नहीं पाए। उनकी समझ में नहीं आ रहा था कि हो क्या रहा है। कुछ देर बाद दोनों एक कमरे में बंद हो गईं। कमरे में करीब एक घंटा बंद रहने के बाद दोनों ने ही खुद कमरा खोला। पैंट शर्ट पहनकर आई युवती ने जब यह बताया कि दोनों में चार वर्ष से प्रेम संबंध है तो स्वजन अवाक रह गए। गुस्से में लाल-पीले पड़े पहासू की युवती के स्वजन ने उस युवती के साथ मारपीट तक कर दी। युवती ने भी पैंट शर्ट पहने युवती की सारी बातों को नकार दिया। उसका कहना था कि वह इस युवती को जानती तक नहीं। वहीं, पैंट शर्ट में आई युवती साक्ष्य दिखा रही थी।पूरे घटनाक्रम से युवक का परिवार भी सन्न रह गया। वह रिश्ता न करने की बात कहने लगे। वहीं, युवती का परिवार बात संभालने में लगा था।

# इंडो नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में उद्यान विभाग द्वारा किसान गोष्ठी आयोजित

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के तहसील तुलसीपुर क्षेत्र अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र पचपेड़वा में सोमवार को राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत इंडो नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के कृषि विज्ञान केंद्र पचपेड़वा में फल, शाकभाजी, औषधीय एवं पुष्पीय फसलो के उत्पादन व सम्वर्द्धन से सम्बन्धित किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
जानकारी के अनुसार 03 मार्च को राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत उद्यान विभाग द्वारा आयोजित किसान संगोष्ठी का शुभारम्भ जिला उद्यान अधिकारी संतोष कुमार दुबे एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक तथा अध्यक्ष सी0पी0एन0 गौतम द्वारा फीता काटकर किया गया। सेमिनार में सर्वप्रथम जिला उद्यान अधिकारी द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गयी । तत्पश्चात कृषि विज्ञान केन्द्र से डा0 जय प्रकाश ने प्राकृतिक खेती से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की । डा0 सियाराम कनौजिया ने औषधीय खेती के बारे में जानकारी दी तथा स्वाती शुक्ला ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के बारे में जानकारी प्रदान की । अन्त में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डा0 सी0पी0एन0 गौतम ने किसानों से उद्यान विभाग द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं का लाभ लेने की अपील की और उन्हे तकनीकी तरीके से खेती करने की जानकरी प्रदान की। संगोष्ठी कार्यक्रम में सीमा, लोकनाथ पाठक, अब्दुल मन्नान, नजमुल हसन, ऐहसान, ओमपाल पाठक, सन्तोष तिवारी एवं बडी संख्या में महिलाये उपस्थित रही। मंच का संचालन रवि प्रकाश त्रिपाठी द्वारा किया गया। कार्यक्रम की सफलता में अजय माली, एवं साधूराम मौर्य सहित अन्य उद्यान कर्मियों का सहयोग रहा।

## कागज पर चित्र उकेर बटोर रहे सुर्खियां: पिता का साया उठा तो शौक को बनाया पेशा, अब विदेशों से मिल रहे ऑर्डर

जन एक्सप्रेस/अलीगढ़। अदनान दावा करते हैं कि किसी भी तरह के पुराने से पुराने कटे-फटे फोटो का भी चित्र बना सकते है। कलर या ब्लैक एंड व्हाइट फोटो को बिल्कुल उसी तरह बना देंगे। भले ही फोटो कितनी भी पुरानी क्यों न हो। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) के स्नातक के छात्र अदनान अंसारी की चित्रकारी देश-दुनिया में सुर्खियां बटोर रही है। कोरोना काल में चित्रकारी के शौक को तराशना शुरू किया। अब यही शौक उनका पेशा बन गया है। पहली बार चित्र बनाने के 200 रुपये मिले थे। बचपन में ही उनके सिर से पिता का साया उठ गया था। अदनान ने बताया कि पांच साल तक खुद को एक पेंसिल स्केचर कलाकार के रूप में स्थापित करना शुरू किया। उनकी बनाई तस्वीरों की सराहना अंतरराष्ट्रीय स्तर के फोटोग्राफर और कलाकार तक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सबसे पहले अपने ही दोस्त के भाई का चित्र बनाया था। इसके एवज में उन्हें 200 रुपये मिले थे। इससे उनका उन्साह बढ़ गया। इंस्टाग्राम पर बनाए चित्र अपलोड करते हैं।

# अंतर महाविद्यालयीय विविधता प्रतियोगिता में एमएलके कॉलेज का दबदबा

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज सहित सिद्धार्थ विश्वविद्यालय से संबंध विभिन्न विद्यालयों के लिए अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में सोमवार को सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में अंतर महाविद्यालयीय विविधा प्रतियोगिता आयोजित की गई । भाषण प्रतियोगिता मे एमएलके कॉलेज की छात्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ।
जानकारी के अनुसार 3 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को सिद्धार्थ विश्वविद्यालय सिद्धार्थनगर में अंतर महाविद्यालयीय विविधा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर की छात्रा शिखा पांडेय ने प्रथम स्थान हासिल कर जिले का मान बढ़ाया है। प्राचार्य प्रो. जेपी पांडेय ने बताया कि सोमवार को सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में आयोजित विविधा प्रतियोगिता में बस्ती, सिद्धार्थनगर, महराजगंज, संतकबीरनगर, बलरामपुर एवं श्रावस्ती जनपद के महाविद्यालयों से तमाम विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। विकसित भारत की संकल्पना विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में एमएलके महाविद्यालय की छात्रा शिखा पांडेय को पहला स्थान मिला है। वहीं द्रोपदी का वस्त्रहरण नाटक में महाविद्यालय की छात्रा कृति उपाध्याय की टीम को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। एमएलके महाविद्यालय के टीम की अगुवाई करने वाले लेफ्टिनेंट डॉ. देवेंद्र कुमार चौहान व डॉ. स्वदेश भट्ट सहित विद्यार्थियों को प्राचार्य ने बधाई भी दी है। उन्होंने बताया कि चार मार्च को गोरखपुर विश्वविद्यालय में होने वाली अंतर विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिता में एमएलके पीजी कॉलेज की टीम सिद्धार्थ विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेगी।

**रमजान शुरू फलों की कीमत में उछाल**

# इफ्तार के दस्तरखान पर महंगे फल दिखा रहे भाव



जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

रमजान शुरू होते ही फलों के भाव बढ़ने लगे। सेब एक किलो 120 से 150 रुपये तक बिक रहे थे, अब 180 रुपये में बिक रहे हैं। 40 से 60 रुपये में बिकने वाले केले अब 70 से 80 रुपये में बिक रहे हैं।
रमजान में फलों की कीमतों में 20 फीसदी का उछाल आया है। इफ्तार के दस्तरखान पर महंगे फल भाव दिखा रहे हैं। इससे रोजेदारों का बजट बिगड़ गया है। लोगों का कहना है कि रमजान में फलों की कीमत कितनी भी बढ़ जाए लेकिन इफ्तार के दस्तरखान पर तो फल चाहिए ही।
शारदीय नवरात्र में फल महंगे थे। नवरात्र के बाद फलों की कीमतों में गिरावट आ गई। लेकिन, रमजान शुरू होते ही फलों के भाव बढ़ने लगे। सेब एक किलो 120 से 150 रुपये तक बिक रहे थे, अब 180 रुपये में बिक रहे हैं। 40 से 60 रुपये में बिकने वाले केले अब 70 से 80 रुपये में बिक रहे हैं। फल विक्रेता नफीस अहमद ने बताया कि फलों की कीमत बढ़े हैं। इस बार फल महंगे हैं। सभी के यहां इफ्तार के दस्तरखान पर फलों का होना जरूरी है।-मोहम्मद इलियास महंगाई के चलते फलों की कीमतें भले ही ज्यादा हैं, लेकिन लोग फल जरूर खरीदते हैं। पांच साल के आरिज शाकिर और सात साल की बड़ी बहन मायरा शाकिर ने पहला रोजा रखा है। दोनों ने घरवालों के साथ सहरी किया। रोजा मुकम्मल होने पर उन्हें रिश्तेदारों ने उपहार भी दिए।

# दहेज में पांच लाख और कार मांगी, महिला आयोग से शिकायत के बाद रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

शादी के कुछ दिन बाद ही पति, सास, ससुर, जेठानी, जेठ पांच लाख रुपये नकद व बलेनो कार की मांग करने लगे। आए दिन उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। बाद में पति अपने साथ गोवा ले गया, जहां पीड़िता को पता चला कि वह शराब पीता है। उसका अन्य युवतियों से संबंध है।
दहेज में पांच लाख रुपये व बलेनो कार की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वालों ने विवाहिता को प्रताड़ित किया और पीटते हुए उसे मायके के बाहर छोड़ गए। विवाहिता ने राष्ट्रीय महिला आयोग में इसकी शिकायत दर्ज कराई, जिसके अनुपालन में सीओ इगलास के आदेश पर गोंडा थाना पुलिस ने इस प्रकरण में मुकदमा दर्ज किया है।
थाना टप्पल के गांव स्यारौल निवासी अंशु चौधरी पुत्री संजय ने बताया कि उसकी शादी 29 नवंबर 2023 को पदम प्रकाश सिंह पुत्र महेंद्र सिंह निवासी जसुआ के साथ दहेज देकर की गई थी। पदम प्रकाश नौसेना में सेवारत है। शादी के कुछ दिन बाद ही पति पदम प्रकाश, सास सोनो देवी, ससुर महेंद्र सिंह, जेठानी रेनू, जेठ ज्ञानेंद्र पांच लाख रुपये नकद व बलेनो कार की मांग करने लगे।विवाहिता ने राष्ट्रीय महिला आयोग में इसकी शिकायत दर्ज कराई, जिसके अनुपालन में सीओ इगलास के आदेश पर गोंडा थाना पुलिस ने इस प्रकरण में मुकदमा दर्ज किया है।
थाना टप्पल के गांव स्यारौल निवासी अंशु चौधरी पुत्री संजय ने बताया कि उसकी शादी 29 नवंबर 2023 को पदम प्रकाश सिंह पुत्र महेंद्र सिंह निवासी जसुआ के साथ दहेज देकर की गई थी। पदम प्रकाश नौसेना में सेवारत है। शादी के कुछ दिन बाद ही पति पदम प्रकाश, सास सोनो देवी, ससुर महेंद्र सिंह, जेठानी रेनू, जेठ ज्ञानेंद्र पांच लाख रुपये नकद व बलेनो कार की मांग करने लगे। आए दिन उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। 19 जून 2024 को पति अपने साथ गोवा ले गया, जहां पीड़िता को पता चला कि वह शराब पीता है।
उसका अन्य युवतियों से संबंध है। उसने विरोध जताया तो उसे पीटा गया। इसके बाद वह मायके चली गई। कुछ दिन बाद ससुराल वाले उसे वापस ससुराल ले आए। कुछ दिन बाद फिर से उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। जेठ ने अभद्रता की। 30 अगस्त 2024 को ससुराल के लोग उसे मायके के बाहर गांव में छोड़ गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज पर जांच शुरू कर दी है।

# छात्र का चाकू से फाड़ दिया था फेफड़ा

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) के छात्र कैफ की हत्या के मामले में एक आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जांच में खुलासा हुआ है कि कैफ को वॉट्सऐप रील को लेकर हुए विवाद के चलते बुलाया गया था। बातचीत के दौरान मामला बिगड़ गया और दूसरे गुट के लोगों ने कैफ पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस की जांच जारी है।
अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) के छात्र की हत्या में एक आरोपित को पुलिस ने दबोच लिया है। उसके अन्य साथियों की तलाश तीन टीम लगी हुई हैं।
पोस्टमार्टम पता चला है कि बाईं तरफ सीने में चाकू लगने से उसकी जान निकल गई। सीने, कमर के अलावा दो निशान कोहनी पर थे। गोली लगने से सबूत नहीं मिले हैं। सिविल लाइन क्षेत्र के धौर्रामाफी अलीनगर के मोहम्मद नईम का बड़ा बेटा मो. कैफ एएमयू के सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 11वीं कक्षा का छात्र था। मो. नईम भी एएमयू में नलकूप ऑपरेटर हैं। शनिवार दोपहर तीन बजे कैफ घर से बाहर गया था। जमालपुर टूटी बाउंड्री के पास एबीके ब्याज हाईस्कूल के बाहर चार-पांच युवकों ने चाकू से हमला करके हत्या कर दी थी।
यहां दो गुटों में विवाद हुआ था। सीसीटीवी कैमरे में भी घटनाक्रम कैद हुआ है। छात्रों के बीच वॉट्सएप ग्रुप में किसी ने रील डाली थी। उस पर विरोध भरा कमेंट किया गया। इसी को लेकर दोनों पक्षों में विवाद बढ़ता गया। दोनों पक्षों में तीन
दिन से कमेंटबाजी चल रही थी। इस मामले की रिपोर्ट छात्र के पिता ने दर्ज कराई, जिसमें कहा गया कि दोपहर तीन बजे शहबाज नाम के लड़के ने फोन करके कैफ को एबीके ब्याज हाईस्कूल के पास बुलाया था। वहां अयान उर्फ प्रिंस, शोएब, मजहर व फराज घात लगाकर बैठे थे, जिन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर गोली चलाकर व चाकू व धारदार हथियार से कैफ पर हमला किया था।
वहीं, छात्र के शव का रात एक बजे पोस्टमार्टम कराया गया। वीडियोग्राफी भी कराई गई। जांच में पाया गया कि छात्र की मृत्यु गोली लगने से नहीं बल्कि चाकू लगने से हुई। चाकू से फेफड़ा फट गया था। सीओ तृतीय अभय कुमार पांडेय ने बताया कि आरोपित अयान को पकड़ लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। छात्र कैफ के शव का रविवार की सुबह गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। छात्र नेता आरिफ त्यागी ने कहा कि परिसर में सुरक्षा के इंतजाम पुख्ता किए जाएं। बाहरी लोगों पर प्रतिबंध लगाया जाए।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियन्ता, कर्मशाला, उत्तर रेलवे, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग लखनऊ निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यो हेतु मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सूचना सं. | विद्युत/डब्ल्यू0/आलमबाग/199/2024-25 | | |
| कार्य का विवरण | कैरेज एण्ड वैगन वर्कशाप, आलमबाग, लखनऊ में वातानुकूलित एवं गैर वातानुकूलित रेलवे सैलून यानों में फ्लेमलेस कूकिंग की व्यवस्था का कार्य। | | |
| अनुमानित लागत | ₹1,05,18,015.69 | धरोहर राशि | ₹2,02,600/- |
| निविदा प्रपत्र मूल्य | शून्य | कार्य समापन अवधि | 12 माह |
| निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि एवं समय | 24.03.2025 को अपरान्ह 15:00 बजे तक। | निविदा खुलने की तिथि व समय | 24.03.2025 को अपरान्ह 15:00 बजे के बाद। |

• निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा निर्धारित तिथि के अनुसार भरा जा सकता है। • मैनुअल ऑफर पर विचार नहीं किया जायेगा। • निविदाकर्ता निविदा फार्म की धरोहर राशि का भुगतान केवल www.ireps.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान प्रणाली द्वारा ही किया जायेगा। • डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/डिपॉजिट रसीद/एफ.डी.आर. या अन्य किसी रूप में निविदा धरोहर धनराशि का भुगतान स्वीकार नहीं किया जायेगा। • प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज़ की प्रस्तुति एवं उससे संबन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा।

निविदा सं.: विद्युत/डब्ल्यू/आलमबा/199/2024-25 दिनांक: 01.03.2025 672/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# चौकी में भर गया धुआं, तेज आवाज के साथ फटी बाइक की टंकियां

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

अलीगढ़ के पनेठी पुलिस चौकी के यार्ड में रविवार दोपहर भीषण आग लग गई। जब्त किए गए तीन सौ वाहनों में से अधिकांश बाइकों का जलना हुआ जिससे वाहन खाक हो गए। टायर फटने से तेज धमाके हुए और पांच सिपाही झुलस गए। पुलिस ने डेढ़ घंटे तक आग बुझाने में जुटकर कार्य किया। प्रभावितों का उपचार अकराबाद के सीएचसी में कराया गया। आग के कारण की जांच जारी है।
पनेठी पुलिस चौकी के यार्ड में रविवार को दोपहर भीषण आग लग गई। जब्त किए गए तीन सौ वाहन जलकर खाक हो गए। इनमें बड़ी संख्या बाइकों की थी। टायरों के फटने से लगातार कई तेज धमाके हुए। कुछ वाहनों की टंकियां फट गईं। धुएं का गुबार दूर तक नजर आया। दहशत के चलते हाईवे व गंगीरी रोड पर वाहन रुक गए। आसपास के लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। चौकी में धुआं भर गया। करीब डेढ़ घंटे तक पुलिसकर्मी ही आग बुझाने में जुटे रहे। इसके बाद दमकल पहुंचीं। पांच सिपाही झुलस गए। इनमें से सिपाही राहुल अधिक झुलसे हैं।
सभी का उपचार अकराबाद के सीएचसी में कराया गया। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। यह पता करने के लिए पुलिस जांच में जुटी है। दिल्ली-कानपुर हाईवे से करीब सौ मीटर दूर पनेठी पुलिस चौकी के पास यार्ड है। यहां जिलेभर के थानों की पुलिस द्वारा जब्त किए गए वाहनों को रखा जाता है।
पांच सौ से अधिक वाहन यहां थे। इनमें सबसे अधिक संख्या में बाइक थीं। आटो, ट्रक, कार आदि भी थे। रविवार को चौकी में पांच-छह सिपाही थे। दोपहर ढाई बजे अचानक वाहनों के बीच से धुआं उठने लगा। सिपाही कुछ समझ पाते, उससे पहले ही धुएं का गुबार तेज हो गया और तेज धमाके होने लगे।
चौकी में धुआं भर गया। सिपाही बाहर निकले तो आग की लपटें उठ रही थीं। टायर फटने से तेज धमाके हो रहे थे।

# जब धूम्रपान नहीं फिर भी फेफड़ों का कैंसर क्यों?

जन एक्सप्रेस । आगरा

फेफड़ों के कैंसर को आमतौर पर धूम्रपान से जोड़ा जाता रहा है, लेकिन हाल के वर्षों में ऐसे लोगों में भी फेफड़ों के कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं जिन्होंने कभी धूम्रपान नहीं किया। यह प्रवृत्ति कई महत्वपूर्ण सवाल खड़े करती है कि आखिर धूम्रपान न करने वाले लोगों में फेफड़ों का कैंसर क्यों हो रहा है और इससे कैसे निपटा जा सकता है।
नॉन स्मोकिंग लंग कैंसर उन व्यक्तियों में होता है जिन्होंने कभी धूम्रपान नहीं किया या अपने जीवनकाल में बहुत कम धूम्रपान किया है। यह एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है क्योंकि यह आमतौर पर बाद के चरणों में ही पता चलता है, जब उपचार के विकल्प सीमित होते हैं और रोग का निदान कम अनुकूल होता है।
इतिहास में, अधिकांश फेफड़ों के कैंसर के मामले धूम्रपान से जुड़े थे, लेकिन अब नॉन स्मोकिंग लंग कैंसर के मामले भी बढ़ रहे हैं। अमेरिका में लगभग 20 प्रतिशत फेफड़ों के कैंसर के मामले धूम्रपान न करने वालों में देखे जाते हैं, और यह अनुपात अन्य देशों में और भी अधिक हो सकता है। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज के पल्मोनोलॉजी विभाग के सीनियर डायरेक्टर डॉ. प्रवीन कुमार पांडेय ने बताया कि धूम्रपान न करने वालों में फेफड़ों के कैंसर का खतरा कई कारकों से बढ़ सकता है। आनुवंशिक परिवर्तन, जैसे ई जी एफ आर और एएलके जीन में उत्परिवर्तन, इस बीमारी से जुड़े हो सकते हैं। इसके अलावा, पर्यावरणीय जोखिम जैसे रैडॉन गैस, वायु प्रदूषण और सेकंड-हैंड स्मोक के संपर्क में आना भी जोखिम बढ़ाता है। यदि किसी के परिवार में फेफड़ों के कैंसर का इतिहास रहा हो, तो धूम्रपान न करने के बावजूद इसका खतरा अधिक हो सकता है। लंबे समय तक वायु प्रदूषण, विशेष रूप से पीएम2.5 कणों के संपर्क में रहना भी एक प्रमुख कारक है। साथ ही, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) या इंटरस्टिशियल लंग डिजीज जैसी पुरानी फेफड़ों की बीमारियां भी कैंसर के जोखिम को बढ़ा सकती हैं।
धूम्रपान न करने वालों में फेफड़ों के



कैंसर के लक्षणों में लगातार खांसी, सांस फूलना, सीने में दर्द, अस्पष्टीकृत वजन घटना, थकान और खून वाली खांसी (हेमोप्टाइसिस) शामिल हो सकते हैं। दुर्भाग्य से, ये लक्षण अक्सर देर से प्रकट होते हैं और अन्य बीमारियों से जुड़े होने के कारण अनदेखे रह सकते हैं, जिससे कैंसर का पता आमतौर पर बाद के चरणों में चलता है। इसके अलावा, धूम्रपान न करने वालों के लिए कोई निर्धारित स्क्रीनिंग गाइडलाइन उपलब्ध नहीं है, जिससे समय पर पहचान और उपचार की चुनौतियां बढ़ जाती हैं।
धूम्रपान न करने वालों में एडेनोकार्सिनोमा सबसे आम प्रकार का फेफड़ों का कैंसर है। यह नॉन-स्मॉल सेल लंग कैंसर (एनएससीएलसी) का एक प्रकार है, जो फेफड़ों की बाहरी सतह पर मौजूद कोशिकाओं में उत्पन्न होता है। यह आमतौर पर युवा, स्वस्थ व्यक्तियों में पाया जाता है जिनका धूम्रपान का कोई इतिहास नहीं होता। स्मॉल सेल लंग कैंसर (एससीएलसी), जो मुख्य रूप से धूम्रपान से जुड़ा होता है, धूम्रपान न करने वालों में अपेक्षाकृत कम देखने को मिलता है।
डॉ. प्रवीन ने आगे बताया कि नॉन स्मोकिंग लंग कैंसर में वृद्धि ने उपचार में कई महत्वपूर्ण प्रगति को प्रेरित किया है। टार्गेटेड थेरेपी, जो ई जीएफआर और एएलके इनहिबिटर्स जैसी दवाओं के माध्यम से विशिष्ट आनुवंशिक परिवर्तनों को लक्षित करती है, इस कैंसर के इलाज में प्रभावी साबित हुई है। इम्यूनोथेरेपी शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को सक्रिय करके कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करने में मदद करती है और उन्नत चरण के रोगियों के लिए फायदेमंद रही है। वहीं, प्रारंभिक चरण में निदान किए गए रोगियों के लिए सर्जरी और रेडिएशन अभी भी महत्वपूर्ण उपचार विकल्प बने हुए हैं।

# बसंतकालीन गन्ना बुवाई में किसानों का सहयोग करें चीनी मिलें: खुशीराम भार्गव



जन एक्सप्रेस | पीलीभीत

गन्ना भवन पीलीभीत में आयोजित सी.आई.सी. बैठक में गन्ना बुवाई, आपूर्ति और पेराई को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक की अध्यक्षता जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव ने की, जिसमें विभिन्न चीनी मिलों के प्रतिनिधि, गन्ना विकास निरीक्षक, और संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक की शुरुआत में तौल लिपिकों के स्थानांतरण की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए ई-लॉटरी सिस्टम लागू किया गया। स्थानांतरण की सूची महाप्रबंधक गन्ना एवं मुख्य गन्ना अधिकारी को सौंप दी गई, और सभी

- सी.आई.सी. बैठक में गन्ना आपूर्ति, पेराई और बुवाई को लेकर दिए गए महत्वपूर्ण निर्देश

चीनी मिलों को निर्देश दिया गया कि वे नवीनतम सूची के अनुसार तौल लिपिकों की नियुक्ति करें।

### गन्ना पेराई की वर्तमान स्थिति

एल.एच. चीनी मिल एवं बीसलपुर चीनी मिल अपनी पूरी क्षमता के साथ पेराई कर रही हैं। पूरनपुर और बरखेड़ा चीनी मिलें अपने आवंटित क्षेत्र का गन्ना पेराई कर बंद हो चुकी हैं। अब तक 222.42 लाख क्विंटल गन्ना खरीदा जा चुका है।136024 किसान समितियों के माध्यम से चीनी मिलों को गन्ना आपूर्ति कर चुके हैं। जिले में अब तक 21.16 लाख क्विंटल चीनी और 10.59 लाख क्विंटल शीरा (मोलासिस) का उत्पादन किया गया है।

गन्ना बुवाई की स्थिति और उन्नत बीज उपलब्धता 11331 हेक्टेयर में बसंतकालीन गन्ना बुवाई पूरी हो चुकी है। गन्ना बुवाई का कार्य तेजी से प्रगति पर है। किसानों को विभिन्न संस्थानों से उन्नत किस्म के गन्ना बीज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। 15 फरवरी से 30 मार्च का समय गन्ना बुवाई के लिए सबसे उपयुक्त माना जाता है। इस दौरान तापमान 27 से 33एष्ट के बीच रहता है, जो गन्ना बीज के बेहतर जमाव के लिए आदर्श होता है।

### किसानों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश

जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव द्वारा किसानों को गेहूं की कटाई के बाद गन्ना बुवाई के लिए बीज आरक्षित करने के निर्देश दिए गए तथा कहा कि गन्ना बीज विक्रेता किसानों की सूची तैयार करें और उसका सन्यापन गन्ना पर्यवेक्षक से कराएं जो किसान जितना बीज बेचेंगे, उसे उनके बेसिक कोटा में जोड़ा जाएगा। सभी चीनी मिल प्रतिनिधि और ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक को निर्देश दिया गया कि वे गन्ना बुवाई की रिपोर्ट प्रतिदिन कार्यालय में प्रस्तुत करें।

### बैठक में शामिल अधिकारी एवं प्रतिनिधि

इस बैठक में बीसलपुर, पीलीभीत, गुलरिया, बरखेड़ा चीनी मिलों के प्रतिनिधि, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक (पीलीभीत, बीसलपुर, मझोला), तथा सचिव (पीलीभीत, बीसलपुर) सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में किसानों को अधिक से अधिक बसंतकालीन गन्ना बुवाई करने और चीनी मिलों को गन्ना आपूर्ति में सहयोग देने का आग्रह किया गया।

## मोबाइल के दुकान पर मारपीट, तीन पर मुकदमा

जन एक्सप्रेस | जौनपुर

**बरसठी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के राजाबाजार में मोबाइल की दुकान पर दुकानदार और ग्राहक के बीच मारपीट के मामले में सोमवार को पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके गिरफ्तारी की प्रक्रिया शुरू कर दी है। घटना के बाद से बाजार में अभी भी दुकानदारों में दहशत बनी है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

भदोही जिले के सुरियावां थाना क्षेत्र के तुलापुर गांव निवासी धीरज गौतम की बरसठी थाना के राजाबाजार में मोबाइल की दुकान है।

दुकान पर कारो गांव निवासी विशाल सरोज अपनी मोबाइल बनाने के लिये दिया था। मोबाइल में खराबी ठीक न होने पर रविवार शाम को अपने साथियों के साथ पहुँच गया और कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। मारपीट में धीरज गौतम व उसका साथी विशाल गौतम को चोट लग गई। दोनो पुलिस के यहां पहुँचे। जिन्हें इलाज के लिये सीएचसी भेजा गया। पुलिस ने विशाल सरोज अभय सरोज व अर्जुन निवासी कारों थाना के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू किया है।

# जिला कारागार पीलीभीत में गूंजा श्री राधा नाम कीर्तन, भक्तिमय हुआ माहौल



जन एक्सप्रेस | पीलीभीत



श्री हित परिकर श्री वृंदावन धाम और प्रेम प्रदायन श्री राधा बल्लभ लाल जू की अहेतुकी कृपा से जिला कारागार पीलीभीत में श्री राधा नाम कीर्तन एवं ब्रज की होली महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दिव्य रस वर्षा से कारागार का वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु वंदना से हुई, इसके बाद श्री राधा नाम कीर्तन एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। ब्रज की होली के भजनों आज ब्रज में होरी मेरे रसिया, ढप बाजे कुंवर किशोरी के ढप बाजे, आओ नंदगांव ते होरी खेलन नटवर नंद किशोर पर बंदी झूम उठे। इसके साथ ही इश्क बुले नू नाचवें यार की नचना पैनदा ए भजन ने सभी को आध्यात्मिक आनंद से भर दिया।कार्यक्रम के अंत में महाआरती का आयोजन किया गया। भक्तों का उद्देश्य था कि भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि कारागार में उनके नाम का संकीर्तन किया जाए, क्योंकि गोस्वामी तुलसीदास जी ने रामचरितमानस में लिखा है कलयुग केवल नाम अधारा, सुमिर-सुमिर नर उतरहि पारा। भगवान के नाम में अपार शक्ति है, जो व्यक्ति को जीवन-मरण के चक्र से मुक्त कर सकता है और सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

इस भक्तिमय अवसर पर जेल अधीक्षक राजेश कुमार पाण्डेय, जेलर अभिषेक सिंह पटेल गोल्डी, जगदीश राजपूत, अक्षत चित्रांश, हिमांशु गुप्ता, शिवम कश्यप एडवोकेट सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# पाक रमज़ान एवं होली के मद्देनजर थाना हजारा में पीस कमेटी की हुई बैठक

जन एक्सप्रेस | पूरनपुर



**हजारा।** पाक रमजान माह एवं होली के त्यौहार के मद्देनजर नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के थाना हजारा में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन नायब तहसीलदार एवं थाना प्रभारी निरीक्षक की अध्यक्षता में किया गया जिसमें तमाम जनप्रतिनिधि एवं धर्मगुरुओं ने पहुंच कर बैठक मे प्रतिभाग किया है। पाक रमजान माह शुरू होने एवं इसी के मध्य होली का त्यौहार भी होने के मद्देनजर सोमवार को नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के थाना हजारा में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन पूरनपुर तहसील के नायब तहसीलदार एवं हजारा थाना प्रभारी निरीक्षक प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में किया गया बैठक के दौरान नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी ने क्षेत्र से आए मस्जिद के इमाम एवं मुस्लिम समाज के गणमान्य व्यक्तियों से रमजान माह के दौरान होने वाले किसी समस्या पर जानकारी ली और सभी त्योहारों को शांतिपूर्वक ढंग से मनाने की अपील किया है। उधर हजारा थाना प्रभारी निरीक्षक प्रकाश सिंह ने बैठक में आए जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों को होली के त्यौहार को शांति एवं सौहार्द के साथ बनाने की अपील किया है तो वही थाना क्षेत्र में पूर्व में निर्धारित होलिका दहन स्थल पर ही होलिका दहन करने की अपील किया है और कोई नई परंपरा न डालने की अपील किया है.होली रंगों का त्यौहार है इसे हंसी-खुशी के साथ शांति एवं सौहार्द के साथ एक दूसरे के साथ मिलकर मनाएं कोई विवाद ना उत्पन्न करें साथ ही यह भी बताया कि होली के त्योहार पर शराब पीकर हुड़दंग मचाने वाले शराबियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी.इसके साथ ही नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी एवं हजारा थाना प्रभारी निरीक्षक प्रकाश सिंह ने बैठक में मौजूद प्रधान एवं गणमान्य व्यक्तियों से रमजान माह एवं होली के संबंध में तमाम बिंदुओं पर जानकारी लिया और सभी से सभी त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं कानून का पालन करते हुए खुशी खुशी अपने अपने त्योहारों को मनाने की अपिल किया है। बैठक में रामनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह साधन समिति के पूर्व अध्यक्ष चौधरी पदम सिंह गांव भरतपुर के प्रधान शमशेर आलम मुरैना गांधीनगर के प्रधान मुकेश कुमार राणा प्रताप नगर की प्रधान रमावती देवी प्रधान पति परमजीत सिंह, सत्यप्रकाश सिंह, राधेश्याम राव, रामकृपाल वर्मा पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश शर्मा कोटेदार फरीद अहमद के अलावा नहरोसा, राणा प्रताप नगर, श्रीनगर एवं नेहरु नगर के मस्जिदों के इमाम सहित अन्य दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# बहू पर विधवा सास के जेवर और नगदी चोरी करने का आरोप, प्राथमिकी दर्ज

- जेवर वापस मांगने पर दहेज की झूठी प्राथमिकी लिखाने की धमकी, एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने लिखी प्राथमिकी




जन एक्सप्रेस | पूरनपुर

बेटे के साथ अलग रह रही बहू ने घर में घुसकर विधवा सास के जेवर और नगदी चोरी कर ली।इसकी जानकारी होने पर चोरी के जेवर और नगदी वापस करने का आश्वासन दिया।चोरी का सामान वापस मांगने पर विवाहिता के भाई और पिता ने गाली गलौज कर झूठी प्राथमिकी लिखाने की धमकी दी।पुलिस ने एसपी के आदेश पर प्राथमिकी लिखी है। नगर के मुहल्ला लाइनपार साहूकारा निवासी नाहिद बेगम ने पुलिस को बताया कि वह विधवा महिला है। उसने बेटे की शादी ढाई वर्ष पूर्व लाइनपार साहूकारा निवासी निशा के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के साथ की थी।शादी के कुछ दिन बाद ही निशा उसके बेटे पर घर से अलग रहने का दबाव बनाने लगी। लड़ाई झगडे से तंग आकर महिला ने अपने बेटे को निशा के साथ घर से अलग रहने के लिए भेज दिया। आरोप है कि इसके बाद निशा गलत मांगों को उसके बेटे से झगड़ी रहती। महिला ने आरोप लगाया कि 16 अगस्त 2024 की रात निशा घर में घुस आई। घर में रखे सोने व चांदी के जेवर सहित पचास हजार की नगदी चोरी कर ली। वारदात की जानकारी होने पर निशा ने जेवर और नगदी वापस करने का आश्वासन दिया। महिला ने मामले की शिकायत निशा के मायके वालों से की। इस पर उन्होंने भी जेवर वापस कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद लगातार टालमटोल करते रहे।17 फरवरी को महिला शाम छह बजे जेवर वापस मांगने निशा मायके पंहुची। आरोप है कि निशा के पिता यामीन, भाई यासीन ने गाली गलौज कर घर से भगा दिया। जेवर देने से भी इंकार कर दहेज की झूठी प्राथमिकी दर्ज कराने की धमकी दी। मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की, लेकिन कोई कार्रवाई नही की गई।एसपी के आदेश पर पुलिस ने प्राथमिकी लिख कर जांच शुरू की है।

## फर्जी दस्तावेजों से वीजा दिलाने के नाम पर ठगी करने वालों पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई

जन एक्सप्रेस | पीलीभीत

जनपद में फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से वीजा दिलाने और विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले आईलेट्स संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

**जनपद स्तर पर आईलेट्स/ वीजा सेल का गठन, 112 मामले दर्ज**

आमजन को न्याय दिलाने और ऐसे मामलों की गहन जांच सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपदीय क्राइम ब्रांच, पीलीभीत में विशेष आईलेट्स/वीजा सेल का गठन किया गया है। इस सेल के नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक होंगे, जबकि सहायक नोडल अधिकारी क्षेत्राधिकारी नगर को नियुक्त किया गया है। इस पहल का उद्देश्य ठगी के मामलों में संलिप्त संचालकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करना और पीड़ितों को न्याय दिलाना है।

अब तक 112 मामले दर्ज

जनपदीय पुलिस द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्रों में प्राप्त शिकायतों के आधार पर कुल 112 मामले दर्ज किए जा चुके हैं। जिनमें सर्वाधिक मामले पूरनपुर (77 मामले), माधोटांडा (12 मामले), न्यूरिया (5 मामले) और अमरिया (5 मामले) में सामने आए हैं। अन्य थाना क्षेत्रों में भी इस तरह की ठगी के कई मामले प्रकाश में आए हैं।

फर्जी वीजा गिरोहों पर सख्ती जारी

प्रशासन का साफ कहना है कि विदेश भेजने के नाम पर भोले-भाले नागरिकों से ठगी करने वाले किसी भी संचालक को बख्शा नहीं जाएगा। फर्जी दस्तावेजों और वीजा के जरिए ठगी करने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। जनपद पुलिस आम जनता से अपील करती है कि यदि वे भी इस तरह की ठगी का शिकार हुए हैं तो तुरंत संबंधित थाना या आईलेट्स/वीजा सेल, क्राइम ब्रांच, पीलीभीत में शिकायत दर्ज कराएं। प्रशासन इस तरह की धोखाधड़ी पर पूरी तरह नकेल कसने के लिए प्रतिबद्ध है।

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में उत्तीर्ण बच्चे हुए सम्मानित



जन एक्सप्रेस | जौनपुर

- प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित।
- 20 बच्चो को प्रशंसा पत्र किया गया प्रदान
- अखिल विश्व गायत्री परिवार के तन्वावधान में हुआ आयोजित।

**मुंगरा बादशाहपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वाधान में प्राथमिक विद्यालय सतहरिया में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा वर्ष 2024 -25 के उत्कृष्ट प्रतिभागियों के सम्मान समारोह का आयोजन हुआ । विद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस संबंध में प्रमोद कुमार दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज के द्वारा प्रदेश भर में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन प्रति- वर्ष किया जाता है। इसी क्रम में बीते 19 अक्टूबर 2024 को परीक्षा का आयोजन किया गया था। परीक्षा आयोजन के पूर्व भारतीय संस्कृति एवं दर्शन पर आधारित शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में संकलित पुस्तक को पढ़ने के लिए छात्र- छात्राओं को उपलब्ध कराया गया था। जिसके आधार पर विद्यालयों में परीक्षा का आयोजन कराया गया। परीक्षा का परिणाम गायत्री परिवार के केंद्रीय कार्यालय शांतिकुंज हरिद्वार से जारी होने के बाद प्रतिभागियों को सम्मान समारोह के माध्यम से प्रमाण पत्र व मेडल दिया गया। विद्यालय स्तर पर परीक्षा में प्रथम स्थान संतोष द्वितीय स्थान साक्षी तृतीय स्थान रिया ने प्राप्त किया। शेष 20 अन्य प्रतिभागियों को प्रशंशा -पत्र प्रदान किया गया। प्रशंशा-पत्र प्रतिभागी क्रमशः संजना, सुजीत, ऋषभ, सोनू, मीनाक्षी, माही, साहिल, बबीता, महिमा, हिमांशु, देव, अंशिका, दिव्या गौतम, देवराज गौतम आदि रहे। यह परीक्षा भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के तहसील संयोजक राजकुमार पटेल के संयोजकत्व में संपन्न हुई। विद्यालय स्तर पर सभी शिक्षकों नीतू तिवारी, धरमराज यादव, संदीप कुमार, रीता यादव, ने सराहनीय सहयोग प्रदान किया। अंत में विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार दूबे ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पेड़ से लटकता मिला युवक का शव, हड़कंप

जन एक्सप्रेस | जौनपुर। सिकरारा। स्थानीय थाना क्षेत्र के डगरियाव गांव में सोमवार सुबह 24 वर्षीय एक युवक का शव उसके घर के बाउंड्री के अंदर अमरूद के पेड़ से लटकता मिला। इस घटना से सनसनी फैल गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव उतरवाकर पंचनामा कराने के बाद पोस्टमार्टम को भेज दिया। उक्त गांव के राजेन्द्र प्रसाद बिंद का 24 वर्षीय इकलौते बेटे अमित बिन्द का शव घर के चहारदीवारी के अंदर अमरूद के पेड़ पर साड़ी के फंदे के सहारे लटकता पाया गया। परिजनों के मुताबिक घर पर मृतक के अलावा उसकी दादी शांती देवी ही घर पर थी। भोर चार बजे उसे बिस्तर पर न पाकर घर के पिछवाड़े गई तो अमित का शव अमरूद के पेड़ पर लटकता देख स्तब्ध रह गई। उन्होंने पड़ोसियों को जगाकर बताया। अमित अपने पिता राजेन्द्र प्रसाद व चाचा महेंद्र बिन्द के साथ मुम्बई में रहता था वही से वह बीफार्मा की पढ़ाई पूरा किया था। उसकी बहन प्रियंका भी मुंबई से कामर्स से स्नातक अंतिम वर्ष की पढ़ाई कर रही है। अमित के चाचा महेंद्र ने बताया कि उसकी दिमागी हालत कुछ दिनों से ठीक नही चल रही थी। दो माह से उसकी दवा चल रहा था। मेरे ससुराल शादी पड़ी थी तो उसे भी साथ मे ले आये ताकि उसका मन आनमान हो जाये। शादी के बाद वे रविवार को अपने रिश्तेदार के यहाँ जा रहे थे अमित को भी साथ ले जाना चाहे लेकिन वह नही तैयार हुआ। तो मै अकेले ही चले गए। सोमवार सुबह पांच बजे घटना की सूचना मिली। उसके पापा राजेन्द्र व मम्मी मालती बिन्द को सूचना दे दी गई। वह आज ही फ्लाइट से आ जाएंगे।

# नाबालिग को भगाने का आरोपित गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस | जौनपुर

सिकरारा। जिले के सिकरारा थाना क्षेत्र के एक गाँव से साल भर पहले भगाई गई नाबालिग को भगाने के आरोपित युवक को सोमवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया।

बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के एक गाँव की 17 वर्षीय नाबालिग बीते वर्ष 11 फरवरी को घर से भाग गई थी। उसके पिता ने थाने पर तहरीर दी तो पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज कर खोजबीन में जुट गई थी, उक्त मामले की विवेचना कर रहे उपनिरीक्षक कमलेश कुमार तिवारी ने बताया कि नाबालिग के फोन कॉल की डिटेल जांच की तो पता चला कि उक्त नाबालिग पिता के साथ सूरत में रहने के दौरान इंस्टाग्राम चैटिंग से फतेहपुर के युवक पिंटू गोस्वामी से नजदीकियां बढ़ गई। उसके बहलाने फुसलाने पर वह घर से भागकर मछलीशहर से प्रयागराज पहुँची ।

जहां से पिंटू उसे साथ ले गए। दोनो एफ्फिडेविड (शादीनामा) बनवाकर साथ रहने लगे। उक्त नाबालिग अपने पिता से मिलने समाधगंज आई थी। जहां से उसे बरामद कर मामले के बारे में पूछताछ चल रहा था। तभी सोमवार को मुखबिर से सूचना मिली कि उक्त मुकदमे का वांछित युवक पिंटू गोस्वामी सिकरारा बाजार उससे मिलने आया है। पुलिस ने मुखबिर की निशानदेही पर पिंटू गोस्वामी को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुट गई।

## ड्रोन कैमरे से होगी खेतासराय के होली जुलूस की निगरानी



जन एक्सप्रेस | जौनपुर

जिले के अति संवेदनशील खेतासराय कस्बा में निकलने वाले होली जुलूस को लेकर प्रशासन पूरी तरह से संजीदा हो गया है। होली पर हुड़दंग के नाम पर अमन चैन खराब करने वालों पर पुलिस ने अभी से शिकंजा कसना शुरू कर दिया है।

एसडीएम शाहगंज राजेश चौरसिया की अध्यक्षता में सोमवार को नगर पंचायत कार्यालय परिसर में हुई सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक में उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि होली पर निकलने वाले जुलूस की निगरानी ड्रोन कैमरे से की जाएगी। शरारती तत्व कितना भी ताकतवर क्यों ना हो, कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों को बक्शा नहीं जाएगा।

डिप्टी एसपी शाहगंज अजीत सिंह चौहान की निगरानी में उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए होली जुलूस समिति के अध्यक्ष भाजपा नेता जगदंबा प्रसाद पांडेय ने बताया कि नगर में तीन स्थानों पर होलिका दहन किया जाता है । नेशनल हाईवे स्थित ओरिएंटल बैंक के पास, दूसरा होलिका दहन खुटहन मार्ग पर दुर्गा मंदिर और तीसरा ऐतिहासिक प्राचीन काली मंदिर के पास दुर्गा नगर मोहल्ले में जलाई जाती है। पिछले 14 वर्षों से उनकी निगरानी में होलिका दहन करके होली के दिन गाजे बाजे के साथ ऐतिहासिक जुलूस निकाला जाता है। जिसमें सेंट्रल पीस कमेटी के सभी पदाधिकारी, सदस्य गण जुलूस में आगे आगे आपसी सौहार्द बनाने के लिए उपस्थित रहते हैं। डिप्टी एसपी शाहगंज अजीत सिंह चौहान के समक्ष अध्यक्ष श्री पांडेय ने बताया कि दोपहर 12 बजे तक सभी लोग रंग खेलेंगे। उसके बाद दो बजे से होली का विशाल जुलूस बाजे गाजे के साथ नगर में निकल जाएगा। यह जुलूस खेतासराय के मुख्य मार्ग, मुख्य चौराहा, पुरानी बाजार होते हुए दुर्गा नगर मोहल्ला स्थित काली मंदिर के पास पहुंचेगा। यहां होली की राख उड़ाने के बाद फिर गोला बाजार में पहुंच कर वहीं जुलूस का समापन किया जाएगा। डिप्टी एसपी अजीत सिंह चौहान ने अन्य धर्म के लोगों से अपील किया है कि वह इसमें पूरी तरह से सहयोग दें। किसी तरह की शिकायत किसी के खिलाफ नहीं मिलनी चाहिए। वरना जो भी दोषी मिलेगा, उसके खिलाफ प्रशासन बहुत ही सख्त कार्रवाई करेगा। बैठक में खेतासराय थानाध्यक्ष रामाश्रय राय, खेतासराय नगर पंचायत के अध्यक्ष सपा नेता वसीम अहमद, सैयद ताहिर, मोहम्मद असलम ने होली जुलूस में हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। नगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय विश्वकर्मा, सफर शेख, कपूरचंद जायसवाल, सभासद शमीम अहमद इलियास उर्फ मोनू सभासद अन्य उपस्थित रहे।



# छुट्टा गौवंश बाजार में कर रहे मार्च पास्ट, राहगीर भय के साए में

**जन एक्सप्रेस | जौनपुर। शाहगंज।** तहसील क्षेत्र शाहगंज के अंतर्गत सराय मोहिउद्दीनपुर बाजार में लखनऊ बलिया राजमार्ग पर छुट्टा गौवंश इन दिनों मार्च पास्ट करते हुए लोगों को भय के साए में सफर तय करने को मजबूर कर दिए हैं। स्थानीय सरकार के जिम्मेदारान चैन की बंशी बजा रहे हैं। निराश्रित गौवंशो को सहारा देने के लिए शासन की मंशा के अनुरूप समूचे क्षेत्र में जहां गैरवाह गांव में स्थायी रूप से एक वृहद और अन्य चार सुइथाकला,सवायन, कज्मरपुर और उसरौली में अस्थाई गौशालाओं की व्यवस्था कर रखी गई हैं। उक्त व्यवस्थाओं के बावजूद इन दिनों सराय मोहिउद्दीनपुर बाजार से गुजरने वाली लखनऊ बलिया राजमार्ग पर लगभग आधे दर्जन की संख्या में छुट्टे गौवंश इस कदर मार्च पास्ट करते नजर आ रहे हैं, जैसे मानो बाजार समेत मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी इन सभी के जिम्मे हो गोवंश अपने निराले अंदाज में मार्च पास्ट करने के दौरान बाजार वासियों के साथ ही सड़क मार्ग से गुजरने वाले वाहनों के लिए दुर्घटना का पर्याय बने हुए हैं। जबकि पूर्व में बतौर पशु चिकिन्सा अधिकारी रहे डाक्टर आलोक सिंह पालीवाल के कार्यकाल में विकास खण्ड को कैचर उपलब्ध हो गया था, बताया जा रहा है कि उनके कार्यकाल में अभियान चलाकर क्षेत्र के प्रमुख मार्गों को छुट्टा गौवंशों से मुक्त कराने का कार्य किया गया था। लेकिन वर्तमान में लग रहा है जिम्मेदारान चैन की बंशी बजा रहे हैं। वहीं प्रभारी पशु चिकिन्सा अधिकारी डाक्टर सूरज ने बोर्ड परीक्षा में व्यस्त होना बताया।

# सुरक्षा व्यवस्था में कमी देखकर नाराज हुए उप शिक्षा निदेशक

## कई परीक्षा केन्द्रो का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस | बाराबंकी**

सोमवार को राज्य स्तर से हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा 2025 हेतु जिले में नियुक्त किये गये पर्यवेक्षक व उप षिक्षा निदेषक जीवेन्द्र सिंह ऐरी ने कुल 05 परीक्षा केन्द्रो का निरीक्षण किया। जहां हाईस्कूल की संस्कृत एवं इण्टरमीडिएट की जीव विज्ञान एवं गणित की परीक्षाएं संचालित हो रही थी। सबसे पहले श्री ऐरी राजकीय इण्टर कालेज शहावपुर पहुँचे जहां इण्टरमीडिएट की गणित एवं जीव विज्ञान की परीक्षाओं का संचालन हो रहा था यहा गणित में कुल पंजीकृत 24 परीक्षार्थी उपस्थित पाये गये। जीव विज्ञान की परीक्षा मे कुल पंजीकृत 150 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 139 परीक्षार्थी उपस्थित पाये गये। उसके बाद श्री ऐरी श्रीकृष्ण गुलाब देई इण्टर कालेज, शहावपुर पहुँचे जहां पर हाईस्कूल की संस्कृत एवं इण्टरमीडिएट की जीव विज्ञान एवं गणित की परीक्षाएं संचालित हो रही थी। यहा पर हाईस्कूल में कुल 06 पंजीकृत परीक्षार्थी उपस्थित पाये गये। वही इण्टरमीडिएट में जीव विज्ञान की परीक्षा में कुल पंजीकृत 120 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 117 परीक्षार्थी उपस्थित पाये गये। गणित की परीक्षा में कुल पंजीकृत 28 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 27 परीक्षार्थी उपस्थित पाये गये। इसके बाद उप षिक्षा निदेषक श्री ऐरी मसौली ब्लॉक के रफी मेमोरियलय गर्ल्स इण्टर कालेज पहुँचे। जहां पर हाईस्कूल की संस्कृत एवं इण्टरमीडिएट की जीव विज्ञान एवं गणित की परीक्षाएं संचालित हो रही थी। यहा पर हाईस्कूल में कुल पंजीकृत 20 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 19 परीक्षार्थी उपस्थित पाये गये। वही इण्टरमीडिएट की परीक्षा में कुल पंजीकृत 126 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 120 परीक्षार्थी उपस्थित पाये गये। यहा पर साफ-सफाई का अभाव देखकर राज्य पर्यवेक्षक ने अपनी नाराजगी दिखायी, साथ ही यहां पर बने कन्ट्रोल रूम में जहा से सीसीटीवी की मॉनीटरिंग हो रही थी वहां पर कोई भी कार्मिक उपस्थिति नही था। जिस पर श्री ऐरी द्वारा सम्बन्धित परीक्षा केन्द्र के केन्द्र व्यवस्थापक वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक को निर्देशित किया गया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही अक्षम्य है। तत्पश्चात श्री ऐरी मसौली ब्लॉक के ही रफी मेमोरियलय इण्टर कालेज पहुँचे। जहां पर हाईस्कूल की संस्कृत एवं इण्टरमीडिएट की जीव विज्ञान एवं गणित की परीक्षाएं संचालित हो रही थी। यहा पर हाईस्कूल में कुल पंजीकृत 23 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 21 परीक्षार्थी उपस्थित पाये गये। इण्टरमीडिएट में जीव विज्ञान की परीक्षा में कुल पंजीकृत 79 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 67 परीक्षार्थी उपस्थित पाये गये। गणित की परीक्षा में कुल पंजीकृत 08 परीक्षार्थी उपस्थित पाये गये। यहां पर सीसीटीवी की मॉनीटरिंग हेतु लगाया गया स्क्रीन अत्यधिक छोटा था जिससे सही मॉनीटरिंग नही की जा सकती है। स्ट्रांग रूम की निगरानी तथा परीक्षा को निर्विघ्न संचालित कराने हेतु दो पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगायी गयी थी। परन्तु वहां पर एक सुरक्षाकर्मी ही उपलब्ध पाया गया। जिसपर श्री ऐरी द्वारा अत्यधित रोष व्यक्त करते हुए केन्द्र व्यवस्थापक को सभी प्रकार की कमियों का निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। अन्त में राज्य पर्यवेक्षक द्वारा तिलोकपुर स्थित बीएन शुक्ला इण्टर कालेज का निरीक्षण किया गया जिसमें सामान्यतः सभी चीजें सही पायी गयी। यहां पर हाईस्कूल में कुल पंजीकृत 10 परीक्षार्थियों के सापेक्ष सभी 10 परीक्षार्थी उपस्थित पाये गये। इण्टरमीडिएट में जीव विज्ञान की परीक्षा में कुल पंजीकृत 117 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 114 परीक्षार्थी उपस्थित पाये गये। गणित की परीक्षा में कुल पंजीकृत 06 परीक्षार्थी उपस्थित पाये गये।



## पुलिस की गोली से एक बदमाश घायल, दूसरा फरार, जेवरात बरामद

**जन एक्सप्रेस | बाराबंकी**

10 दिन पूर्व में हुई व्यापारी से लूट से संबंधित अभियुक्त से स्वाट सर्विलांस और पुलिस बल की हुई मुठभेड़ में एक अभियुक्त के लगीं गोली दूसरा अभियुक्त उसका साथी अंधेरे का फायदा प्रकार फरार हो गया। कोतवाली घुंघटेर क्षेत्र में बाबागंज टिकैतगंज रोड पर ग्राम पिडसवा के निकट स्वाट सर्विलांस टीम व कोतवाली घूघटेर की संयुक्त पुलिस टीम के साथ रविवार की रात में हुई मुठभेड़ के दौरान एक अभियुक्त के पैर में गोली लगने से सराफा व्यवसाई से लूट की वारदात को अंजाम देने वाला शातिर लुटेरा घायल हो गया। जब कि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाते हुए पुलिस को चकमा देकर बच निकला।

पुलिस ने घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। बदमाश के कब्जे से लूट के कुछ जेवरात मोटरसाइकिल तमंचा व कारतूस बरामद किया गया है। मुठभेड़ के मामले में जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक डॉ.अखिलेश नारायण सिंह ने बताया कि अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार की रात को स्वाट सर्विलांस तथा घूघटेर पुलिस की संयुक्त टीम ग्राम पिंडसवा के निकट बाबा गंज टिकैत गंज रोड़ पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध व्यक्ति टिकैत गंज की तरह से आते दिखाई दिये।

पुलिस टीम ने जब उन्हें रोकने का प्रयास किया तो बदमाश वाहन की गति तेज कर भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा पीछा करने पर गिरफ्तारी से बचने के लिए बदमाशो द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग करने लगे। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षा में फायरिंग में एक बदमाश के गोली लगने से घायल हो गया। तथा दूसरा साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

एएसपी ने बताया कि घायल अभियुक्त की पहचान शुभम तिवारी उर्फ शिवम तिवारी पुत्र सुशील तिवारी उर्फ सुनील तिवारी निवासी पिपरी मांझा थाना कटरा बाजार जनपद गोंडा के रूप में हुई

जिसे गिरफ्तार कर उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक आदत तमंचा में एक खोखा जिंदा कारतूस एक आदत बाइक व लुट से संबंधित जेवरात बरामद किए गए। अभियुक्त बीती 21 फरवरी को थाना घूमते क्षेत्र के अंतर्गत टिकरा मोड रामनगर के पास से आभूषण व्यापारी अंकुर सोनी सोनी पुत्र विजय सोनी निवासी टिकट गंज थाना कुर्सी से तमंचे के बल पर लूट किया था। जो इस संबंध में कोतवाली घूघटेर में लूट का मुकदमा पंजीकृत है।

### नही लागू होगी कोई नई परम्परा: जगत साई

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। जैदपुर।** रमज़ान के साथ रंगों का पर्व होली इस बार साथ में पड़ रही है। जिसके लिए जैदपुर थाना परिसर में शांति व्यवस्था की बैठक क्षेत्र के ग्राम प्रधान, वार्ड सभासद के साथ संभ्रांत नागरिक मौजूद थे। एसडीएम साईं जगत ने कहा कि सब लोग आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाए। कोई नई परज्परा नही लागू होगी। सीओ हर्षित चौहान ने कहा कि होली और रमज़ान के पर्व है। बाज़ार में बहुत भीड़भाड़ रहती है। इसलिए बाज़ार से लेकर मुख्य चौराहे से अतिक्रमण को हटाया जाए। कोई दुकानदार नाली के बाहर अतिक्रमण नही करेगा। दारू पीकर बाइक चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। और क्षेत्र में अगर कहीं कच्ची शराब बन रही है तो पुलिस की जानकारी में दें। महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष ध्यान दें। और होली में बगैर किसी की मर्जी से रंग लगाएं। थाना प्रभारी अमित प्रताप सिंह ने कहा कि जिस तरह से क्षेत्र के लोग आपस में शांति के साथ त्योहार मनाते आए हैं इसी तरह इस बार भी होली और पवित्र रमज़ान का त्योहार मनाए। जिससे जैदपुर कस्बे की पहचान रहे। इस अवसर पर अतिरिक्त थाना प्रभारी निर्मल सिंह, एसएसआई योगेंद्र मिश्रा, दरोगा हलीम बाबू, उपनिरीक्षक जय चन्द सिंह, कस्बा इंचार्ज विनय कुमार, राजस्व निरीक्षक सुनील कुमार शुक्ला, शिवनारायण सिंह वर्मा, कासिम सभासद सहित ग्राम प्रधान व नगर पंचायत के वार्ड सभासद उपस्थित थे।

## मुआवजा न मिलने से नाराज मृतक के परिजन धरने पर बैठे



**जन एक्सप्रेस | उन्नाव**

**नवाबगंज।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र स्थित एक सीमेंट फैक्ट्री में मजदूर की मौत के बाद मुआवजा न मिलने से नाराज परिजनों ने गेट पर हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस के सामने प्रबन्धन द्वारा मृतक की पत्नी के खाते में साढ़े छह लाख रुपए अगले दो दिनो में डलवाने के आश्वासन पर मामला शांत हुआ।

जानकारी अनुसार झारखंड प्रान्त के पनाम जिले के कालापहाड़ निवासी संजय पासवान पुत्र गुलाब पासवान अजगैन कोतवाली क्षेत्र के जैतीपुर मार्ग पर निर्माणाधीन अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री में मजदूरी करता था। 7 दिसम्बर को उसकी तबियत अचानक बिगड़ गई थी।

अन्य साथी उसका इलाज कराने के लिए अस्पताल लेकर गए थे लेकिन उसकी मौत हो गई थी। फैक्ट्री ठेकेदार ने उस समय मृतक के शव को घर भिजवा दिया था और मुवावजा देने की बात कही थी। लेकिन पैसा न मिलने पर झारखंड से उसकी पत्नी फैक्ट्री पहुंची और प्रबन्धतंत्र से पैसा देने की मांग की तो वह मुकर गए। जिसके बाद सोमवार को मृतक की पत्नी गुड्डी देवी अपने बच्चो काजल (15), शिवा (13) एवं बेटी कल्यानी (2) को लेकर फैक्ट्री पहुंची और फैक्ट्री गेट पर बैठ गई। आरोप लगाया

कि पति की मौत के बाद फैक्ट्री के ठेकेदार ने पचास हजार रुपये अंतिम संस्कार के लिए तुरंत दिए थे और 25 लाख रुपये मुवावजा देने की बात कही थी लेकिन 3 माह बीत जाने के बाद भी उसे पैसा नही दिया गया। इस बात से फैक्ट्री में काम करने जा रहे मजदूर आक्रोशित हो गए और गेट पर बैठ कर प्रदर्शन करने लगे तो प्रबन्धन ने पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह व चौकी इंचार्ज मुकुल दुबे ने फैक्ट्री प्रबन्धन के सुभाष कुमार से बात की तो 6 लाख 50 हजार रुपये मृतक की पत्नी को देने के लिए राजी हुए तब जाकर हंगामा शांत हुआ।

कोतवाल सुरेश सिंह ने बताया कि महिला और फक्ट्री प्रबन्धन में आपसी समझौता हो गया है। दो दिन में पैसा महिला के खाते में डाल दिया जाएगा।

## शुक्लागंज जावेद हबीब सैलून मे पुष्पा के अल्लू अर्जुन को देखने उमड़ी भीड़






**जन एक्सप्रेस | उन्नाव**

शुक्लागंज। सोमवार को शुक्लागंज स्थित जावेद हबीब सैलून पंहुँचे पुष्पा मूवी के सुपर स्टार अल्लू अर्जुन को देखते ही लोगों मे हड़कंप मच गया। पुष्पा मूवी से पूरे देश मे अपने पुष्पा के किरदार और फेमस डॉयलॉग झुकेगा नही साला से अपनी धमक मचाने वाले सुपर स्टार अल्लू अर्जुन को इतना नजदीक देख लोगों की खुशी का ठिकाना नही रहा। हालांकि कुछ समय बाद मालूम हुआ कि पुष्पा के अल्लू अर्जुन की हमशक्ल दिखने वाले से निशांत उर्फ दिल्ली वाले पुष्पा थे। इस दौरान लोगों ने हमशक्ल अल्लू अर्जुन से ऑटोग्राफ के साथ जमकर सेल्फी लेते हुए फेमस डॉयलॉग झुकेगा नही साला को बोलते दिखे। दरअसल पुष्पा मूवी के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की तरह दिखने वाले निशांत उर्फ दिल्ली के पुष्पा कानपुर के ग्रीन पार्क मे हो रहे केपीएल मे बतौर गेस्ट के रुप मे पहुंचे थे। जिसके बाद शुक्लागंज स्थित जावेद हबीब सैलून के संचालक अमित मिश्रा से भेंट करने पहुँचे। इस दौरान सैलून मे पुष्पा के गेटअप को लेकर अपनी हेयर स्टाइल और दाढ़ी को भी स्टाइल करवाई। मिडिया से हुई बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि पुष्पा मूवी के आने के बाद से ही लोग उन्हें पुष्पा-पुष्पा कहने लगे जिसके बाद जब पुष्पा-2 आई तो दिल्ली का पुष्पा नाम से फेमस हुआ। बताया कि यदि अल्लू अर्जुन के साथ उनकी हमशक्ल का काम करने का मौका मिला तो जरूर करूँगा इसके लिए उनसे मिलने को प्रयासरत हूँ। फिलहाल उनको हिंदी नही आती और मुझको तेलगु नही आती। जिसके बाद हमशक्ल पुष्पा ने पूष्पा मूवी के कई डॉयलॉग बोलते हुए लोगों का खूब मनोरंजन किया। इस दौरान संचालक रेनू मिश्रा, अमित मिश्रा, अंबुज त्रिपाठी, आशुतोष अवस्थी, विशाल गुप्ता, अश्वनी गुप्ता, लक्ष्य निगम, प्रखर पाण्डेय, विदित मिश्रा, आशुतोष बाजपेई, जगदीश दावरानी, सौरभ गुप्ता, रोहित कश्यप, साक्षी गुप्ता, साक्षी वर्मा, रश्मी सिंह, हिमांशी कश्यप, मो.करन, मो.सोनू सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## कुलदीप मिश्रा ने किया राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय का स्वागत



**जन एक्सप्रेस | बाराबंकी**

बाराबंकी चौपुला पर स्थित राष्ट्रीय महासचिव कुलदीप मिश्रा के विश्व हिन्दू रक्षा परिषद कार्यालय में मंगलवार को सैकड़ों लोगों ने सदस्यता ग्रहण की। इसके पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय के जनपद आगमन पर सफेदाबाद में छात्रसंघ जिलाध्यक्ष शुभम राय के नेतृत्व में हनुमान मंदिर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय एवं राष्ट्रीय महासचिव कुलदीप मिश्रा व शनि पीठाधीश्वर वाराणसी कन्हैया जी महाराज का जोरदार स्वागत किया गया। उसके पश्चात गायत्री मंदिर बाराबंकी के पास जिलाध्यक्ष राम गोपाल निगम द्वारा एव पटेल चौराहे पर सरदार बल्लभ भाई पटेल की मूर्ति पर माल्यार्पण के पश्चात सत्या पंडित द्वारा स्वागत किया गया। इसके बाद नाका चौराहे पर डा भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात रामनगर मोड़ पर गंगा इंफ्रा बिल्डर साइड पर युवा प्रदेश अध्यक्ष अजय प्रताप द्वारा जोरदार स्वागत कर सैकड़ो लोगो को सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर विश्व हिंदू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा हमारा परम कर्तव्य है, और इसके लिए हम पूरी निष्ठा से सक्रिय हैं। राय ने कहा कि बांग्लादेश और पाकिस्तान में हिंदुओं की घटती संख्या एक गंभीर चिंता का विषय है। भारत में भी कुछ शक्तियाँ हिंदुओं के विरुद्ध षड्यंत्र रच रही हैं।। यह समय है जब विष्वभर के हिंदुओं को संगठित होकर अपनी सुरक्षा स्वयं करनी होगी और समाज में जागरूकता फैलानी होगी। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आग्रह किया कि बांग्लादेश में प्रताड़ित हो रहे हिंदुओं के पक्ष में आवाज उठाई जाए। यह केवल एक धार्मिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और अस्तित्व की लड़ाई है, जिसे हमें हर हाल में जीतना है। इस मौके पर रोहित सिंह, सत्या पंडित, शाश्वत मिश्रा, शिवम सिंह राणा, नीरज सिंह सहित सैकड़ों युवा शामिल हुए।

## जयमाल के बाद लड़की ने शादी से किया इंकार, शिकायत

**जन एक्सप्रेस | बाराबंकी**

हैरान कर देने वाले एक मामले में दुल्हन जयमाल के बाद शादी से मुकर गई। दूल्हे की जेब में रखा चमड़े का टुकड़ा देख दुल्हन भड़क गई और शादी से इंकार कर दिया। जमकर बहस व विवाद के बाद मामला पुलिस के पास पहुंचा। आरोप प्रत्यारोप के बीच दोनों पक्ष का लेन देन वापस कराकर मामला शांत कराया गया। आखिर बिना दुल्हन के बारात बैरंग वापस लौट गई। जैदपुर थाना क्षेत्र के लोहारपुरा गांव से बारात सफदरगंज थाना क्षेत्र के उधौली गांव पहुंची थी। शादी की रस्मों के बीच जयमाल भी हो चुका था, तभी दुल्हन ने दूल्हे की जेब में चमड़े का टुकड़ा देखा। उसने तुरंत परिवार को जानकारी दी, इसके बाद लड़की पक्ष ने शादी से इनकार कर दिया। उनका कहना था कि दूल्हे की जेब में चमड़े का टुकड़ा उनके परंपरा के खिलाफ है और दोनों के देवी-देवता अलग हैं। वहीं, लड़के वालों ने सफाई देते हुए कहा कि यह चमड़े का टुकड़ा एक रस्म का हिस्सा था, जिसे भूलवश दूल्हे की जेब में रख दिया गया था। विवाद बढ़ा, तो लड़की पक्ष ने कहा कि वह खुद लड़के के घर जाकर देखेंगे कि उनके देवी-देवता कौन हैं। रात में कुछ पुरुष और महिलाएं लड़के के घर पहुंचीं, उन्होंने वहां की पूजा-पद्धति को देखा, लेकिन इसके बावजूद शादी से इनकार कर दिया। इस बात को लेकर दोनों पक्षों में जमकर विवाद हुआ। सभी अपना पक्ष रखते रहे। वर पक्ष ने कहा कि उन्होंने पहले ही सारी जानकारी कर ली गई थी दोनों पक्षों में किसी भी बात को लेकर कोई भी असहमति नहीं थी, लेकिन अब शादी तोड़ने के लिए इसे मुद्दा बनाया जा रहा है। वर पक्ष ने आरोप लगाया कि उनके गहने भी वापस नहीं किए जा रहे हैं। साथ ही लड़की वाले शादी का खर्च भी उन्हीं से मांग रहे हैं। यह मामला थाने पहुंचा और सब एक दूसरे पर आरोप लगाते रहे लेकिन प्रभारी निरीक्षक सुधीर सिंह की मौजूदगी में दोनों पक्षों से हुआ लेन देन वापस कराने के बाद इन्हे वापस भेज दिया गया। आखिरकार बिना दुल्हन के बारात को लौटना ही पड़ा।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव। नवाबगंज।** लखनऊ कानपुर रेलवे लाइन पर गुजर रही ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। रेलवे पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा अजगैन कोतवाली क्षेत्र के दिरगजखेड़ा गांव निवासी बउवा (40) पुत्र लालाराम ईंट भट्ठे की ट्रैक्टर ट्राली पर ईंट भरने व उतारने का काम करता था। रविवार की शाम को काम करके घर जा रहा था। अजगैन बाजार वाली क्रासिंग को पार करने के दौरान लखनऊ से कानपुर जा रही वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### खड़े ट्रक में दूसरे ट्रक ने मारी टक्कर, चालक घायल

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज। तालग्राम।** लखीमपुर खीरी के थाना मितौली के गांव ब्रह्मपुर निवासी ट्रक चालक रमेश चंद्र लखनऊ के मलिहाबाद से अमरूद की पौध लेकर उज्जैन लेकर जा रहे थे। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर तालग्राम के बनियानी गांव के पास भोर में चार बजे ट्रक खड़ा कर शौच करने लगा। तमिलनाडु के जिला तिरछी के थाना पाबटी के एन कर्मपट्टी निवासी अरविंद भी ट्रक लेकर लखनऊ से सिरसागंज जा रहा था। झपकी आने पर अरविंद का ट्रक आगे खड़े ट्रक से टकराया गया। हादसे में अरविंद घायल हो गया।

## राजा जयचंद के किले पर कब्जा, बना लिए सैकड़ों अवैध मकान




**जन एक्सप्रेस | कन्नौज**

राजा जयचंद के ऐतिहासिक किले की भूमि पर कब्जा कर लोगों के सैकड़ों मकान बन गए हैं। पिछले 14 साल से अवैध कब्जे हटाने की प्रक्रिया हर बार ठंडे बस्ते में चली जाती है। इसका कब्जेदार फायदा उठाकर उस पर निर्माण भी कर रहे हैं। यहां तक कि जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) ने भी कई प्रधानमंत्री आवास भी बनवा लिए हैं। राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) भी कुछ नहीं कर पा रहा है।

शहर के उत्तरी छोर पर राजा जयचंद का किला है, जो खंडहर होकर अब टीले में तब्दील हो चुका है। वर्ष 2010 में किले को संरक्षित करने के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के उपमंडल कार्यालय की स्थापना की गई। इसके बाद एएसआई ने वर्ष 2011 में किले की भूमि की पैमाइश कराई और उसका सीमांकन कर उसे संरक्षित कर दिया था। इसके बाद भी किले की संरक्षित भूमि पर लोगों के कब्जे का सिलसिला जारी रहा। कई लोगों ने मकान बना लिए और वह इसमें आराम से रह रहे हैं तो कई लोगों ने कुटीर उद्योग भी शुरू कर दिए हैं।

राजनीतिक हस्तक्षेप से एएसआई किले को कब्जामुक्त कराने में विफल रहा। इसके बाद दोबारा शिकायत की गई तो एक अगस्त 2017 को तत्कालीन एसडीएम सदर अरुण कुमार सिंह ने किले की भूमि की पैमाइश कराई। इसमें 14 एकड़ में किले की भूमि को माप कर कब्जेदारों को खाली करने का नोटिस भी दिया गया। पैमाइश में चार एकड़ भूमि पर अवैध कब्जा पाया गया था। एएसएआई ने उस पर कई जगह बेरिकेडिंग कर नोटिस बोर्ड भी लगाए। कब्जेदारों और अराजकतत्वों ने बेरिकेडिंग तोड़ दी और नोटिस बोर्ड भी गायब कर दिए। अब स्थिति यह है कि जिला नगरीय विकास अभिकरण के माध्यम से कई लोगों ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेकर इस अवैध कब्जे की भूमि पर मकान बना लिए हैं।

अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह का कहना है कि राजा जयचंद का किला संरक्षित स्मारक है। उसे कब्जामुक्त कराने के लिए राजस्व व पुलिस की एक संयुक्त टीम का गठन किया जाएगा और शासन के नियमानुसार कब्जामुक्त कराने के लिए अभियान चलाया जाएगा। जल्द ही एएसआई के अधिकारियों के साथ बैठक कर रणनीति तैयार की जाएगी।

### 84 अवैध कब्जेदारों को किया गया था चिह्नित

किले की संरक्षित भूमि के आसपास 550 परिवार रह रहे हैं, जिनमें अधिकांश मजदूर या छोटे कारोबारी हैं। प्रशासन ने जब किले की भूमि का सीमांकन किया था, तब 84 अवैध मकान मिले थे, जिन पर नोटिस भी चस्पा किया गया था। इसके बाद भी किसी ने कब्जा नहीं हटाया और राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण प्रशासन की कार्रवाई भी ठंडे बस्ते में चली गई। एएसआई भी इस मामले में अब तक कुछ नहीं कर पाई, जो मकान प्रधानमंत्री आवास योजना से बनाए गए हैं, वह भी प्रशासन नहीं हटवा सकता है क्योंकि वह मकान तो सरकार ने ही बनवाए हैं।

### एएसआई का हवाला देकर पालिका झाड़ लेती पल्ला

किला नगर पालिका के अंतर्गत आता है, जहां नगर पालिका के सफाई कर्मी जाते हैं तो पानी की भी सप्लाई है। पालिका इनसे हाउस टैक्स और वाटर टैक्स भी वसूल रही है। इस संबंध में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी श्यामेंद्र मोहन चौधरी का कहना है कि हाउस टैक्स या वॉटर टैक्स देने से मालिकाना हक नहीं हो जाता है। किले को कब्जामुक्त करने में एएसआई को पहल करना चाहिए, जिसमें पालिका पूरा सहयोग करेगी।

## जिला उद्योग बन्धु एवं व्यापार बन्धु समिति की बैठक हुई सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस | बस्ती**




सोमवार को मुख्य राजस्व अधिकारी कीर्ति प्रकाश भारती के अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट समाकर में जिला उद्योग बंधु एवम व्यापार बंधु समिति बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ। मुख्य राजस्व अधिकारी ने निवेशमित्र पोर्टल पर विभागवार लम्बित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों को समयान्तर्गत निस्तारित करें। उन्होने बैठक में उपस्थित उद्यमियों की समस्याओं को एक-एक करके गम्भीरतपूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, ऋण योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना, एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण सहायता, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, औद्योगिक इकाईयों की कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था पर विचार की समीक्षा करते हुए उन्होने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होने कहा कि बैठक में दिये गये निर्देशों का अधिकारीगण शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें।

व्यापार बंधु की बैठक में विभिन्न व्यापार संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा अपनी समस्या रखी गयी, जिस पर मुख्य राजस्व अधिकारी द्वारा संबधित विभागों को निर्देशित करते हुए समस्याओं के निराकरण हेतु उचित कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में व्यापारियों द्वारा जिलें में जलभराव, जर्जर सड़को व यातायात जाम तथा बंदरों की समस्या के संबध में मुख्य राजस्व अधिकारी को अवगत कराया गया, जिस पर उन्होने संबधित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग हरेन्द्र प्रताप एवं उपायुक्त राज्य कर उपेन्द्र यादव ने किया। इसमें प्रभारी सीडीओ राजेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह, एलडीएम आर.एन. मौर्या, एआरटीओ पंकज कुमार, महासचिव चेम्बर आफ कॉमर्स एण्ड इण्ड. एच.सी. शुक्ला एवं अध्यक्ष अशोक सिंह, इण्डस्ट्रियल डेवलपमेण्ट एसोसीएशन अनिल सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं उद्यमीगण तथा जिले के प्रमुख उद्योगपति, उद्योग व्यापार प्रतिनिधिगण सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### कूड़ा डालने के विवाद में चले लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज।** तालग्राम क्षेत्र के अमोलर निवासी संदेश शर्मा ने बताया कि वह सड़क किनारे गड्ढे में कई सालों से घूरा डाल रहे हैं। दो दिन पहले पड़ोसी ने कूड़ा डालने पर विवाद कर दिया और ईंट-पन्थर चले थे। इसमें चौकी पुलिस ने दोनों पक्षों में समझौता कराकर मामला शांत करा दिया था। रविवार सुबह जब वह कूडा डालने गए तो गांव के दो लोगों ने मना किया। विरोध करने पर आरोपियों ने साथियों के साथ मिलकर लाठी-डंडों से मारापीटा और ईंट-पन्थर चलाए। बचाने आए परिवार के राजीव को भी पीटा। मारपीट में दोनों लोग घायल हो गए। वहीं, दूसरे पक्ष के सुमित ने बताया कि कूड़ा डालने के विवाद आरोपियों ने उसे और भाई शोभित को मारपीट कर घायल कर दिया।

### औरंगजेब को 'अच्छा आदमी' बताने पर अबू आजमी पर भड़के एकनाथ शिंदे, कहा

# राजद्रोह का मुकदमा दर्ज हो

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता और विधायक अबू आजमी के औरंगजेब के बारे में दिए बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। शिंदे ने कहा, अबू आजमी का बयान गलत है और इसकी निंदा की जानी चाहिए। औरंगजेब ने छत्रपति संभाजी महाराज को 40 दिनों तक यातनाएं दी थीं। ऐसे व्यक्ति को अच्छा कहना सबसे बड़ा पाप है और इसलिए आजमी को माफी मांगनी चाहिए। हमारे मुख्यमंत्री ने इस मामले को गंभीरता से लिया है और उन पर राजद्रोह का मामला दर्ज किया जाना चाहिए।



#### पहले भी औरंगजेब का समर्थन कर चुके आजमी

अबू आजमी ने पहली बार औरंगजेब का समर्थन नहीं किया है, बल्कि पहले भी वह उनकी प्रशंसा करते रहे हैं। साल 2023 में उन्होंने ऐसा ही बयान दिया था, जिसके बाद उन्हें जान से मारने की धमकी मिली थी। उस समय में मुंबई के कोलाबा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी।

#### अबू आजमी ने औरंगजेब को बताया 'महान प्रशासक'

आजमी ने मुंबई में मीडिया से बात करते हुए कहा था, सारा गलत इतिहास दिखाया जा रहा है। औरंगजेब ने कई मंदिर बनवाए...औरंगजेब क्रूर नहीं था। एक समाचार चैनल के साथ इंटरव्यू में सपा नेता ने कहा था, मैंने औरंगजेब के बारे में जितना पढ़ा है, उसने कभी भी जनता का पैसा अपने लिए नहीं लिया, उसका शासन बर्मा (वर्तमान म्यांमार) तक फैला हुआ था, उस समय देश को सोने की चिड़िया कहा जाता था। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि वह एक महान प्रशासक थे, उसकी सेना में कई हिंदू कमांडर थे।

#### कहां से शुरू हुआ विवाद

यह ताजा विवाद मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज के सबसे बड़े बेटे छत्रपति संभाजी महाराज पर केंद्रित एक बॉलीवुड फिल्म छावा से पैदा हुआ है। इस फिल्म का निर्देशन लक्ष्मण उतेरकर ने किया है। इसमें संभाजी के जीवन, राज्याभिषेक और मुगल साम्राज्य, खासकर औरंगजेब के खिलाफ संघर्ष को दिखाया गया है। विकी कौशल ने फिल्म में संभाजी की भूमिका निभाई है, जबकि रश्मि मंदाना ने उनकी पत्नी येसुबाई भोंसले की भूमिका निभाई है।

#### मैंने हिंदू भाइयों के खिलाफ एक भी शब्द नहीं कहा: आजमी

वहीं, अपने बयान को लेकर विवादों में घिरने बाद आजमी ने कहा, उस समय राजा सत्ता और संपत्ति के लिए संघर्ष करते थे, लेकिन यह संघर्ष धार्मिक नहीं था। उसने (औरंगजेब ने) 52 साल तक शासन किया और अगर वह वाकई हिंदुओं को मुसलमान बना रहा था तो कल्पना कीजिए कि कितने हिंदुओं ने धर्म परिवर्तन किया होगा। अगर औरंगजेब रहमतुल्लाह ने मंदिर तोड़े थे तो उसने मस्जिदें भी तोड़ी थीं। अगर वह हिंदुओं के खिलाफ होता तो 34 फीसदी हिंदू उसके साथ नहीं होते और उसके सलाहकार हिंदू नहीं होते। इसे हिंदू-मुस्लिम कोण (एंगल) देने की कोई जरूरत नहीं है। यह देश संविधान से चलेगा और मैंने हिंदू भाइयों के खिलाफ एक भी शब्द नहीं कहा है।

#### आजमी के खिलाफ थाने पहुंचे शिवसेना सांसद म्हास्के

वहीं, शिवसेना सांसद नरेश म्हास्के ने वागले एस्टेट थाने पहुंचकर औरंगजेब के समर्थन में बयान देने को लेकर आजमी के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की। म्हास्के ने कहा, अबू आजमी के खिलाफ राजद्रोह का मामला दर्ज किया जाना चाहिए। उन्हें भारत में रहने का कोई अधिकार नहीं है। औरंगजेब ने हजारों हिंदू मंदिरों को नष्ट किया, महिलाओं को यातनाएं दीं, छत्रपति संभाजी महाराज को क्रूरता से प्रताड़ित किया, वह देश का विरोधी था, उसने हमारे देश को लूटा। हमारे नेता एकनाथ शिंदे ने आज सुबह ही मांग की थी कि उनके खिलाफ राजद्रोह का मामला दर्ज किया जाए। आज हम यहां उनके खिलाफ राजद्रोह का मामला दर्ज कराने आए हैं।

# भाजपा नेत्री पर लगा नौकरी के नाम पर धन वसूलने का आरोप

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद



भारतीय जनता पार्टी गाजियाबाद महानगर में सब कुछ अंदरखाने सही नहीं चल रहा है। महानगर अध्यक्ष के पद को शुरू हुई खेल के बीच एक वायरल ऑडियो ने पूरे जिले की राजनीति में भूचाल खड़ा कर दिया है। मामला भाजपा नेत्री से जुड़ा हुआ है। जिसमें उसके द्वारा नौकरी दिलवाने के नाम पर रकम वसूलने का मामला है। बड़े बड़े राजनीतिक और संगठन के नेताओं से नजदीकियों की गवाही फोटो से देने वाली महिला के तेज तर्राज तेवर अब नरम पड़े हुए हैं। मामले की शिकायत और ऑडियो पीड़ित द्वारा स्थानीय थाने में लिखित शिकायत भी कर दिया है। लेकिन सत्ता के रसूखदारों के नाम आने से पुलिस क्या कार्यवाही करती है यह वक्त बताएगा। भाजपा नेत्री के मामा ने अपनी ही रिश्ते में भांजी लगने वाली भाजपा नेत्री के खिलाफ शिकायत दिया है। शिकायत की माने तो भाजपा नेत्री के राजनीतिक संबंध भाजपा के क्षेत्रीय नेताओं और संगठन से जुड़े लोगों से होने का दावा किया और पुलिस विभाग में नौकरी लगवाने की बात कथित रूप से कही। जिसके लिए खर्च की बात तय हुई। शिकायतकर्ता की माने तो उसके द्वारा अपने जानने वाले तीन युवाओं भाजपा नेत्री से मिलवा दिया । जिसमें एक युवक से 3 लाख 5 हजार, दूसरे से 3 लाख और तीसरे युवक से 1 चेक लिया गया। उसके बाद नौकरी की बात लगातार चलती रही लेकिन जब रिजल्ट आया तो युवकों के नाम लिस्ट से नदारद मिले। उसके बाद शुरू हुई धन वापसी की कहानी जो बाद में धमकी और पैसे वापस नहीं करने तक आ गई। वायरल वीडियो में क्षेत्रीय नेता के नाम आने और तीन लाख वापसी करने की बात कही जा रही हो लेकिन आखिर लेने देने की बात हुई ही क्यों यह भी बड़ा प्रश्न है।

# महिला दिवस पर 'आधी आबादी' संभालेगी पीएम का सोशल मीडिया, जीवन यात्रा साझा करने की अपील



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

आठ मार्च के दिन अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दिन अपना सोशल मीडिया अकाउंट आधी आबादी को सौंपने का फैसला लिया है। उन्होंने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में लिखा, मैं नमो ऐप ओपन फोरम पर बहुत ही प्रेरणादायक जीवन यात्राएं साझा होते देख रहा हूं, जिसमें से कुछ महिलाओं को 8 मार्च को महिला दिवस पर मेरे डिजिटल सोशल मीडिया अकाउंट्स को संभालने के लिए चुना जाएगा। मैं ऐसी और भी जीवन यात्राएं साझा करने का अनुरोध करता हूं।

#### जीवन यात्रा साझा करने की अपील

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि नमो ऐप ओपन फोरम पर अनेक जीवन यात्राओं को साझा किया जाना प्रेरणा देने वाला है। उन्होंने कहा, 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कुछ चुनिंदा महिलाओं को एक दिन के लिए उनके डिजिटल सोशल मीडिया अकाउंट को संभालने का अवसर मिलेगा। उन्होंने देश की आधी आबादी से ऐसी और भी प्रेरणादायी जीवन यात्राओं को साझा करने का आग्रह किया।

#### महिला दिवस के लिए पीएम ने मन की बात में की घोषणा

इस संबंध में प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में कहा था कि अलग-अलग क्षेत्रों में सफलता हासिल करने वाली महिलाएं उनके सोशल मीडिया अकाउंट पर अपने काम और अनुभव के बारे में बात करेंगी। महिलाओं की बढ़ती भागीदारी की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने मुखर होने का आह्वान कर कहा था, आइए हम महिलाओं की अदम्य भावना का जश्न मनाएं और उनका सम्मान करें। प्रधानमंत्री ने 8 मार्च, 2020 को भी इसी तर्ज पर विभिन्न क्षेत्रों की सात अग्रणी महिलाओं को अपने सोशल मीडिया अकाउंट सौंपे थे। एक्स, यूट्यूब और इंस्टाग्राम सहित अन्य प्लेटफार्मों पर पीएम मोदी के लाखों फॉलोअर्स हैं। साथ ही वे सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले नेताओं में से एक हैं।

# पीएम की अध्यक्षता में राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की 7वीं बैठक

### नदी में डॉल्फिन की संख्या पर रिपोर्ट जारी





जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के गिर में राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की 7वीं बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान देश में पहली बार नदी में डॉल्फिन की संख्या का अनुमान लगाते हुए एक रिपोर्ट जारी की गई। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत की नदियों में कुल 6,327 डॉल्फिन होने का अनुमान है। प्रधानमंत्री ने जूनागढ़ में वन्यजीवों के लिए राष्ट्रीय रेफरल केंद्र की आधारशिला भी रखी। उन्होंने कोयंबटूर के एसएसीओएन में मानव-वन्यजीव संघर्ष से निपटने के लिए उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना का एलान भी किया। इस केंद्र की मदद से 2025 में आयोजित किए जाने वाले 16वें एशियाई शेरों की जनसंख्या का अनुमान लगाने में भी मदद मिलेगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश के गांधीसागर अभयारण्य और गुजरात के बन्नी घास के मैदानों में भी चीते को शामिल किया जाएगा। बैठक के संबंध में प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी बयान के मुताबिक वन्यजीव संरक्षण प्रयासों को मजबूत करते हुए प्रधानमंत्री ने घड़ियालों के लिए एक नई परियोजना और राष्ट्रीय ग्रेट इंडियन बस्टर्ड संरक्षण कार्य योजना शुरू किए जाने की घोषणा भी की।

# दूसरी श्वेत क्रांति की दिशा में बढ़ा देश

### बायोगैस का एनडीडीबी मॉडल 250 जिला सहकारी समितियों में होगा



- कम से कम 250 जिला डेयरी सहकारी समितियों में लागू करने की जरूरत है

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की भूमिका और आने वाले दिनों में बायोगैस उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एनडीडीबी गोबर के बायोगैस उत्पादन के तीन मॉडलों को अगले तीन साल में कम से कम 250 जिला डेयरी सहकारी समितियों में लागू करने की जरूरत है। शाह ने 15 राज्यों के बीच समझौते का जिक्र करते हुए कहा कि जकारियापुरा मॉडल, बनासकांठा मॉडल और वाराणसी मॉडल के आधार पर बायोगैस उत्पादन बढ़ाने का प्रयास किए जाने की दिशा में पहल होनी चाहिए। उन्होंने एनडीडीबी से डेयरी सहकारी नेटवर्क के बाहर के किसानों से भी गोबर इकट्ठा करने का आग्रह किया।

#### देश में दूसरी श्वेत क्रांति की शुरुआत

नई दिल्ली में डेयरी क्षेत्र में सस्टेनेबिलिटी और सर्कुलरिटी पर आयोजित कार्यशाला के उद्घाटन समारोह में केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा, खेती के अलावा किसानों के लिए आय के अतिरिक्त श्रोत के रूप में डेयरी उद्योग बेहद अहम है। उन्होंने कहा कि दूसरी श्वेत क्रांति की शुरुआत में स्थिरता और चक्रीयता पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है। डेयरी क्षेत्र में चक्रीयता केवल गोबर बायोगैस उत्पादन तक सीमित नहीं होनी चाहिए। इसमें डेयरी क्षेत्र की अर्थव्यवस्था के हर पहलू का उपयोग शामिल होना चाहिए।

#### विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी

शाह ने कहा, खेती से पलायन की समस्या से निपटने और और किसानों को बेहतर लाभ सुनिश्चित करने के लिए डेयरी से बेहतर कोई दूसरा क्षेत्र नहीं है। उन्होंने कहा कि इस पूरे क्षेत्र की क्षमता का दोहन करने से पांच ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था और विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी।

#### 15 राज्यों के डेयरी सहकारी संघ बायोगैस संयंत्रों की स्थापना पर सहमती

केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने डेयरी फार्मिंग में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार प्रथाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से व्यापक दिशानिर्देश जारी किए। उन्होंने एनडीडीबी और नाबार्ड की बड़े पैमाने पर बायोगैस परियोजनाओं और सस्टेन प्लस परियोजना के तहत नई वित्तपोषण पहल का भी एलान किया। सोमवार को हुए आयोजन में 15 राज्यों के डेयरी सहकारी संघों ने बायोगैस संयंत्रों की स्थापना के लिए एनडीडीबी के साथ समझौते पर हस्ताक्षर भी किए।

# सुप्रीम कोर्ट ने अमेरिकी मां के पक्ष में सुनाया फैसला, बीमार बेटे को साथ ले जाने की दी अनुमति

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने मानसिक रूप से बीमार एक व्यक्ति की देखभाल की जिम्मेदारी उसकी अमेरिकी मां को सौंप दी और अपने साथ अमेरिका ले जाने की अनुमति भी दे दी। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि पीड़ित व्यक्ति के हित में यही सही है क्योंकि वह स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने में असमर्थ है। जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि 22 वर्षीय व्यक्ति की मानसिक स्थिति आठ से 10 साल के बच्चे की जैसी है। पीठ ने व्यक्ति के पिता से कहा कि वह उसे अपनी मां के साथ अमेरिका लौटने से नहीं रोकें। वह सेरेब्रल पाल्सी नामक बीमारी से पीड़ित है। यह बीमारी से पीड़ित व्यक्ति की मांसपेशियां कमजोर हो जाती है वह चलने-फिरने में असमर्थ होता है और उसका मानसिक विकास भी नहीं हो पाता। पीठ ने यह फैसला मद्रास हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली मां शर्मिला वेलामुर की याचिका पर सुनाया। हाईकोर्ट ने कहा था कि पिता ने चेन्नई में बेटे को अवैध रूप से हिरासत में नहीं रखा है। वेलामुर ने दावा किया कि तलाक के बाद जबकि इडाहो में बेटे की मध्यस्थता और संरक्षकता की कार्यवाही लंबित थी, पिता बेटे के साथ अमेरिका से चेन्नई चले गए और उन्हें पता नहीं चल पाया। मद्रास उच्च न्यायालय ने बेटे से बातचीत की उससे कई सवाल पूछे और जवाबों के आधार पर यह निर्धारित किया कि उसे अवैध रूप से हिरासत में नहीं रखा गया। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि बेटे को बेंगलुरु में चिकित्सा मूल्यांकन से गुजरने का निर्देश दिया गया था, और विशेषज्ञों की रिपोर्ट से पता चला कि वह आठ से 10 साल के बच्चे के जैसा व्यवहार नहीं करता है और खुद से निर्णय लेने में असमर्थ है।न्यायालय ने रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा, हल्के बौद्धिक विकास संबंधी विकार और मस्तिष्क पक्षाघात के कारण उसकी गंभीर विकलांगता की श्रेणी में आती है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि उच्च न्यायालय का निर्णय ÷केवल...(पुत्र) के साथ कुछ मिनटों की मौखिक बातचीत पर आधारित था। हम यह मानने के लिए बाध्य हैं कि उच्च न्यायालय का निर्णय मामले की बारीकियों पर पूरी तरह विचार किए बिना जल्दबाजी में पारित किया।यदि उच्च न्यायालय को रिपोर्ट और उसके निष्कर्षों की विश्वसनीयता पर कोई संदेह था, तो उसे किसी प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान के माध्यम से जांच का आदेश देना चाहिए था। सुप्रीम कोर्ट ने वेलामुर को 15 दिनों के भीतर बेटे के साथ अमेरिका लौटने का निर्देश दिया। पिता को आदेश दिया गया कि वह उनकी वापसी में कोई बाधा न डालें।

# राजनीति: ट्रंप-जेलेंस्की की बहस पर जयशंकर बोले फिलहाल दुनिया सामान्य से कहीं अधिक दिलचस्प है

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी बेल्जियम की राजकुमारी एस्ट्रिड से मुलाकात की। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में इस मुलाकात को शानदार बताया और कहा कि उनकी यात्रा भारत-बेल्जियम और भारत-यूरोपीय संघ की मजबूत साझेदारी के लिए अधिक सहयोग को बढ़ावा देगी। विदेश मंत्री जयशंकर ने बेल्जियम के उपप्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री मैक्सिम प्रीवोट के साथ बैठक के दौरान सोमवार को कहा कि सेमीकंडक्टर, स्वच्छ ऊर्जा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जैसे क्षेत्रों में सहयोग के जरिये भारत और बेल्जियम के बीच %स्थिर% संबंधों के अधिक समकालीन स्वरूप में विकसित होने की संभावना है। बेल्जियम की राजकुमारी एस्ट्रिड की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय आर्थिक प्रतिनिधिमंडल के हिस्से के रूप में भारत का दौरा कर रहे हैं, जिसका उद्देश्य कई प्रमुख क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा देना है। दोनों देशों के विदेश मंत्रियों ने यूक्रेन की स्थिति सहित विभिन्न वैश्विक चुनौतियों पर चर्चा की। जयशंकर ने बैठक में अपने शुरुआती संबोधन में कहा, इस समय दुनिया सामान्य से कहीं अधिक दिलचस्प है। उनकी यह टिप्पणी पिछले हफ्ते व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके यूक्रेनी समकक्ष वोलोदिमीर जेलेंस्की के बीच जुबानी जंग के बाद यूक्रेन संघर्ष पर नये सिरे से ध्यान केंद्रित किए जाने के बीच आई है। विदेश मंत्री ने भारत-बेल्जियम संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की।

#### भारत-बेल्जियम ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रक्षा सहयोग बढ़ाने पर की बात

वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को नई दिल्ली में बेल्जियम की राजकुमारी एस्ट्रिड और रक्षा मंत्री थियो फ्रेंकेन के साथ एक बैठक की। इस दौरान दोनों पक्षों ने समुद्री क्षेत्र खासकर हिंद-प्रशांत में रक्षा संबंधों की संभावना पर चर्चा की। दोनों देशों ने रक्षा औद्योगिक सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर भी विचार-विमर्श किया। रक्षा मंत्रालय की तरफ से जारी एक बयान के मुताबिक, राजनाथ सिंह ने इस दौरान रक्षा क्षेत्र में बेल्जियम के निवेश का स्वागत किया। उन्होंने सुझाव दिया कि बेल्जियम की कंपनियां भारत में अपनी उपस्थिति का विस्तार कर और भारतीय विक्रेताओं को अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं में एकीकृत करके एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। दोनों देश ने एक संस्थागत रक्षा सहयोग तंत्र विकसित करने की संभावनाएं तलाशने पर भी सहमति जताई। राजकुमारी एस्ट्रिड इस समय एक आर्थिक मिशन पर भारत दौरे पर आई है, जिसमें शीर्ष मंत्री और व्यापारिक नेता शामिल हैं। पिछले कुछ वर्षों में भारत-बेल्जियम संबंधों में खासी प्रगति हुई है जो पारंपरिक रूप से व्यापार और निवेश पर केंद्रित रहे हैं। भारत बेल्जियम का 14वां सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य और बेल्जियम का 16वां सबसे बड़ा आयातक है।

# महाराष्ट्र: विधान परिषद की पांच रिक्त सीटों के लिए चुनाव की घोषणा, 27 मार्च को मतदान

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

मुंबई राज्य निर्वाचन आयोग ने महाराष्ट्र विधान परिषद की पांच रिक्त सीटों के लिए उपचुनाव की घोषणा कर दी है। इन सभी सीटों पर उपचुनाव विधानसभा चुनावों में पांच मौजूदा एमएलसी की जीत के कारण हो रहे हैं। राज्य विधान परिषद की पांच सीटों के लिए 27 मार्च को मतदान होगा और उसी दिन शाम तक नतीजे जारी कर दिए जाएंगे। विधानसभा में प्रवेश करने वाले एमएलसी में से तीन भाजपा से हैं। इसके अलावा एक शिवसेना और एक एनसीपी से हैं। तीनों दल सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के घटक हैं। भाजपा के पास 132 विधायक हैं, शिवसेना के पास 57 और एनसीपी के पास 41विधायक है। जिसके कारण निचले सदन में उनकी स्थिति मजबूत है। संख्याबल को देखते हुए ये माना जा रहा है कि, इन सभी पांचों सीटों पर महायुति गठबंधन आसानी से जीत हासिल कर लेगा। विधान परिषद के उप-चुनाव का कार्यक्रम अधिसूचना जारी होने की तिथि- 10 मार्च 2025 नामांकन की अंतिम तिथि 17 मार्च 2025।

# नेता प्रतिपक्ष को लेकर चर्चा तेज, शरद पवार की पार्टी बोली, रोटेशन आधार पर तीनों दलों को मिले मौका

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

मुंबई महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता (एलओपी) पद को लेकर महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के सहयोगी दलों के बीच चर्चा जारी है। हालांकि, अभी तक इस पद के लिए किसी ने औपचारिक रूप से दावा नहीं किया है, लेकिन एक प्रमुख घटक दल ने इस पद को बारी-बारी से कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के बीच घुमाने की मांग की है। राकांपा (शरदचंद्र पवार) के विधायक जितेंद्र आव्हाड ने सोमवार को कहा कि विपक्ष के नेता का पद 18-18 महीने के लिए रोटेशन आधार पर तीनों दलों को दिया जाना चाहिए। आव्हाड ने तर्क दिया कि ऐसा करने से हर पार्टी को विधानसभा में खुद का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा, हमें एक मजबूत विपक्ष के रूप में एकजुट रहना होगा। यहीं राकांपा (शरदचंद्र पवार) का रुख है। आव्हाड ने यह भी कहा कि



तीनों दलों के वरिष्ठ नेता इस पर बैठक करेंगे और फैसला लेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि शिवसेना (यूबीटी) को पहले इस पद के लिए अवसर मिलना चाहिए, जिसके पास बीस सीटें हैं। पिछले हफ्ते शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने कहा था कि उनकी पार्टी विधानसभा में विपक्ष के नेता के पद का दावा करेगी। विधानसभा में शिवसेना (यूबीटी) के 20 विधायक हैं, उसके बाद कांग्रेस (16 वर्षीय) और राकांपा (शरदचंद्र पवार) के 10 विधायक हैं। अब तक किसी भी पार्टी ने औपचारिक रूप से इस पद के लिए दावा नहीं किया है। शिवसेना (यूबीटी) विधायक भास्कर जाधव ने दावा किया, किसी विपक्षी दल को नेता प्रतिपक्ष पद का दावा करने के लिए कुल सीटों में से 10 फीसदी सीटों (जो 28 होती हैं) की जरूत होती है। लेकिन संविधान में ऐसा कोई कानून (कुल सीटों का 10 फीसदी तय करना) या प्रावधान नहीं है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (राज्य ब्यूरो प्रमुख- संतोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# गोरखपुर में रोहिंग्या ने कब्जाई करोड़ों की भूमि 55 पर मुकदमा, आरोप से मची सनसनी

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

गोरखपुर में करोड़ों की जमीन पर रोहिंग्याओं के कब्जे का मामला सामने आया है। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष और भाजपा नेत्री अनुपमा आर्या ने पुलिस को दी तहरीर में जमीन कब्जा करने वालों को रोहिंग्या बताया है। इस मामले में 5 नामजद और 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। स्थानीय लोगों में रोहिंग्याओं के कब्जे को लेकर आक्रोश है।

पिपराइच में करोड़ों की भूमि पर कब्जे को लेकर हुए विवाद में पांच नामजद व 50 अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज हुआ है। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष व भाजपा नेत्री अनुपमा आर्या ने पुलिस को दी तहरीर में जमीन कब्जा करने वालों को रोहिंग्या बताया है।

एसपी उत्तरी जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सोमवार को एसडीएम सदर व सीओ चौरी चौरा गांव में जाकर जांच करेंगे कि वहां रहने वाले लोग कौन हैं। उनके पास वैध दस्तावेज है या नहीं। अवैध कब्जे की पुष्टि होने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

नगर पंचायत के वार्ड नंबर चार गढ़वा चौक के पास स्थित 29 डिस्मिल भूमि की कीमत करोड़ों




में आंकी जा रही है। इस भूमि पर कब्जे को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। कुछ लोगों ने शनिवार को चहारदीवारी का निर्माण शुरू किया, तो पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष ने विरोध जताया। इस पर मारपीट हो गई। रोहिंग्या शरणार्थियों पर कब्जे का आरोप लगने के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है।

उनका कहना है कि बाहरी लोगों का भूमि पर कब्जा करना सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। भाजपा नेत्री अनुपमा आर्या ने रविवार को मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों से करने के साथ ही इंटरनेट मीडिया पर वीडियो संदेश प्रसारित किया।

उन्होंने स्थानीय नेताओं पर अवैध कब्जा करने वालों को सहयोग देने का आरोप लगाया। पिपराइच थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर मजीद, शहनवाज, रमजान, सोएब, पून्नू आदि व 50 अज्ञात रोहिंग्या के विरुद्ध भूमि कब्जा, जानलेवा हमला करने व धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया।

वहीं डुमरियागंज थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति पर धोखाधड़ी कर भूमि बेचने व अवैध कब्जे का विरोध करने पर मारपीट का है। पुलिस ने दोनों मामले में अलग-अलग मुकदमा दर्ज किया है। आरोपित का नाम शबरेज हसनैन उर्फ बिल्डर है। वह डुमरियागंज थाना क्षेत्र के भटगंवा का रहने वाला है।

हल्लौर निवासी तसकीन हैदर पुत्र स्व. शाहबाज हुसैन ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि कि ग्राम बनगवां के तीन गांटों में उनकी भूमि है। शबरेज हसनैन अपने साथियों संग गोल बंद होकर आए और भूमि पर कब्जा करने लगे।

उन्होंने विरोध किया तो बिल्डर ने अपने साथियों के साथ मिलकर उन्हें मारा पीटा। आसपास के लोगों के बीच बचाव पर उनकी जान बची। शबरेज उन्हें जान से मारने की धमकी देकर चला गया।

एक अन्य मामले में हल्लौर निवासी नकी हसन पुत्र अली हसन की तहरीर पर पुलिस ने शबरेज पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। इसमें कूटरचित दस्तावेज के आधार पर खतौनी में नाम न होते हुए भी अपने साथियों के नाम धोखाधड़ी से दो रजिस्टर्ड अनुबंध करवा कर स्वयं गवाह बनकर जमीन को बेच दिए जाने का आरोप है। कोतवाल एसएस तिवारी ने बताया की उपरोक्त दोनों मुकदमे दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# माह-ए-रमजान: सिर्फ रमजान नहीं...

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

रमजान में खजूर की अहमियत और जरूरत बढ़ जाती है। खजूर में प्राकृतिक शर्करा होने से यह ऊर्जा का एक अच्छा स्रोत है। वहीं फाइबर की भी अच्छी मात्रा होते से पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने में भी यह मदद करता है। इतना ही नहीं इसमें विटामिन ए, सी, ई, के और बी विटामिन के साथ-साथ पोटैशियम, मैग्नीशियम और आयरन जैसे मिनरल्स भी होते हैं।

माह-ए-रमजान शुरू हो चुका है। इस दौरान रोजा खोलने के लिए रोजेदार खजूर का इस्तेमाल 1400 सालों से करते आ रहे हैं। यह नबी मोहम्मद साहब की सुन्नत भी है। मगर, कोरोना का खौफनाक दौर बीतने के बाद अब इसका इस्तेमाल सिर्फ रोजा खोलने के लिए नहीं, बल्कि सेहत को बेहतर बनाए रखने के लिए किया जाने लगा है।

यही वजह है कि अब बजाए सिर्फ रमजान में इस्तेमाल होने के खजूर साल भर खाई जाने लगी है, जिससे इसकी खपत भी बढ़ गई है। मुस्लिम समुदाय ही नहीं बल्कि अब सभी समुदाय के लोग इसका इस्तेमाल करने लगे हैं। यही वजह है कि सिर्फ रमजान में करीब 20 टन खजूरें खा ली जा रही हैं।

रमजान में खजूर की अहमियत और जरूरत बढ़ जाती है। खजूर में प्राकृतिक शर्करा होने से यह ऊर्जा का एक अच्छा स्रोत है। वहीं फाइबर की भी अच्छी मात्रा होते से पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने में भी यह मदद करता है। इतना ही नहीं इसमें विटामिन ए, सी, ई, के और बी विटामिन के साथ-साथ पोटैशियम, मैग्नीशियम और आयरन जैसे मिनरल्स भी होते हैं।

ऐसे में लोगों को सिर्फ एक खजूर से ही काफी फायदा होने से इसका इस्तेमाल बढ़ गया है। खजूर के व्यापारियों की मानें तो गोरखपुर में करीब 12 थोक की दुकानें हैं। जहां अब पूरे साल खजूर की मांग रहती है। दुकानदारों की मानें तो रमजान में इसकी मांग आम महीनों के मुकाबले कई गुना बढ़ जाती है, जबकि रमजान के बाद एक महीने और बकरीद के दौरान दो-तीन महीनों में इनकी मांग आम महीनों की अपेक्षा कुछ कम हो जाती है।

खजूर का फायदा मालूम होने और सुन्नत अदा करने के लिहाज से पहले रोजेदार सिर्फ किसी भी खजूर से लोग काम चला लेते थे। मगर जब खजूर की मांग दिन ब दिन बढ़ने लगी तो व्यापारियों ने भी बाहर से उम्दा क्वालिटी की खजूरें मंगवानी शुरु कर दीं। क्वालिटी की बात करें तो गोरखपुर में विदेशी खजूर की भरमार है।

खासतौर पर सऊदी अरब और ईरान की खजूरें सबसे ज्यादा पसंद की जा रही हैं। वहीं अलजीरिया और ट्यूमिनिशिया की खजूरें भी बाजार में उपलब्ध हैं जो लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। ईरानी खजूर के दाम की शुरुआत 100 रुपए से होती है।

बाजार में कीमिया डेट्स (ईरान) 250-300 रुपया, डेट क्राउन (यूएई) 125-300 रुपया, सफीर (दुबई) 250- 300 रुपया, मरहबा (ईरानी) 100 रुपया, अल मदीना 130 रुपया, रॉयल 180 रुपया, गल्फ 130 रुपया, फैल्कॉन 150 रुपया, तैबा 160 रुपया, बूमान 150 रुपया में मिल जा रही हैं।

खजूर में शिफा हैं - कारी अनस

आलिम कारी मोहम्मद अनस कादरी ने बताया कि पैगंबरे इस्लाम हजरत मुहम्मद साहब को खजूर बेहद पसंद थी। इसमें बहुत शिफा है। खजूर से रोजा खोलना पैगंबरे इस्लाम की सुन्नत है।

# बड़हलगंज पुल: बचाव कार्य शुरू, एप्रोच और पिलर के पास गिरा बोल्डर- सरयू नदी की मुड़ी धारा ने बढ़ाया खतरा

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

फरवरी में सरयू नदी ने गोरखपुर-वाराणसी हाईवे पर बड़हलगंज के पास बने नए पुल के पास कटान शुरू कर दिया। पुल के छठवें पिलर के पास धारा दो हिस्से में बंटी और बीच में सिल्ट जमा होने लगा। सिल्ट से टकराने के बाद धारा चौथे-पांचवें पिलर के बीच आ गई। इससे पानी एप्रोच की तरफ बढ़ने लगा।

बड़हलगंज में सरयू नदी पर बने गोरखपुर-वाराणसी फोरलेन के पुल को सुरक्षित करने के लिए एनएचएआई की तरफ से बचाव कार्य शुरू करा दिए गए हैं। रविवार को पुल के एप्रोच के पास बोल्डर गिराने का काम शुरू हुआ। इसके साथ ही पिलरों के चारों तरफ भी बोल्डर का घेरा (एबाटमेंट) बनाया जाएगा। इसी सप्ताह सिंचाई विभाग को भी धारा सीधी करने का प्रस्ताव भेजा जाएगा।

सरयू नदी की धारा इस बार अपस्ट्रीम (गोरखपुर की तरफ) में कटान कर रही है। बीते दिसंबर में लिंक एक्सप्रेस-वे पर कम्हरियाघाट के पास कटान के चलते नदी सड़क के नजदीक पहुंच गई। इससे एक लेन धंसने लगा तो वहीं पुल की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई थी। इसकी वजह से सड़क पर आवागमन रोककर तत्काल बचाव कार्य शुरू कराया गया। वहां 200 करोड़ रुपये से धारा सीधी करने के साथ ही पुल के पास बोल्डर पिचिंग हो रहा है।

इसके बाद फरवरी में नदी ने गोरखपुर-वाराणसी हाईवे पर बड़हलगंज के पास बने नए पुल के पास कटान शुरू कर दिया। पुल के छठवें पिलर के पास धारा दो हिस्से में बंटी और बीच में सिल्ट जमा होने लगा। सिल्ट से टकराने के बाद धारा चौथे-पांचवें पिलर के बीच आ गई। इससे पानी एप्रोच की तरफ बढ़ने लगा।

आशंका जताई गई कि अगर बरसात में जलस्तर बढ़ा और यही हालात रहे तो पुल के एप्रोच पर खतरा बढ़ जाएगा, क्योंकि उसके पास बोल्डर पिचिंग नहीं है।

दिल्ली से आए एनएचएआई के विशेषज्ञों ने धारा मुड़ने से पुल को बचाने के लिए बोल्डर पिचिंग का सुझाव दिया है। इसके अलावा धारा को सीधी करने का प्रस्ताव है। धारा सीधा करने के लिए सिंचाई विभाग के बाढ़ खंड डिवीजन की मदद ली जाएगी। इससे पहले एनएचएआई की तरफ से पुल के एप्रोच व पिलर के पास बोल्डर पिचिंग का काम शुरू करा दिया गया है।

एनएचएआई के अफसरों ने बताया कि अभी जिन पिलर तक पानी नहीं पहुंचा है, वहां चारों तरफ से बोल्डर का घेरा (एबाटमेंट) बनाया जाएगा। इससे कटान होने पर भी पिलरों को किसी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचेगा। वहीं एप्रोच के चारों तरफ भी बोल्डर पिचिंग कराई जाएगी, ताकि बरसात में पुल की मजबूती बनी रहे। रविवार को एनएचएआई के परियोजना निदेशक के निर्देश पर बोल्डर पिचिंग का काम शुरू भी करा दिया गया।

# होली को लेकर अलर्ट पर जीआरपी, शुरू हुई बदमाशों की निगरानी

- छह माह में जेल भेजे गए 71 बदमाशों में 24 जमानत पर छूटे
- सत्यापन के लिए सिपाहियों की बनाई गई टीम, जाएंगे बदमाशों के घर

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

होली के मौके पर रेलवे स्टेशनों पर बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए जीआरपी ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। खासतौर पर चोरी और जहरखुरानी जैसी घटनाओं को रोकने के लिए जेल से छूटे अपराधियों की निगरानी शुरू कर दी है। पिछले छह महीनों में जीआरपी ने गोरखपुर और आसपास के रेलवे स्टेशनों से चोरी और जहरखुरानी के मामलों में शामिल 71 बदमाशों को गिरफ्तार किया था।

ट्रेनों व रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने तैयारी तेज कर दी है। होली के मौके पर रेलवे स्टेशनों पर भीड़ बढ़ने की संभावना को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। खासतौर पर चोरी और जहरखुरानी जैसी घटना को रोकने के लिए जेल से छूटे अपराधियों की निगरानी शुरू कर दी है।

पिछले छह महीनों में जीआरपी ने गोरखपुर और आसपास के रेलवे स्टेशनों से चोरी और जहरखुरानी के मामलों में शामिल 71 बदमाशों को गिरफ्तार किया था, जिनमें से 24 जमानत पर रिहा हो चुके हैं। इन अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए जीआरपी ने एक विशेष सत्यापन अभियान शुरू किया है।

चार सिपाहियों की एक टीम बनाई गई है, जो इन बदमाशों के घर जाकर उनकी मौजूदगी और गतिविधियों का सत्यापन कर रही है। यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए रेलवे स्टेशन पर सीसी कैमरे की मदद से निगरानी की जा रही है।

एसपी रेलवे संदीप कुमार मीना ने बताया कि होली के दौरान अपराधियों




की गतिविधियों को रोकने के लिए निगरानी बढ़ा दी गई है। स्टेशन परिसरों में अतिरिक्त पुलिस बलों को तैनात किया गया है और संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

वहीं बुलंदशहर में होली के त्योहार पर शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस ने कमर कस ली है। एसएसपी ने होली जलाने और रंग खेलने के दौरान पुलिस को कुछ निर्देश जारी किए हैं। इनको लेकर थाना प्रभारी और सीओ अपने थाने और सर्किल में संभ्रांत लोगों और व्यापारियों के साथ ही पुजारी और मस्जिदों के मौलवियों के साथ शांति समिति की बैठक करें।

एसएसपी के निर्देश पर सभी सीओ, सभी थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी अलर्ट हो गए हैं और अपने-अपने क्षेत्र के लोगों से संपर्क कर रहे हैं। होली को लेकर थाने और कोतवाली में पुलिस ने शांति समिति की बैठकें शुरू कर दी है। इसमें संभ्रांत व्यक्ति, व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारी, ज्वैलर्स, सभासद, मंदिरों के पुजारी, सभी मस्जिदों के मौलवी, शहर काजी को बुलाया जा रहा है। मीटिंग में उच्चाधिकारियों के निर्देश के पालन करने की अपील लोगों से की जा रही है।

एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि बिजली तारों के नीचे होलिका दहन नहीं होगा। होली पर शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। युवतियों और महिलाओं को जबरन रंग लगाने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। जुमे की नमाज के समय होली पर्व पर किसी भी प्रकार से किसी भी व्यक्ति के ऊपर रंग नहीं डाला जाएगा। ऐसा करने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। होली पर किसी भी प्रकार से कोई अश्लील या सांप्रदायिक गाना बजाने पर कार्रवाई होगी। डीजे मानक के अनुसार ही बजाया जाएगा। अत्यधिक तेज आवाज में डीजे बजाने वालों पर भी मुकदमा होगा। शराब पीकर उत्पात मचाने वाले और इंटरनेट मीडिया पर भ्रामक खबरें प्रकाशित करने पर भी मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# मुंबई से गोरखपुर आए विमान ने अचानक बदला रास्ता

- पायलट के अनस्टेबलाइज्ड स्टेप के चलते एटीसी ने नहीं दी लैंडिंग की अनुमति
- 8:07 बजे गोरखपुर आया, 50 मिनट बाद यात्रियों को लेकर मुंबई रवाना हुआ

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

तेज हवा और पायलट की अनस्टेबलाइज्ड एप्रोच के कारण मुंबई से गोरखपुर आ रहे इंडिगो विमान को लैंडिंग की अनुमति नहीं मिली। विमान ने शहर के चार चक्कर लगाए फिर वाराणसी डायवर्ट किया गया। वहां लैंडिंग के बाद रात 807 बजे गोरखपुर पहुंचा और 857 बजे मुंबई के लिए रवाना हुआ। इस देरी से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। एयरपोर्ट प्रशासन ने यात्रियों को भरोसा दिलाया और स्थिति संभाली। मुंबई से 225 यात्रियों को लेकर




रविवार को गोरखपुर पहुंचे विमान को शहर के चार चक्कर लगाने के बाद वाराणसी जाना पड़ा। ऐसा तेज हवा और पायलट के अनस्टेबलाइज्ड स्टेप (गलत एप्रोच) की वजह से हुआ। वाराणसी में लैंड करने के बाद रात 8:07 बजे विमान वापस गोरखपुर पहुंचा। यहां से रात 8:57 बजे 224 यात्रियों को लेकर विमान ने मुंबई के लिए उड़ान भरी।

इंडिगो के विमान सं.6ई544 को रविवार शाम अपने निर्धारित समय 5:35 बजे गोरखपुर पहुंचना था। विमान समय से गोरखपुर तो पहुंच गया, लेकिन विषम परिस्थिति को देखते हुए एटीसी ने लैंडिंग की अनुमति नहीं दी। इसके बाद विमान ने शहर के ऊपर चार चक्कर लगाए और एटीसी के निर्देशानुसार वाराणसी के लिए रवाना हो गया।

इस अप्रत्याशित घटनाक्रम से यात्रियों और उनके परिवारीजन में हड़कंप मच गया। इधर, मुंबई जाने के लिए अपराह्न तीन बजे से गोरखपुर एयरपोर्ट पर विमान का इंतजार कर रहे 224 यात्री भी परेशान हो गए। अफरा तफरी के बीच विमान रद होने को लेकर यात्री सशंकित हो गए और काउंटर पर पहुंच कर जानकारी लेने लगे। एयरपोर्ट प्रशासन ने यात्रियों को भरोसा दिलाया कि विमान रात आठ बजे तक वाराणसी से गोरखपुर लौट आएगा। रात 8:07 बजे जब विमान वाराणसी से गोरखपुर पहुंचा, तब जाकर एयरपोर्ट पर मौजूद यात्रियों ने राहत की सांस ली।

लैंडिंग के दौरान जब विमान सही ऊंचाई, गति और पथ (ग्लाइड पाथ) पर नहीं होता है, तो ऐसी स्थिति में लैंडिंग खतरनाक मानी जाती है। ऐसे में विमान के रनवे से बाहर जाने, हार्ड लैंडिंग या दुर्घटना होने का खतरा बढ़ जाता है। तकनीकी भाषा में इसे अनस्टेबलाइज्ड एप्रोच कहा जाता है। ऐसी परिस्थिति आने पर प्राय: पायलट को गो-अराउंड के निर्देश दिए जाते हैं।

# बेसिक शिक्षा विभाग के 50 हजार छात्र लापता, पता करने के लिए 2 दिन का समय

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

एक मार्च को रिपोर्ट की समीक्षा करने पर पिछले साल और इस वर्ष के छात्रों की संख्या में 50552 छात्रों का अंतर पाया गया है। इसके सापेक्ष अपार आईडी में भी 70 प्रतिशत का ही निर्माण हो पाया है।

बेसिक शिक्षा विभाग के रिकॉर्ड से 50 हजार छात्रों के नामांकन के बारे में जानकारी नही हैं। पिछले साल की अपेक्षा इस साल जिले में 50552 छात्रों की संख्या में अंतर पाया गया है। इसके बारे में विद्यालयों ने कोई जानकारी नहीं देने पर ऑनलाइन समीक्षा के दौरान महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने नाराजगी जताते हुए शिक्षा अधिकारी को कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

शिक्षा विभाग की तरफ से इस सत्र से छात्रों के लिए अपार आईडी को अनिवार्य कर दिया गया है। इसके माध्यम से छात्रों के शैक्षणिक रिकॉर्ड को ऑनलाइन ट्रैक किया जा सकता है। एक मार्च को रिपोर्ट की समीक्षा करने पर पिछले साल और इस वर्ष के छात्रों की संख्या में 50552 छात्रों का अंतर पाया गया है।

इसके सापेक्ष अपार आईडी में भी 70 प्रतिशत का ही निर्माण हो पाया है। इन गड़बड़ियों पर महानिदेशक स्कूल शिक्षा की नाराजगी के बाद बीएसए रमेंद्र कुमार सिंह ने संबंधित विद्यालयों को नामांकन में अंतर के कारणों और अपार जनरेट नहीं करने पर दो दिन के भीतर जानकारी देने का आदेश दिया है। जानकारी नहीं देने पर जिम्मेदारों पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

वहीं प्राथमिक शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र ओझा ने बताया कि छात्रों का अधिक संख्या में विद्यालय में नामांकन में अंतर होने का कारण डुप्लीकेट एंट्री, अपार जनरेट नही होने से विद्यालय छोड़ना है। कई विद्यालयों में अभिभावक नामांकन कराने के बाद बच्चों का प्रवेश दूसरे विद्यालयों में करा देते हैं।

विद्यालयों द्वारा बार- बार अभिभावकों को कहने के बाद भी ऐसे बच्चे विद्यालय नहीं आते हैं। इस कारण वे दूसरे विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे होते हैं। अपारआईडी बनने के बाद प्रवेश पारदर्शी हो गया है। सूत्रों के अनुसार डुप्लीकेट एंट्री एक ही छात्र का नाम कई स्कूलों में दर्ज होने से डुप्लीकेट प्रवेश के कारण संख्या में अंतर दिखाई दे रहा है। कई छात्र सरकारी स्कूलों में मिलने वाली सुविधाओं के नाम पर इसमें प्रवेश ले लेते थे, जबकि वे निजी स्कूलों में पढ़ाई करते हैं।

अपार आईडी बनने के बाद वे एक ही स्कूल में पढ़ सकते हैं। इस कारण उन छात्रों की संख्या में कमी आई है। वहीं कुछ छात्र अपार आइडी नही बनने और बीच में पढ़ाई छोड़ने, ड्रॉप आउट के कारण उनका रिकार्ड नही मिल रहा है।

# मेकअप कराने के दौरान युवती के चेहरे पर लगा काजल

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

रविवार अपराह्न तीन बजे दुल्हन के साथ घर की युवतियां और महिलाएं पीपीगंज मुख्य बाजार स्थित ब्यूटी पॉर्लर में मेकअप कराने पहुंचीं। इसी बीच मेकअप करा रही एक युवती के चेहरे पर काजल लग गया। इसपर वह आगबबूला हो गई और ब्यूटी पार्लर की वर्कर से विवाद शुरू कर दिया। नगर पंचायत के मुख्य बाजार स्थित ब्यूटी पॉर्लर में रविवार को मेकअप करा रही युवती का पार्लर में काम कर रही लड़की से विवाद हो गया।

आरोप है कि युवती चेहरे पर काजल लगने से नाराज हो गई। दोनों में बहस हुई तो युवती ने परिजनों को बुला लिया। इसके बाद परिजनों और पॉर्लर के लोगों में मारपीट हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराकर समझौता कराया। जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के एक गांव में रविवार के बरात आनी थी। रविवार अपराह्न तीन बजे दुल्हन के साथ घर की युवतियां और महिलाएं पीपीगंज मुख्य बाजार स्थित ब्यूटी पॉर्लर में मेकअप कराने पहुंचीं। इसी बीच मेकअप करा रही एक युवती के चेहरे पर काजल लग गया। इसपर वह आगबबूला हो गई और ब्यूटी पार्लर की वर्कर से विवाद शुरू कर दिया। युवती ने तुरंत अपने भाई को फोन कर बुला लिया। इसके बाद दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए और मारपीट शुरू कर दी। इधर, ब्यूटी पॉर्लर के लोगों ने आरोप लगाया कि दूसरे पक्ष ने दुकान का शीशा और कई सामान तोड़ दिया। वहीं, दूसरे पक्ष की महिलाओं ने आरोप लगाया है कि ब्यूटी पॉर्लर वाले कर्मचारी और लड़कियों ने मारपीट की।

# हीरक जयंती: 'न दहेज लेंगे, न देंगे...नशे से खुद को रखेंगे दूर', राज्यपाल ने दी बड़ी सीख

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

कुलाधिपति ने कहा कि रोड पर साइकिल या कोई गाड़ी कैसे चलानी चाहिए। युवा रील बनाकर डाल रहे इसमें कई लोग मर गए। स्कूटर पर चलते हुए रील बनाते हैं, फिर कोई गाड़ी टकराते ही शव यात्रा निकलती है। रोड पर हमें किस तरह चलना चाहिए इसके बारे में समझना पड़ेगा। सीख देते हुए कहा विद्यार्थी प्रतिज्ञा लें कि हम दहेज न लेंगे और न देंगें। नशा न करें।

गोरखपुर विश्वविद्यालय के हीरक जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने कहा कि दो बच्चों ने स्टेज पर जो प्रस्तुति दी, हम सब यही चाहते हैं की शिक्षा के क्षेत्र से ऐसे बच्चे निकले जो देश का नेतृत्व करें।

स्वामी विवेकानंद ने कहा था मुझे 100 युवा दीजिये मैं देश में परिवर्तन लाऊंगा। कुशीनगर, देवरिया और गोरखपुर में जिस तरह प्रतियोगिताओं हुई वो देखकर खुशी हुई। चार लोग आए, भाषण दें और फोटो खिचवाएं तो उसका महत्व नहीं। आंगनबाड़ी से जुड़ी गतिविधियां बढ़ेंगी तो देश आगे बढ़ेगा।

यूनिवर्सिटी में गोल्ड मेडल देने आती हूं तो इतना उत्साह नहीं होता। आज बच्चों ने गोल्ड मेडल लेना सीख लिया। जब आयोजन या चहल पहल शुरू होती है तब बच्चें घर, खेत रोड पर प्रैक्टिस शुरू कर देते हैं। ऐसी प्रतियोगिताएं ही बच्चों को निखरती हैं। भाषण में विषय ऐसा होना चाहिए जो समाज की समस्याओं को उभारें। जब ये सुनेंगे तो उसपे विचार करेंगे। लेखन में अलग अलग विषय होना चाहिए। काव्य लेखन, एक बच्चे ने शिक्षक पर शानदार प्रस्तुति दी। उसने शिक्षक का महत्व बताया जो शिक्षकों




ने भी नहीं सोचा होगा। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आठ को है। आज हर क्षेत्र में महिलाएं काम कर रही हैं।

एक समय था जब हमारी तीन महिलाएं वर्ल्ड टूर पर निकली हैं जो 15 देशों का भ्रमण कर आयेंगी। राजभवन में मिलने आईं तो बताया कि वे अलग अलग देशों में महिलाओं की स्थिति पर स्टडी करती हैं। उन्होंने अलग अलग देशों का उदाहरण दिया। बताया कि महिलाएं केवल किचन तक सीमित हैं।

किचन के पास कमरे बने हैं, जहां वे खाना बनाती और फिर वहीं बैठ जाती हैं। तब पता चला कि अपने देश की स्थिति काफी अच्छी है। 50 साल से महिलाओं की स्थिति को लेकर काम कर रही हूं। पढ़ती थी तब साथ में कोई लड़की नहीं थी। आज कॉलेज में बेटियों की संख्या ज्यादा है।

आने वाले समय में 80 प्रतिशत महिलाएं ही होंगी। आज बेटियों ने ज्यादा पुरस्कार जीते हैं। 20 साल बाद पुरुषों के लिए योजनाएं बनानी पड़ेंगी कि वो कैसे आगे बढ़ें। सोचना तो अब पुरुषों को पड़ेगा। कोई भी संस्थान हो इसमें समाज को शामिल करना चाहिए। कई प्रकार के अनुभव लोगों के पास हैं। यूनिवर्सिटी को 75 साल हो गए हैं। महिला या पुरुष 75 साल बाद चल नहीं पाते, रोग से ग्रसित हो जाते हैं। यूनिवर्सिटी को अब युवानी आई है। देश को विकसित भारत बनाने वाले यही युवा हैं। पीएम का सपना है जब हम आजादी का 100 वर्ष मनाएंगे तब खुद को विश्व के सामने विकसित के रूप में प्रस्तुत करेंगे। हम सभी कमियों को दूर करेंगे।

बच्चों के सभी भाषण को मिलाकर एक किताब बनाएं। उसमें फोटो लगाएं। छोटी सी किताब बनाकर स्कूल में रखें। कॉलेज वाले समझ गए कि नैक में जाने के लिए डॉक्यूमेंट की जरूरत रहती है। पेंटिंग हो या वाद विवाद उसकी भी बुक होनी चाहिए। अधिकारियों से साइकिल यात्रा के बारे में बात कि तो उनको बताया कि बच्चे 150 किमी तक हर चीज को देखते जाएं।

1992 को याद करते हुए अपना अनुभव साझा किया और कहा, जब पाकिस्तान के आतंकियों ने देश के नेतृत्व को कहा कि श्रीनगर के लाल चौक पर अपना राष्ट्र ध्वज फहराएं। उस समय स्थिति ऐसी थी कि महिलाएं सुरक्षित नहीं थी। उस समय अटल जी ने चैलेंज स्वीकर किया। कहा कि 26 जनवरी को सुबह 9 बजे ध्वज फहराएंगे।

देश की यात्रा से होकर वहाँ सब पहुंचे। ये पूरा आयोजन नरेंद्र मोदी ने किया। 250 कार्यकर्ता अटल विहारी वाजपेई के साथ पहुंच कर राष्ट्र ध्वज फहराया। उस समय गुजरात से इकलौती महिला थी। आज कश्मीर की स्थिति अलग है। परिवर्तन राष्ट्रवादी युवा की कर सकते हैं। देश को संभालने का काम ऐसे ही लोग कर सकते हैं।

साइकिल यात्रा की बात आई तो उसकी सुरक्षा की बात आई। रोड पर साइकिल या कोई गाड़ी कैसे चलानी चाहिए। युवा रील बनाकर डाल रहे इसमें कई लोग मर गए। स्कूटर पर चलते हुए रील बनाते हैं, फिर कोई गाड़ी टकराते ही शव यात्रा निकलती है।